वर्ष- 11 अंक-301
लखनऊ, शुक्रवार 21 जून, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

नदियों, जलस्रोतों, प्राकृतिक धरोहरों को बचाना होगा : जयवीर 03
संवेदनशीलता-समावेशिता हमारी संस्कृति : राष्ट्रपति 12

जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को सिखाया जाएगा सबक : मोदी

एजेंसी, जम्मू।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कश्मीर में कहा कि जम्मू-कश्मीर में आज सही मायने में भारत का संविधान लागू हुआ है और सबको बांटने वाली आर्टिकल-370 की दीवार अब गिर चुकी है। इसके चलते ही क्षेत्र की हमारी बेटियों और कमजोर वर्ग के लोगों को उनके अधिकारों से वंचित रखा गया।

हाल ही की आतंकी घटनाओं को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य की जनता को आश्वासन दिया कि जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को सबक सिखाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि अमन और इंसानियत के दुश्मनों को जम्मू-कश्मीर की तरक्की पसंद नहीं है। आज वो आखिरी कोशिश कर रहे हैं कि जम्मू-कश्मीर का विकास रुक सके। हाल ही में जो आतंकी वारदातें हुईं हैं, उन्हें सरकार ने बहुत गंभीरता से लिया है।

संबोधन

- आखिरी कोशिशें कर रहा आतंकवाद
- अमन और इंसानियत के दुश्मनों को जम्मू-कश्मीर की तरक्की पसंद नहीं
- सबको बांटने वाली आर्टिकल-370 की दीवार अब गिर चुकी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जम्मू-कश्मीर के दो दिवसीय दौरे पर हैं। वे आज श्रीनगर में शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर (एसकेआईसीसी) में 'एम्पॉवरिंग यूथ, ट्रान्सफार्मिंग जे एंड के' (युवाओं को सशक्त बनाना, जम्मू-कश्मीर में बदलाव लाना) विषयक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर में बढ़ चढ़कर हुए मतदान को जम्हूरियत की जीत बताया और कहा कि अब भारत स्थिर सरकार के नए दौर में प्रवेश कर चुका है। इससे हमारा लोकतंत्र और मजबूत हुआ है और इस लोकतंत्र की मजबूती में जम्मू-कश्मीर की अवाम की बहुत बड़ी भूमिका रही है। अटल जी ने जो इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत का विजन दिया था। उसे आज हम हकीकत में बदलते देख रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर में हो रहे विकास कार्यों को राज्य के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर में विकास के हर मोर्चे पर बड़े पैमाने पर काम हो रहा है। पीएम ग्रामीण सड़क योजना के तहत यहां हजारों किलोमीटर नई सड़कें बनी हैं। कश्मीर घाटी रेल कनेक्टिविटी से भी जुड़ रही है। चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे बड़े रेलवे ब्रिज की तस्वीरें देखकर तो हर भारतवासी गर्व से भर उठता है। प्रधानमंत्री ने पर्यटन और खेल के क्षेत्र में जम्मू-कश्मीर की आपार संभावनाओं की बात करते हुए कहा कि आज जम्मू-कश्मीर के हर जिले में खेल का बुनियादी ढांचा तैयार किया जा रहा है। खेलो इंडिया के करीब 100 केंद्र बनाए जा रहे हैं। पिछले साल 2 करोड़ से ज्यादा टूरिस्ट जम्मू-कश्मीर में आए। इससे स्थानीय लोगों के रोजगार में तेजी आती है, रोजगार बढ़ता है, आय बढ़ती है।

जम्मू कश्मीर को 3300 करोड़ रुपये का तोहफा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को श्रीनगर के दौरे पर पहुंचने के बाद युवाओं का सशक्तिकरण, जम्मू-कश्मीर में बदलाव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान जम्मू कश्मीर को करीब 3300 करोड़ रुपये का तोहफा दिया। साथ ही शासकीय सेवाओं के लिए 2000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपे। उन्होंने कहा कि मैं कल श्रीनगर के एसकेआईसीसी में योग दिवस के मुख्य समारोह में भाग लूंगा। मोदी ने अपने संबोधन के दौरान बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि वो दिन भी जल्द आएगा जब जम्मू कश्मीर राज्य के रूप में अपना भविष्य और उज्ज्वल बनाएगा। जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए तैयारियां हो रही हैं। जल्द यहां के लोग अपनी सरकार चुनेंगे। मोदी ने कहा कि सबको बांटने वाले अनुच्छेद-370 की दीवार गिर चुकी है। अब सही मायने में जम्मू कश्मीर में भारत का संविधान लागू हुआ है और जिन्होंने इसे अब तक लागू नहीं किया है वो इसके दोषी हैं। आज लाल चौक में शाम तक रौनक रहती है। अब डल झील के किनारे स्पोर्ट्स कारों का शो हुआ, जिसे पूरी दुनिया ने देखा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर के साथ उनका अटूट रिश्ता है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने उनकी सरकार को तीसरी बार सेवा का अवसर दिया है।

नीट अनियमितता की सीबीआई जांच पर विचार : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी, नई दिल्ली।

उच्चतम न्यायालय ने एक बार फिर गुरुवार को कहा कि पांच मई को हुई राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी) 2024 में अनियमितता के आरोपों की केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की मांग वाली याचिकाओं पर वह विचार करेगा, लेकिन मेडिकल की स्नातक कोर्स में दाखिले के लिए छह जुलाई से प्रस्तावित काउंसलिंग पर इस स्तर पर रोक नहीं लगाएगा।

शीर्ष अदालत ने नीट यूजी 2024 विवाद से संबंधित विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित कार्यवाहियों पर रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि केंद्र सरकार और परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) का पक्ष जानने के बाद अदालत आगे कोई फैसला लेगी।

काउंसलिंग पर रोक नहीं

पीठ ने कहा कि केंद्र सरकार और एनटीए को आठ जुलाई को याचिकाओं पर जवाब देने दें।

शीर्ष अदालत ने नीट विवाद से संबंधित तमाम याचिकाओं पर अगली सुनवाई के लिए आठ जुलाई की तारीख मुकर्रर की है।

संक्षिप्त समाचार

पूर्व भारतीय क्रिकेटर डेविड जॉनसन की बालकनी से गिरने से मौत

एजेंसी, बेंगलुरु। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज और कर्नाटक के रणजी खिलाड़ी डेविड जॉनसन की गुरुवार को अपने अपार्टमेंट की चौथी मंजिल की बालकनी से गिरने से मौत हो गई। वह 52 वर्ष के थे। पूर्व क्रिकेटर के परिवार में पत्नी और दो बच्चे है।

राष्ट्रपति ने भर्तृहरि को नियुक्त किया लोकसभा का प्रोटेम स्पीकर

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उड़ीसा से भारतीय जनता पार्टी के सांसद भर्तृहरि महताब को लोकसभा का प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया है। प्रोटेम यानी अस्थाई स्पीकर नई लोकसभा चुने जाने पर सभी सांसदों को सदस्यता की शपथ दिलाते हैं। कांग्रेस पार्टी ने महताब को प्रोटेम स्पीकर बनाने पर आपत्ति जताई है। पार्टी नेता जयराम रमेश का कहना है कि यह पद सबसे वरिष्ठ सदस्य को दिया जाता है। आठ बार के दो सांसद होने के बावजूद सातवीं बार लोकसभा के लिए चुने गए महताब को सरकार द्वारा क्यों चुना गया है। उल्लेखनीय है कि संसद का आगामी सत्र 24 जून से शुरू होकर 3 जुलाई तक चलेगा।

आर्थोपेडिशियन एलोपैथी के 22 पदों का परिणाम घोषित

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज ने गुरुवार को एलोपैथी के चिकित्साधिकारी ग्रेड-2 आर्थोपेडिशियन के रिक्त 22 पदों का परिणाम घोषित कर दिया है। रिजल्ट अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट पर देख सकते हैं। आयोग के उप सचिव विवेक कुमार श्रीवास्तव ने बताया है कि चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उप्र (एलोपैथी) के अंतर्गत आर्थोपेडिशियन के कुल 22 पदों के लिए साक्षात्कार बीते 10 व 11 जून को सम्पन्न हुआ था। जिसके आधार पर आयोग ने 22 अभ्यर्थियों को श्रेष्ठता के क्रमानुसार सफल घोषित किया है।

माफिया अशरफ की फरार पत्नी और साले की अवैध इमारत पर चला बुल्डोजर

प्रयागराज। लोक सभा चुनाव के बाद यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बुल्डोजर माफियाओं के खिलाफ फिर गरजना शुरू हो गया है। प्रयागराज में माफिया अतीक के भाई अशरफ की फरार पत्नी जैनब फातिमा और साले जैद का वक्फ बोर्ड की संपत्ति पर अवैध कब्जा कर बनाया गया आलिशान मकान गुरुवार को जमीदोंज कर दिया गया। प्रयागराज विकास प्राधिकरण और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने इस ध्वस्तीकरण को अंजाम दिया। प्रयागराज विकास प्राधिकरण के अवर अभियंता आई ए हाशमी बताते हैं कि ये दोनो इमारतें वक्फ बोर्ड की संपत्ति पर अवैध कब्जा कर बनाई गई थी। जिन अवैध इमारतों का ध्वस्तीकरण किया उसकी कीमत करीब 5 करोड़ रुपए बताई जा रही है।

फैमिली आईडी बनेगी हर परिवार की जरूरत पूरा करने का माध्यम : योगी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश की प्रत्येक परिवार इकाई को जारी की जा रही परिवार आईडी प्रक्रिया की मौजूदा स्थिति की समीक्षा की और योजना का लाभ सभी परिवारों को उपलब्ध कराए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

श्री योगी ने कहा कि हर परिवार को सरकार की योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने तथा प्रत्येक परिवार के न्यूनतम एक सदस्य को रोजगार-सेवायोजन से जोड़ने के संकल्प के क्रम में प्रदेश मे परिवार आईडी जारी की जा रही है।

सं

- सीएम योगी ने की फैमिली आईडी योजना के प्रगति की समीक्षा, अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

वर्तमान में उत्तर प्रदेश में निवासरत लगभग 3.60 करोड़ परिवार के 15.07 करोड़ लोग राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ पा रहे हैं। इन परिवारों की राशनकार्ड संख्या ही फैमिली आईडी है। जबकि 01 लाख से अधिक गैर राशन कार्ड धारकों को फैमिली आईडी जारी की जा चुकी है।

25 करोड़ जनता को मिलना चाहिए लाभ

सीएम ने कहा कि ऐसे परिवार जो कि राशन कार्ड धारक नहीं है, उनके लिए प्रदेश सरकार की वेबसाइट फैमलीआईडी पर पंजीयन कर परिवार आईडी प्राप्त करने की व्यवस्था है। इस योजना का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार किया जाए। प्रदेश का कोई भी परिवार इससे वंचित न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक परिवार-एक पहचान योजना के तहत प्रत्येक परिवार को एक विशिष्ट पहचान जारी किया जा रहा है, जिससे राज्य की परिवार इकाइयों का एक लाइव व्यापक डेटाबेस स्थापित होगा। यह डेटाबेस लाभार्थीपरक योजनाओं के बेहतर प्रबंधन, समयबद्ध लक्ष्यीकरण, पारदर्शी संचालन एवं योजना का शत-प्रतिशत लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने और आम जनता को सरकारी सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराने की व्यवस्था के सरलीकरण में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि परिवार आईडी प्रदेश के सभी परिवारों के लिए है। 25 करोड़ जनता को इसका लाभ मिलना चाहिए। परिवार आईडी के माध्यम से प्राप्त एकीकृत डेटाबेस के आधार पर रोजगार से वंचित परिवारों का चिन्हांकन कर उन्हें रोजगार के समुचित अवसर प्राथमिकता पर उपलब्ध कराए जा सकेंगे। श्री योगी ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार संचालित 76 योजनाओं/सेवाओं को फैमिली आईडी से लिंक किया जा चुका है।

अरविंद केजरीवाल को जमानत

राहत

- ईडी की स्टे वाली डिमांड खारिज

एजेंसी, नई दिल्ली।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने कथित शराब घोटाले मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में जमानत दे दी है। केजरीवाल के अधिवक्ता विवेक जैन ने जमानत दिए जाने की पुष्टि की है।

आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने पर कहा कि सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं।

आप ने श्री केजरीवाल को जमानत मिलने पर एक्स पर कहा कि सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं। भाजपा की ईडी की तमाम आपत्तियों को ख़ारिज करते हुए न्यायालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत दे दी है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि अदालत पर भरोसा है। केज़रीवाल को जमानत। सत्य की जीत। उल्लेखनीय है कि कथित शराब घोटाला मामले में दिल्ली एक अदालत ने गुरुवार को श्री केजरीवाल को जमानत दी है।

बोर्ड परीक्षाओं के 1885 मेधावियों को मिलेंगे एक एक लाख रुपये

समृद्धि न्यूज, लखनऊ। 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में राज्य व जिले की टॉप टेन सूची में स्थान पाने वाले 1885 मेधावियों को एक-एक लाख रुपये, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। यूपी बोर्ड, संस्कृत शिक्षा परिषद, सीबीएसई और सीआईएससीई की परीक्षा में प्रदेश में टॉप टेन सूची में स्थान पाने वाले होनहारों को सम्मानित किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव ने जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि मेरिट लिस्ट में शामिल छात्र-छात्राओं के बैंक खाते का विवरण साक्ष्य के साथ संबंधित स्कूल से प्राप्त कर लें ताकि उनके खाते में पुरस्कार राशि भेजी जा सके। सभी दस्तावेज जांच लें। सम्मान समारोह के आयोजन की तिथि बाद में सूचित की जाएगी।

विश्व के सबसे ऊंचे चिनाब रेल पुल पर दौड़ी रेलगाड़ी



एजेंसी, नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने जम्मू-कश्मीर में कश्मीर घाटी को शेष भारत से रेललिंक से जोड़ने की दिशा में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की और संगलदान से रियासी तक करीब 46 किलोमीटर के खंड पर मेमू ट्रेन का पहली बार सफल परीक्षण किया जिसमें दुनिया का सबसे ऊंचा चिनाब रेल पुल शामिल है। रेलवे बोर्ड, उत्तर रेलवे और कोंकण रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा चिनाब पुल के व्यापक निरीक्षण के बाद, आज एक आठ कोच वाले मेमू ट्रेन का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। रामबन जिले के संगलदान और रियासी के बीच 46 किलोमीटर की विद्युतीकृत लाइन खंड पर मेमू ट्रेन 40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से गुजरी।

सरकारी कर्मचारियों के लिए नई गाइड लाइन जारी

मीडिया में जो भी बोलना है पहले उसकी सरकारी मंजूरी होगी लेनी

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों के लिए योगी सरकार ने नई गाइडलाइन जारी की है। इन आदेशों की अवहेलना करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त एक्शन की चेतावनी भी दी गई है। योगी सरकार सोशल मीडिया पर बयानबाजी को लेकर अलर्ट है। गुरुवार को सरकार की ओर से जारी नई गाइडलाइन में साफ किया गया है कि अगर कोई अधिकारी और कर्मचारी बिना अनुमति के मीडिया से संबंधित बयान देता है तो उस पर सख्त कार्रवाई होगी।

सोशल मीडिया पर बयानबाजी पड़ेगी भारी

आदेश में कहा गया है कि नियमावली में स्पष्ट प्रावधान के बावजूद कुछ सरकारी अधिकारी और कर्मचारी मीडिया को बयान दे रहे हैं।

सख्ती

- सरकारी अफसर व कर्मचारी अब सरकार की अनुमति के बिना सोशल मीडिया पर कुछ भी नहीं लिख सकेंगे

योगी सरकार की नई गाइडलाइन में स्पष्ट कहा गया है कि सरकारी अफसर और कर्मचारी अब सरकार की अनुमति के बिना सोशल मीडिया पर कुछ भी नहीं लिख सकेंगे।

इसके साथ ही सरकारी कर्मचारी बिना सरकार की अनुमति के प्रिंट और डिजिटल मीडिया पर बयान नहीं दे सकेंगे। हालांकि, कलात्मक, साहित्यिक और वैज्ञानिक लेख लिखने पर कोई प्रतिबंध नहीं है। कार्मिक विभाग की ओर से जारी आदेश में मीडिया में बात रखने के लिए सरकारी कर्मचारियों के लिए तय गाइडलाइन का उल्लेख किया गया है। इसके अनुसार कोई सरकारी कर्मचारी सरकार या संबंधित प्राधिकारी से अनुमति के बिना मीडिया में लिखा-पढ़ी नहीं करेगा। कोई ऐसा लेख या बयान नहीं जारी करेगा। जिससे वरिष्ठ अधिकारियों या सरकार के फैसलों की आलोचना होती हो। किसी सूचना का भी अनधिकृत लेन-देन नहीं करेगा।

आदेश में बताया गया है कि मीडिया का स्वरूप अब बड़ा हो चुका है। इसमें प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अलावा सोशल मीडिया (फेसबुक, एक्स, वॉट्सऐप, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम) और डिजिटल मीडिया भी शामिल है। योगी सरकार ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को आदेशों का पालन करने के सख्त निर्देश दिए हैं।

सरकारी कर्मचारियों को भारी पड़ सकती हैं गलतियां

योगी सरकार के मुख्य सचिव देवेश चतुर्वेदी की ओर से आदेश जारी किया गया है। इसमें बताया गया है कि सोशल मीडिया पर भी बिना अनुमति के बयानबाजी या नीतियों को लेकर सवाल उठाना सरकारी कर्मचारियों पर भारी पड़ सकता है। इसके अलावा कार्मिक विभाग ने शासन के आला अफसरों को 'सरकारी सेवकों के संचार माध्यमों के उपयोग' के नियम याद दिलाए हैं। इसमें यह भी कहा गया है कि स्पष्ट नियम के बावजूद भी बयानबाजी से असहज स्थिति पैदा हो रही है। इसे रोका जाएगा और नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की जाए। अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक देवेश चतुर्वेदी ने सभी अपर मुख्य सचिवों/प्रमुख सचिवों को इसके आदेश जारी किए गए हैं।

भविष्य में पेपर लीक की घटनाएं रोकने के लिए व्यापक सुधार करेगी सरकार : धर्मेंद्र प्रधान

एजेंसी, नई दिल्ली।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने यूजीसी-नेट पेपर लीक मामले की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए छात्रों को आश्वस्त किया कि सरकार छात्रों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार भविष्य में पेपर लीक की घटनाएं रोकने के लिए जल्द ही एक उच्च स्तरीय कमेटी गठित करेगी जो एनटीए में व्यापक सुधार करेगी।

धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार एक उच्च स्तरीय समिति बनाने जा रही है। एनटीए, इसकी संरचना, कार्यप्रणाली, परीक्षा प्रक्रिया, पारदर्शिता और डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल को और बेहतर बनाने के लिए उस उच्च स्तरीय समिति से सिफारिशें अपेक्षित होंगी। प्रधान ने गुरुवार को खुलासा किया कि यूजीसी-नेट परीक्षा का पेपर डार्कनेट पर लीक हो गया था जिसके कारण इसे रद्द कर दिया गया। उन्होंने कहा कि जैसे ही यह स्पष्ट हो गया कि डार्कनेट पर यूजीसी-नेट का प्रश्नपत्र यूजीसी-नेट के मूल प्रश्नपत्र से मेल खाता है, हमने परीक्षा रद्द करने का फैसला किया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने एक बार फिर छात्रों को विश्वास दिलाया है कि सरकार उनकी योग्यता को उचित सम्मान दिलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। साथ ही उन्होंने वादा किया कि सरकार नीट परीक्षा में धांधली करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी।

आश्वासन

- सरकार छात्रों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध

बीजेपी के पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर को सात साल की सजा

रामपुर, समृद्धि न्यूज।

चीनी मिल कर्मचारियों से मारपीट और लूटपाट के मामले में एमपी एमएलए कोर्ट ने बीजेपी के पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर समेत 6 लोगों को सात साल की सजा सुनाई है। इससे एक दिन पहले एमपी एमएलए कोर्ट ने सभी आरोपितों को दोषी ठहराया था। दोषी ठहराए जाने के बाद बीजेपी के पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर समेत सभी 6 आरोपितों को जेल भेज दिया गया था। आरोपितों में एक महिला भी शामिल है।

बताया गया कि शाहबाद के करीमगंज राणा चीनी मिल में करीब 13 साल पहले तोड़फोड़ और मारपीट मामले में 38 नामजद समेत 200 से ज्यादा अज्ञात पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में 21 लोगों को बरी कर दिया गया। बीजेपी के पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर और संजू यादव समेत 6 आरोपितों को रामपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने दोषी पाया है। बताया गया कि 15 जनवरी 2012 की रात किसान शाहबाद तहसील के करीमगंज गांव स्थित राणा शुगर में गन्ना लेकर जा रहे थे। इस दौरान किसानों का मिल कर्मचारियों से ट्रैक्टर ट्राली पहले निकालने को लेकर विवाद हो गया था।

आज सबसे छोटी रात में स्ट्राबेरी मून बिखेरेगा चांदनी

एजेंसी, भोपाल। खगोल विज्ञान में रुचि रखने वालों के लिए शुक्रवार, 21 जून का दिन बेहद खास होने जा रहा है। इस दिन पृथ्वी के 16 देशों, भारत के आठ राज्यों सहित मध्य प्रदेश के 14 जिलों से होकर उत्तरी गोलार्द्ध में खींची गई काल्पनिक कर्क रेखा पर साल की खास खगोलीय घटना दिखेगी। इस दिन सूर्य कर्क रेखा पर पहुंचा दिखकर अपनी उत्तरायण यात्रा पूरी करेगा। इसके बाद यह अपनी वापसी की दक्षिणायन यात्रा आरंभ करेगा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सूर्य का कर्क रेखा से योग होगा। यह साल 2024 का सबसे लम्बा दिन होगा जबकि रात सबसे छोटी होगी, जिसमें स्ट्राबेरी मून अपनी चांदनी बिखेरेगा। राष्ट्रीय अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार की इस खगोलीय घटना के कारण उत्तरी गोलार्द्ध के नगरों में दिन सबसे लंबा और रात सबसे छोटी अवधि की होगी।

एसटीपी की खुदाई करते वक्त हादसा, एक की मौत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी लखनऊ में एसटीपी निर्माण के लिए बेसमेंट की खुदाई के दौरान बगल की दीवार मिट्टी सहित धंस गई। इसमें 4 मजदूर दब गए। रेस्क्यू करके उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां, 50 साल के एक मजदूर की मौत हो गई है। बाकी 3 मजदूरों का इलाज कराया जा रहा है।

घटना बक्शी का तालाब थाना क्षेत्र के आईआईएम रोड पर सहाय एन्क्लेव कॉलोनी की है। मृत मजदूर का नाम सूर्य लाल (50) निवासी लखीमपुर खीरी है। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है। वहीं, घायल इतवारी लाल निवासी सीतापुर और वचनेश कुमार पांडेय निवासी खीरी का उसी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। चौथे मजदूर जगमोहन को गंभीर चोटें नहीं हैं। एसीपी नॉर्थ जितेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि सैरपुर के रैथा रोड पर सहाय एन्क्लेव कॉलोनी में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निर्माण कराया जा रहा है। यह काम अलीगंज के रहने वाले मयूर जायसवाल की तरफ से कराया जा रहा है। आज सुबह करीब 10 बजे जानकारी मिली की बेसमेंट की दीवार मिट्टी सहित ढह गई है, जिसमें कुछ मजदूर फंस गए हैं। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने उन्हें रेस्क्यू किया और 3 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां, इलाज के दौरान सूर्य लाल की मौत हो गई है। बाकी 2 लोगों का इलाज चल रहा है। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों के मुताबिक सुबह 9.51 बजे कालर ने फायर स्टेशन बक्शी का तालाब में सूचना दी कि सेरपुर एरिया में सहाय एंक्लेव टाउनशिप के अंदर निर्माणाधीन अंडर ग्राउंड टैंक का काम चल रहा था, इसी दौरान वहां जमीन धंस गई और कई मजदूर फंस गए हैं। सूचना पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी अपनी दो यूनिट के साथ मौके पर पहुंचे। वहां पहुंचकर देखा गया की कुल 4 लोग मिट्टी में दबे हैं। टीम ने तुरंत रेस्क्यू शुरू किया। फावड़े से मिट्टी हटाने के साथ ही फंसे लोगों से बातचीत करते रहे। धीरे-धीरे हमने सभी 4 लोगों को मिट्टी के ढेर से बाहर निकाला। तब तक एंबुलेंस भी पहुंच चुकी थी और उन्हें सौ शैय्या बेड अस्पताल ले जाया गया। सबसे गंभीर हालत वाले सूर्य लाल की मौत हो गई है जबकि तीन का इलाज कराया जा रहा है। एक मजदूर एकदम ठीक है, जबकि दो लोगों को चोटें आई हैं, वे सभी अब खतरे से बाहर हैं।

हादसा

- मिट्टी धंसने 4 मजदूर फंसे थे, 3 का चल रहा इलाज

दीवार गिरने से बालक की मौत, बुजुर्ग घायल

खमरिया खीरी, समृद्धि न्यूज।

थाना ईसानगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत गणेशपुर के मजरा गोडवा में बुधवार की रात तेज आंधी व बारिश के चलते तालाब के किनारे मछलियों की रखवाली कर रहे एक बुजुर्ग व उसके 15 वर्षीय पोते पर सरकारी ट्यूबवेल की दीवार गिर गई। जिससे मलबे में दबकर किशोर की मौत हो गई। वहीं बुजुर्ग गंभीर रूप से जख्मी हो गया। थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत गणेशपुर के मजरा गोडवा निवासी 75 वर्षीय परसादी लोध पुत्र झगरू अपने 15 वर्षीय पोते अजय कुमार पुत्र राम मंतर के साथ तालाब के किनारे झोपड़ी में मछलियों की रखवाली करने के लिए लेटे हुए थे। तेज आंधी व बारिश के कारण पड़ोस में स्थित सरकारी ट्यूबवेल की दीवार अचानक भर भराकर गिर गई। और दीवार के मलबे में दबकर अजय की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं परसादी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची ईसानगर पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजा, और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

आंधी-बारिश में गिरी दीवार,महिला की मौत, दो घायल

खमरिया खीरी। थाना ईसानगर क्षेत्र के मोहन पुरवा मजरा शंकरपुर में बुधवार की रात तेज आंधी व बारिश के चलते घर की दीवार भर भराकर गिर गई। जिसके मलबे में दबकर एक 50 वर्षीय महिला की मौत हो गई। वहीं दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची ईसानगर पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। और मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। थाना क्षेत्र के मोहन पुरवा मजरा शंकरपुर निवासी मौजी लाल की 50 वर्षीय पत्नी गायत्री देवी अपने 30 वर्षीय बेटे राजेश व पांच वर्षीय पोती अर्चना के साथ घर में सो रही थी। तेज आंधी व बारिश के कारण उनके घर की दीवार अचानक घर भरभरा कर गिर गई। जिसके मलबे में दबकर गायत्री देवी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं राजेश व अर्चना गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद सूचना पर पहुंची ईसानगर पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। और मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

पंडाल में आग लगने से सामान हुआ राख

मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।

क्षेत्र के गांव मुरई ताजपुर के मजरा भगवंत नगर में दुर्गा महाकाली रामेश्वर शिव मंदिर पर श्री रुद्र महायज्ञ का आयोजन अध्यक्ष महेश मौर्य के सौजन्य से किया जा रहा था जिसमें आस पास गांव के लोग पूजा पाठ भजन आरती परिक्रमा में शामिल होते थे। कार्यक्रम के अंतिम दिन शाम के समय आरती व दीप प्रवचन का कार्यक्रम चल रहा था तभी दीपक के गिर जाने से यज्ञशाला में आग लग गई। परिक्रमा कर रहे लोग कुछ समझ पाते उसके पहले आग ने भयानक रूप धारण कर पूरे यज्ञ शाला को अपने आगोश में ले लिया। लोगो ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया लेकिन आग पर काबू नहीं पा सके। आचनक शोर शराबा सुनकर आस पास गावों के लोग इकट्ठा हो गए तब तक आग शांत हो चुकी थी।

वही कथा वाचक श्याम जी अवस्थी यज्ञ आचार्य शोभित अवस्थी, विकास अवस्थी के द्वारा यज्ञ का कार्यक्रम कराया जा रहा था। यजमान पुत्तू लाल, राजाराम मौर्य सोबरन मौर्य मोहनलाल मौर्य कामता प्रसाद आदि लोगों के द्वारा यह कार्यक्रम कराया जा रहा था। मौजूद लोगों ने बताया की आग लगने से पास में बने पंडाल में रखी पूजा सामग्री व कपड़े बर्तन आदि सब जलकर राख हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही राजस्व से संबंधित लेखपाल मौके पर पहुंचकर घटना की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। चौकी प्रभारी मडिया बाजार ने बताया की कुछ महिलाएं कार्यक्रम समाप्त हो जाने के बाद यज्ञशाला की परिक्रमा कर रही थी जिससे कि यज्ञशाला के आसपास रखे कलश की ज्योति से यज्ञशाला में आग लग गई।

बीडीओ ने दिया सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने का भरोसा

मोहल्ला नई कॉलोनी पहुंचकर जर्जर हो चुकी सोलिग सड़क का किया निरीक्षण

बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।

कस्बा बिजुआ में मोहल्ला नई कालोनी की जर्जर सोलिंग सड़क का ग्रामीणों की शिकायत पर खंड विकास अधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सड़क की जर्जरता एवं ग्रामीणों को हो रही परेशानी के मद्देनजर शीघ्र ही पंचायत समिति एवं पंचायत मद की राशि से इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने की बात कही।

सड़क निर्माण कार्य शुरू होने की जानकारी से ग्रामीणों में काफी खुशी है। ग्राम पंचायत बिजुआ में मोहल्ला नई कॉलोनी के दर्जनों ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए खंड विकास अधिकारी महावीर सिंह ने मोहल्ला नई कॉलोनी पहुंचकर जर्जर हो चुकी सोलिग सड़क का निरीक्षण किया। जहां वर्षों से रह रहे ग्रामीणों को सड़क की दिक्कतों का काफी समय से सामना करना पड़ रहा है बरसात के समय में ग्रामीणों को जल भराव की समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए बीडीओ ने स्थानीय लोगों से वार्ता कर कागजी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए शीघ्र अति शीघ्र इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया। उन्होंने मौके पर उपस्थित ग्राम विकास अधिकारी प्रताप सिंह राणा को सड़क की माप कर अविलंब प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिए।

मानक विहीन तरीके से बनी टंकी की बाउंड्री आंधी में गिरी

- ग्रामीणों का आरोप ठेकेदार और उच्च अधिकारियों के मिली भगत से बाउंड्री के निर्माण में नहीं दिया गया पिलर का सपोर्ट

पसगवां खीरी, समृद्धि न्यूज।

केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना पसगवॉ ब्लॉक के गांवों तक आकर दम तोड़ रही है। केंद्र की जल जीवन मिशन के तहत इस गांव में पानी की टंकी बनाने का जिम्मा जल निगम को दिया गया था।

अभी कुछ समय पहले ही जल जीवन मिशन के अंतर्गत बनाई गई पानी की टंकी की बाउंड्री हल्की सी आंधी में ही भरभराकर गिर गई। जलजीवन मिशन के तहत बनाई गई बांउड्रीवॉल के अचानक ढह जाने पर ग्रामीणों ने इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। पूरा मामला विकासखंड पसगवॉ के अंतर्गत गांव रसूलपुर तफज्जुल हुसैन का है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार और उच्च अधिकारियों के मिली भगत से बाउंड्री के निर्माण में पिलर सपोर्ट नहीं लगाया गया और न ही मानक के अनुसार कार्य किया गया। जिसमें पीला और दोयम ईट का प्रयोग किया गया और मसाले में भी मानक के अनुसार सीमेंट का प्रयोग नहीं किया गया। इस संबंध में जे ई से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया है कि आंधी में बाउंड्री गिर जाने की सूचना मिली है जिसके बाद बाउंड्री का फिर से निर्माण चालू कर दिया गया है।

घटतौली को लेकर ग्रामीणों ने की सीएम से शिकायत

- जांच करने आए अधिकारियों से असंतुष्ट दिखे ग्रामीण

तिकुनिया खीरी, समृद्धि न्यूज।

ग्राम पंचायत सिसवारी के कोटेदार श्रीराम पुत्र कल्लू पर ग्रामीणों ने आधा किलो राशन कम देने का आरोप लगाते हुए एक प्रार्थना पत्र मुख्यमंत्री को भेजा है ग्रामीणों का आरोप है कोटेदार ने कहा कि जितना राशन मैं दे रहा हूं उतना ही दूंगा कार्यवाही करोगे तो राशन कार्ड कटवाने के अलावा मुकद्दमा भी लिखवा दूंगा जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश का माहौल है। मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में ग्राम निवासी रामपति, रामनरेश, संदीप कुमार, दयाशंकर, पूरनलाल, रूपरानी, जगदीश, प्रदीप, गुड्डी, रामलाल, दिनेश, नन्ही,रामगुनी, शंभू,पप्पू,अंबिका प्रसाद,ने लिखा है कि कोटेदार श्रीराम के कोटे पर जब हम लोग राशन लेने के लिए जाते हैं तो 5 किलो राशन में से आधा किलो राशन कम यानि साढ़े चार किलो तौल कर देते हैं आपत्ति करने पर कहते हैं की हम कोटेदारों को ऊपर खर्चा देना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस बाबत मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर न्याय की मांग की गई है।

कोटेदार बोले, उनके ऊपर लगे आरोप निराधार हैं

ग्रामीणों की शिकायत के बाद बाद निघासन पूर्ति निरीक्षक ने कांटे बाट का निरीक्षण किया जो सही पाया गया वहीं ग्राम प्रधान रामकुमार ने बताया कि राशन कम देने की शिकायत उनको भी ग्रामीणों द्वारा दी गई जबकि वायरल वीडियो में कोटेदार श्रीराम राशन लेने आए लोगों को खुली धमकी देते हुए कह रहा है की राशन लेना है तो लो वर्ना भाग जाओ मुकद्दमा लिखाने की खुलेआम धमकी दे रहा है। पीड़ितों का कहना है कि निघासन पूर्ति निरिक्षक, उपजिलाकारी सहित मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के पश्चात भी कोटेदार पर कार्यवाही के न होने से वो लोग काफी आहत हैं।

ग्राम प्रधानों की बैठक में भुगतान सहित कई मुद्दों पर हुई चर्चा

मसौली, बाराबंकी। ग्राम प्रधान संघ मसौली इकाई की गुरूवार को संघ के अध्यक्ष सोमनाथ राजपूत की अध्यक्षता मे ग्राम प्रधानों की बैठक ब्लाक सभागार मे सम्पन्न हुई बैठक मे समय से भुगतान सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक मे उपस्थित ग्राम प्रधानों का आभार व्यक्त करते हुए संघ के अध्यक्ष सोमनाथ राजपूत ने कहा कि गांव की जनता ने हम लोगो को बड़ी ही उम्मीद के साथ ग्राम प्रधान चुना है जनता की बड़ी अपेक्षाए है आप सभी लोग संयम बनाते हुए काम करे क्योकि आधे से ज्यादा समय बीत चुका है आप सभी लोगो को बहुत काम करना है जिससे जनता दुबारा मौका दे। संघ के अध्यक्ष ने कहा कि यदि कोई समस्या हो तो संघ के सामने रखे जिससे उसे निपटाया जा सके। ग्राम प्रधानो ने भुगतान मे हो रही देरी का मुद्दा उठाया। ग्राम प्रधान बड़ागांव ने परिवार रजिस्टर को कंप्यूटराइज्ड से पहले आधार कार्ड से सर्वे कराने की बात कही।

बैठक के पश्चात ग्राम प्रधान संघ का एक प्रतिनिधत्व मंडल खण्ड विकास अधिकारी डॉ. संस्कृता मिश्रा से मिलकर ग्राम प्रधानों की समस्या से अवगत कराया बीडीओ डॉ. संस्कृता मिश्रा ने शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।

रोड के अतिक्रमण हटाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़। सभासद के नेतृत्व में वार्ड वासियों द्वारा उप जिलाधिकारी हैदरगढ़ को अतिक्रमण को लेकर रोड के मानक को कम करने का ज्ञापन सौंपा गया और पुनः किसी सक्षम अधिकारी से जांच करवाने की मांग की गई। वार्ड वासियों द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि बड़े चौराहे से रायबरेली रोड पर अतिक्रमण हटवाने के लिए संबंधित कर्मचारियों द्वारा मनमाने एवं गलत तरीके से चिन्ह्यांकन किया गया है जो त्रुटिपूर्ण व गलत है प्रार्थी जनों की गैर मौजूदगी में पैमाइश करके गलत रिपोर्ट आपको प्रेषित की गई है जिससे हम सभी को भारी क्षति होगी जिसकी भरपाई करना शासन द्वारा संभव नहीं हो पाएगा। ज्ञापन देने में प्रमुख रूप से सभासद शिवा वर्मा कुशमेश चंद्र मिश्रा कवि उदय मिश्र रोहित मिश्रा भोला शुक्ला प्रतीक सरगम घनश्याम गुप्ता अजय शर्मा युसूफ खान संतोष कुमार राजकुमार शिवम वैश्य हसीर खान सूरज वैश्य सहित अन्य वार्ड वासी उपस्थित रहे।

दीवार के मलबे में दबकर पुत्र की मौत, मां घायल

मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।

नीमगांव थाना क्षेत्र के अन्तर्गत बुधवार की रात करीब 10 बजे आये आंधी तूफान के साथ बारिश मे घर के अंदर पक्की दीवाल पर पड़े पन्नी के छप्पर के नीचे परिवार के साथ लेटे थे तभी तेज आंधी मे दीवार गिर गयी। दीवार के मलबे के नीचे दबकर पुत्र की मौत व माँ गंभीर रूप से घायल हो गयी।

घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल मोती पुर मे भर्ती कराया गया जहाँ मां का उपचार जारी है। बताते चले कि नीमगांव थाना क्षेत्र के अमघट गाँव के भूमिहीन संतराम गौतम गरीबी के चलते बड़ी ही मुश्किल से एक पक्की दीवाल बना कर पन्नी का छप्पर डालकर रह रहे थे वही बीती देर साम आये तेज आंधी तूफान के साथ बरसात मे छप्पर के नीचे सो रहे थे। तेज आंधी मे पक्की दीवाल गिर जाने से मालबे के नीचे दब कर 15 वर्षीय निर्मल पुत्र संतराम, लज्जावती पत्नी संतराम उम्र करीब 41वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हे उपचार हेतु ग्रामीणों ने जिला अस्पताल मे भर्ती कराया जहा डॉक्टर ने निर्मल कुमार को मृत्यु घोषित कर दिया। वहीं मृतक की घायल माँ का उपचार जारी है। संतराम की माली हालत अच्छी न होने के चलते एक छोटी सी पड़िया व बकरी पाल रखा था जो बीती रात तेज आंधी और तूफान के चलते दीवार के नीचे दबाकर मौत हो गई। परिवार का रो रो कर बुरा हाल है।

फ्रिज का तार जोड़ते समय आया करंट, शिक्षक की मौत

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत रामनगर परिवार गांव में फ्रिज का तार सही करते समय करंट की चपेट में आए एक 53 वर्षीय शिक्षक की गुरुवार सुबह मौत हो गई सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। जानकारी के अनुसार बहराइच जनपद के सरस्वती विद्या इंटर कॉलेज में उर्दू शिक्षक के रूप में तैनात सीताराम रावत पुत्र राम प्रसाद गर्मी की छुट्टियों के दौरान घर पर रह रहे थे सुबह लगभग 9 बजे फ्रिज का तार सही करते समय अचानक करंट लग जाने से उनकी मौत हो गई शिक्षक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है मृतक के परिवार में उसकी पत्नी के अलावा नाबालिक दो पुत्र एवं दो पुत्रियां हैं परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

धोखाधड़ी के दो आरोपी गिरफ्तार, बिजली के बिल को कम करने के नाम पर करते थे ठगी

जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज

स्वाट/सर्विलांस व थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा बिजली बिल कम कराने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले 2 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से एक अदद लैपटाप व कूटरचित बिजली बिल रसीदें बरामद की गयी है।

पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ0 अखिलेश नारायण सिंह के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर सुमित त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में गुरुवार को स्वाट/सर्विलांस व थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स व डिजिटल डेटा के आधार पर अभियुक्तगण महेश कुमार पुत्र विक्रम निवासी मेडुवा थाना रामसनेहीघाट बाराबंकी, व मो0 असलम पुत्र इमाम अली निवासी ग्राम राजपुर थाना रामसनेहीघाट जनपद बाराबंकी को सफदरगंज चौराहे के पास, गीता रेस्टोरेंट के सामने से गिरफ्तार किया गया। कब्जे से एक अदद लैपटाप व कूटरचित बिजली बिल रसीदें बरामद की गयी। बताते चलें कि गिरफ्तार आरोपीयों द्वारा लूम चलाने वाले व्यापारियों को टारगेट किया जाता है? और उनसे बिजली बिल कम कराने के नाम पर कूटरचित बिल तैयार कर धोखाधड़ी की जाती है। आरोपियों द्वारा बिजली विभाग के कर्मियों से सांठगाठ कर कूटरचित बिजली बिल की रसीदें देकर अब तक कुल 4 व्यापारियों से करीब 4,74,000/-रूपये की धोखाधड़ी कर ठगी की गयी है। रईश अहमद पुत्र सईद अहमद निवासी मोहल्ला बड़ापुरा कस्बा व थाना जैदपुर बाराबंकी द्वारा 18 जून को अभियुक्तगण के विरूद्ध बिजली बिल जमा करने के नाम पर 1,22,000/-रूपये धोखाधड़ी करने के सम्बन्ध में थाना जैदपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था।वहीं अमीम पुत्र शमशुद्दीन निवासी मोहल्ला बडापुरा कस्बा व थाना जैदपुर बाराबंकी द्वारा दिनांक 18.06.2024 को अभियुक्तगण के विरूद्ध बिजली बिल जमा करने के नाम पर 1,56,000/-रूपये धोखाधड़ी करने के सम्बन्ध में थाना जैदपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

जबकि मो0 बिलाल पुत्र रिजवान निवासी मोहल्ला बडापुरा कस्बा व थाना जैदपुर बाराबंकी द्वारा दिनांक 18.06.2024 को अभियुक्तगण के विरूद्ध बिजली बिल जमा करने के नाम पर 31,000/-रूपये धोखाधड़ी करने के सम्बन्ध में थाना जैदपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इनके साथ असीरुद्दीन पुत्र हाजी शमशुद्दीन निवासी मोहल्ला बडापुरा कस्बा व थाना जैदपुर बाराबंकी द्वारा दिनांक 18.06.2024 को अभियुक्तगण के विरूद्ध बिजली बिल जमा करने के नाम पर 1,65,000/-रूपये धोखाधड़ी करने के सम्बन्ध में थाना जैदपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

अंतिम संस्कार को लेकर दो पक्षों में मारपीट

- पुलिस के हस्तक्षेप पर हुआ संस्कार

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

सरकारी भूमि पर अंतिम संस्कार को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची लोनी कटरा पुलिस मारपीट के बाद दोनों पक्षों को लेकर थाने पहुंच गई।मौके पर पहुंची, पुलिस के हस्तक्षेप के बाद करीब दस घंटे बाद अंतिम संस्कार हो सका। थाना लोनी कटरा के पासापुर निवासी पूर्व ग्राम प्रधान हरिनाम की वृद्ध माता रामावती का बुधवार रात निधन हो गया था।

गुरुवार सुबह जब परिजन अंतिम संस्कार के लिए निर्धारित स्थान पर पहुंचे तो वहां पर बगल में घर बना कर रहने वाले राम सागर ने विरोध करते हुये अंतिम संस्कार करने से रोक दिया।प्रथम पक्ष का कहना था कि हमारे पूर्वजों के जमाने से यहीं पर अंतिम संस्कार होता चला आया है।बिवाद बढ़ने पर मारपीट हो गई। मारपीट में जनपद लखनऊ के नगराम थाना क्षेत्र के हरदोइया की उर्मिला,राम कुमारी, थाना लोनी कटरा के बेनीगंज की कविता, गुड़िया पुत्री स्व0 श्रीराम, आरती पत्नी फूलचंद आदि को चोट आई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को इलाज के लिये सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुंचाया। थाना अध्यक्ष अंकित त्रिपाठी ने बताया है कि सरकारी जमीन है।दूसरी जगह अंतिम संस्कार कराया गया है। मारपीट करने वालों पर तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जायेगी।

बीडीओ ने की विकास कार्यो की समीक्षा बैठक

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। ब्लाक सभागार में खण्ड विकास अधिकारी अमित त्रिपाठी की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत, ग्राम विकास अधिकारी की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई बैठक में खण्ड विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री,मुख्यमंत्री आवासों की समीक्षा करते हुए समस्त ग्राम विकास व ग्राम पंचायत अधिकारियों को सख्त हिदायत दी है जिन सचिवो के एक भी आवास अधूरे पड़े हो तो उन्हे एक सप्ताह में पूर्ण करावें।बीडीओ ने मनरेगा कार्यों मे श्रमिको की संख्या बढाने एवं गुणवत्ता युक्त काम कराने की बात कही है।

डॉ अनुपमा टिबड़ेवाल को चिकित्सा क्षेत्र में मिल रही है सफलता

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज

नगर के कंपनी बाग मोहल्ले स्थित अनुपमा हॉस्पिटल की संचालिका डॉ अनुपमा टिंबडेवाल अपने जटिल से जटिल ऑपरेशन तथा बेहतरीन इलाज के लिए केवल बाराबंकी ही नहीं, अपितु आसपास के जिलों में भी काफी प्रसिद्ध हैं। अभी हाल ही में उन्होंने एक महिला का अत्यंत जटिल ऑपरेशन करके महिला को बीमारी से मुक्ति दिलाई है। बाराबंकी नगर की ही रहने वाली एक महिला जिसका हीमोग्लोबिन केवल 4.5 ग्राम था तथा उसके पेट में भीषण दर्द हो रहा था, चिकित्सालय आयी। इसके पूर्व में वह लखनऊ के कई चिकित्सालयों में अपना इलाज करके थक चुकी थी। डॉ अनुपमा ने पहले मरीज को खून चढ़ाया फिर उसका अल्ट्रासाउंड कराया तो पाया कि मरीज के बच्चेदानी के मुंह पर एक गांठ है। यह ऑपरेशन करना बहुत ही जटिल होता है। डॉ अनुपमा ने पहले बच्चेदानी के मुंह का ऑपरेशन (मायोक्टामी) किया तथा उसके बाद बच्चेदानी का ऑपरेशन (हिस्टेक्टोमी) करके महिला को निजात दिलाई। महिला अब पूर्णतया स्वस्थ है। इसके पूर्व भी डा अनुपमा द्वारा कई जटिल ऑपरेशन किए जा चुके हैं तथा कई ऐसी महिलायें जिनको काफी इलाज के बावजूद बच्चा पैदा नहीं हो रहा था और जिनको आईवीएफ तकनीक द्वारा बच्चा पैदा करने की सलाह दी गई थी।

जर्जर विद्युत लाइन बदलने को लेकर उपभोक्ताओं ने किया प्रदर्शन

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

जर्जर विद्युत लाइन व खंभो को बदलने की मांग को लेकर त्रिवेदीगंज के बड़वल गांव से आए सैकड़ो ग्रामीणों ने गुरुवार को विद्युत उप केंद्र हैदरगढ़ पर प्रदर्शन किया और अधिशासी अभियंता को ज्ञापन देकर जर्जर विद्युत तारों व खम्भों को बदलने की मांग की हैं।

बड़वल गांव से प्रधान शनी वर्मा के नेतृत्व में आए मोहम्मद हफीज, हिमांशु, रूपेंद्र प्रताप वर्मा, इब्राहिम, राजेश कुमार, जितेंद्र कुमार, मोहम्मद रिजवान, अमर सिंह, राजीव कुमार , सीताराम वर्मा, सभा चंद्र, चांद बाबू, अनूप कुमार, भुल्लू पासी, कमलेश, मुन्ना वर्मा सहित तमाम ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत उपकेंद्र हैदरगढ़ के त्रिवेदीगंज फीडर से जुड़े उनके गांव बड़वल तक जो विद्युत लाइन गई है बुरी तरह से जर्जर है और खंभे भी जर्जर हैं जिसके चलते आए दिन तार टूटने से जहां दुर्घटनाएं होती हैं वहीं अधिकांशतया तार टूटने की वजह से बिजली गुल रहती है जिसकी वजह से इस भीषण गर्मी में ग्रामीणों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने पूरी लाइन के तार एवं खंभे बदले जाने की गुहार लगाई है। जिससे उन्हें सरकारी दावों के सापेक्ष 24 घंटे बिजली मिल सके।

ऐतिहासिक मेंढक मंदिर पर हुआ योगाभ्यास कार्यक्रम

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

माहेश्वरी जी कलेक्शन, हाइम योग तथा योग वेलनेस सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में ओयल स्थित ऐतिहासिक मेंढक मंदिर में योग सप्ताह के अंतर्गत कॉमन योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी सौरभ अवस्थी, पंकज तापड़िया, एवं डॉ सुमन्त कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम योग एवं अल्टरनेटिव थैरेपिस्ट प्रगति बरनवाल द्वारा कॉमन योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास कराया गया जिसमें ध्यान का विशेष अभ्यास योग प्रशिक्षक प्रिंस रंजन बरनवाल द्वारा कराया गया। इसके बाद कार्यक्रम में योग प्रश्नोत्तरी एवं योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पंकज कुमार वर्मा ने 10 मिनट चतुरंग दण्डासन में स्थिर होकर प्रथम स्थान, वेद ने द्वितीय एवं नितीन वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वृक्षासन में 15 मिनट एक पैर पर स्थिर रहकर शुभम् गुप्ता ने प्रथम, रामनिवास वर्मा ने द्वितीय एवं नीरज वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रोशन कुकरेजा, मीना जायसवाल एवं रेशु विजयी रहे। सभी को माहेश्वरी जी कलेक्शन द्वारा उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के अंत में योग प्रशिक्षिका प्रगति बरनवाल, प्रीति शुक्ला, नूपुर गुप्ता, पारुल सिंह, राजदीपिका तिवारी, अमूलदीप तिवारी, प्रतीक तिवारी, अश्विनी राजपूत को स्मृति - भेंट प्रदान कर योग कार्यक्रमों के आयोजनों हेतु गौरी बुटीक, रेशु उपमन्यु त्रिवेदी एवं साक्षी कुकरेजा द्वारा सम्मानित किया गया।

रोगन अल्सरीन
शरीर में कहीं भी जलन हो, रक्त स्राव हो रहा हो स्तन के फोड़े में घाव हो गया हो, पुराना सिर दर्द हो, बवासीर हो।
मुंह के छाले से लेकर आँत और आमाशय के व्रण तक इसे जल में मिलाकर पीते रहना चाहिए।
सौजन्य से-वैद्य सम्राट स्वर्ण पदक प्राप्त
बाबू गोपाल शरण गर्ग जी
विजयगढ़, अलीगढ़ (उ. प्र.)
सही दवा मिलने का पता- 9120747293, 9936105282
अन्सारी औषधि भण्डार जरवल रोड, बहराइच (उ.प्र.)
ULCEREEN
New Pack
खुशबूदार जड़ी-बूटी युक्त
AIW
दर्द मिटाए चुस्ती फुर्ती लाए

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार
लखनऊ, शुक्रवार 21 जून, 2024

नदियों, जलस्रोतों, प्राकृतिक धरोहरों को बचाना होगा : जयवीर

▸ जनमानस को जागरूक करने के लिए सरयू महोत्सव का आयोजन

समृद्धि न्यूज।

लखनऊ। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह आज शाम 06 बजे अयोध्या स्थित राम की पैड़ी पर सरयू महोत्सव का शुभारम्भ करेंगे।पर्यटन मंत्री ने बताया कि सरयू महोत्सव के आयोजन का उद्देश्य जल, जंगल, जमीन का संरक्षण करते हुए प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व बनाये रखने के लिए जन जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने बताया कि बढ़ते शहरीकरण एवं औद्योगीकरण के कारण प्रकृति प्रभावित हो रही है। प्रकृति से छेड़छाड़ के कारण प्रदूषण, प्राकृतिक आपदायें,अतिवृष्टि एवं सूखे जैसी घटनायें बढ़ती जा रही है।नदियां सांस नहीं ले पा रही हैं।

पारम्परिक जलस्रोत जैसे तालाब, पोखर, कुएं आदि में पानी की कमी हो रही है। कम वर्षा होने से भूजल रिचार्ज नहीं हो पा रहा है, जिससे भू-जल लगातार घटता जा रहा है। भावी पीढ़ी को स्वस्थ वातावरण एवं पर्याप्त प्राकृतिक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए जल स्रोतों का विवेकपूर्ण उपयोग तथा वनों की रक्षा किया जाना अत्यन्त जरूरी है। प्राकृतिक धरोहर को बचाने के लिए जन जागरूकता उत्पन्न करने के लिए सरयू महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

धरती पर मानव जीवन के अस्तित्व के लिए प्रकृति से जुड़ना जरूरी है। इसलिए जीव, जंगल, जमीन तथा प्राकृतिक जलस्रोतों को जीवित रखना जरूरी है। प्राकृतिक हस्तक्षेप बढ़ने से ग्लोबल वार्मिंग, क्लाइमेट चेंज, प्राकृतिक असंतुलन बढ़ता जा रहा है, जो मानव अस्तित्व के लिए संकट का संकेत है। नदियां जीवन दायिनी होती हैं, इन्हीं के किनारे महान सभ्यताऐ फूली-फली और विकसित हुयी। इसलिए इनको पुनर्जीवित किये जाने के लिए सभी को जागरूक होना पडेगा। प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व बनाये रखने के साथ नदियां, तालाबों, प्राकृतिक जलस्रोतों को बचाना होगा।

पर्यटकों के आकर्षण के लिए 1.67 करोड़ से पर्यटन सुविधाओं का होगा विस्तार

पीलीभीत टाइगर रिजर्व उत्तर प्रदेश के महत्वपूर्ण वन्यजीव अभ्यारण्यों में एक है। अपनी जैव विविधता और बंगाल टाइगर के संरक्षण के लिए जाना जाता है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा इको टूरिजम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पर्यटन विकास सुविधा का विस्तार किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 1.67 करोड़ रुपये की लागत से गेस्ट हाउस के पास पार्किंग एरिया, वेटिंग हॉल, प्रतीक्षालय एवं एक सुविधाजनक हॉल बनाया गया है। प्रदेश के संस्कृति और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटकों के लिए सेल्फी पॉइंट भी बनाया गया है, जिससे पर्यटक यादगार तस्वीरें लें सकें। इंट्री गेट-रिजर्व के प्रवेश द्वार को भव्य और आकर्षक बनाया गया है। रिसेप्शन और टिकट काउंटर पर्यटकों के लिए सुविधाजनक टिकट काउंटर स्थापित किए गए हैं। पर्यटकों को धूप से बचाने के लिए टेंट लगाए गए हैं। वहीं पर्यटकों को प्रकृति के करीब रहने का अनुभव प्रदान करने के लिए बांस के कॉटेज बैम्बू काटेज बनाए गए हैं। पर्यटकों के लिए रोमांचक अनुभव प्रदान करने के लिए एडवेंचर स्पोर्ट्स की सुविधा शुरू की गई है। रिजर्व परिसर को पर्यावरण अनुकूल रखते हुए परिसर में रोशनी के लिए सोलर लाइटें लगाई गई हैं। पीलीभीत को उत्तर प्रदेश के समर डेस्टिनेशन के रूप में भी जाना जाता है। इस पहल को और मजबूत करते हुए, पीलीभीत टाइगर रिजर्व में चूका बीच पर बैम्बू कैंटीन का निर्माण कराया गया है, जिससे पर्यटकों को एक अद्वितीय और आनंददायक अनुभव मिलेगा। इन विकास कार्यों से पीलीभीत टाइगर रिजर्व में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और यह क्षेत्र स्थानीय और विदेशी पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र बनेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में इको टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं।

सीएम ने जनता दर्शन में सुनी पीड़ितों की फरियाद

समृद्धि न्यूज।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अपने सरकारी आवास पर 'जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों की शिकायतें सुनीं। मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन कार्यक्रम में महिलाएं, पुरुष व युवाओं से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा के अंदर समाधान के निर्देश दिए। सीएम योगी ने जनता दर्शन में अपनी फरियाद लेकर पहुंचे लोगों को भरोसा दिलाया कि सबकी समस्या का समाधान जल्द से जल्द होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार सुबह अपने सरकारी आवास पर आयोजित 'जनता दर्शन' में प्रत्येक पीड़ित से मुलाकात की। उन्होंने सबके पास जाकर ध्यान से उनकी बात सुनी। सीएम ने कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता दर्शन में पुलिस की प्रताड़ना से सम्बंधित शिकायतों पर भी मुख्यमंत्री ने संज्ञान लिया। उन्होंने कहा कि पीड़ितों के प्रति पुलिस संवेदनशील रहे और स्थानीय स्तर पर ही सुनवाई सुनिश्चित हो।

जनता दर्शन के दौरान उपचार के लिए आर्थिक सहायता के प्रार्थना पत्र भी आए, जिस पर मुख्यमंत्री ने कागजी कार्रवाई कर मरीजों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं, जनता दर्शन में कुछ लोग जमीन पर कब्जे की शिकायत को लेकर आए। सीएम योगी ने उनके पास जाकर पीड़ितों की शिकायत सुनी। पीड़ितों को भी मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि कहीं भी ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने वहा मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि जमीन कब्जा की शिकायत पर सख्ती बरतते हुए इस पर अंकुश लगाया जाए। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने भी अपनी समस्याओं से मुख्यमंत्री को रूबरू कराया, जिस पर उन्हें भी त्वरित समाधान का आश्वासन मिला।

खबरें एक नजर में

अलीगंज में मारुति सुजुकि के कैम्पस ड्राइव का आयोजन

लखनऊ। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में 21 और 22 जून 2024 को मारुति सुजुकि इण्डिया लिमिटेड, मानेसर गुड़गांव के कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने यह जानकारी दी है। ट्रेनिंग, काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर एम. ए. खाँ ने बताया कि इस कैम्पस ड्राइव में मारुति सुजुकि इण्डिया लिमिटेड द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिए चयन किया जाएगा। इसमें शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल और आईटीआई के विभिन्न व्यवसायों में होनी चाहिए। आयुसीमा 18 से 32 वर्ष निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों को मानदेय के रूप में 18,000 रुपये प्रति माह के साथ सब्सिडाइज्ड कैंटीन और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इस कैम्पस ड्राइव में कुल 500 पदों पर चयन किया जाएगा। महिला और पुरुष दोनों अभ्यर्थी इसमें प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 21 और 22 जून 2024 को सुबह 09 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ परिसर में अपने बायोडाटा के साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की मूलप्रति एवं छायाप्रति तथा 2 पासपोर्ट साइज फोटो संलग्न करके उपस्थित हो सकते हैं। यह कैम्पस ड्राइव युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है और इसमें भाग लेकर वे अपने करियर को नई दिशा दे सकते हैं।

बीआईपी कल्चर के खिलाफ चला विशेष चेकिंग अभियान

लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में वीआईपी ट्रीटमेंट का बेजा इस्तेमाल करने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिसके बाद से पूरे प्रदेश में पुलिस विशेष चेकिंग अभियान चला रही है। गाड़ियों में लगे हूटर, प्रतिबंधित फिल्म ,झंडे और स्टीकर समेत सामग्रियों को हटवाया जा रहा है। लखनऊ में पुलिस कमिश्नर एसबी शिरडकर के निर्देश पर आज हजरतगंज चौराहे पर यातयात पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान वाहनों से हूटर, लाल–नीली बत्ती, प्रेशर हॉर्न, ब्लैक फिल्म हटवाई गई और उनके चालान भी किए गए। बता दें कि वीआइपी कल्चर को समाप्त करने के सीएम योगी के आदेश के बाद प्रदेश भर में पुलिस की ओर से लगातार चेकिंग अभियान चलाकर उल्लंघन करने वालों के खिलाफकार्रवाई की जा रही है। गुरुवार को एसीपी ट्रैफिक जयेन्द्र नाथ अस्थाना के नेतृत्व में हजरतगंज चौराहे पर पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई की। इस दौरान विधायक, नेताओं और अन्य लोगों के वाहनों से हूटर, लाल–नीली बत्ती, प्रेशर हॉर्न, ब्लैक फिल्म हटवाई गई, साथ ही उनका चालान भी किया गया।

श्रम मंत्री ने दी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं

लखनऊ। प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने प्रदेशवासियों को योग दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि योग जीवन में मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। योग से हम अपने शरीर को पूरी तरह स्वस्थ और मन को शांति प्रदान कर सकते हैं।श्रम मंत्री ने कहा है कि हमें योग को प्रतिदिन की जीवन शैली का हिस्सा बनाना चाहिए।योग से हमारी शारीरिक और मानसिक शक्ति बढ़ती है और तनाव कम होता है, जिससे हम एक स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।

पशु रोग अनुसंधान व निदान सेवाओं हेतु छह करोड़ स्वीकृत

लखनऊ। पशु रोग अनुसंधान तथा निदान और सेवाओं के विस्तार हेतु प्रदेश के 75 जनपदों को 06 करोड़ रूपये की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की है। स्वीकृत धनराशि का व्यय जिला योजना में अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना के तहत किया जायेगा। इस योजना के माध्यम से पशु चिकित्सा सेवाओं हेतु औषधि एवं उपकरणों की व्यवस्था चिकित्सालय स्तर पर की जाती है। स्थानीय स्तर पर पशुओं को चिकित्सा सुविधा प्राप्त होती है।इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया है। शासनादेश के माध्यम से प्रदेश के समस्त मुख्य पशुचिकित्साधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा गया है कि स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण एवं व्यय भारत सरकार राज्य सरकार द्वारा एससीएसपी टीएसपी हेतु निर्धारित मानकों अनुमोदित कार्ययोजना एवं निर्धारित मदों में योजना हेतु निर्धारित गाइडलाइन्स का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए व्यय विवरण सहित उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त यह भी निर्देश दिये गये हैं कि निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग योजनान्तर्गत धनराशि व्यय करने से पूर्व यह सुनिश्चित करेंगे कि योजना हेतु पूर्व में किसी अन्य योजना स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है।

अन्तर-विद्यालयी योगा मीट सीएमएस में आज

लखनऊ। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अन्तर–विद्यालयी योगा मीट का भव्य आयोजन आज प्रातः 5.00 बजे से सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस द्वारा विद्यालय प्रांगण में किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लखनऊ की महापौर सुषमा खरकवाल होंगी। इस योगा मीट में लखनऊ के विभिन्न विद्यालयों के बच्चे योगासनों एवं यौगिक क्रियाओं की विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर अपनी शारीरिक दक्षता का प्रदर्शन करेंगे, साथ ही देश की सांस्कृतिक विरासत को विश्व के कोने–कोने में पहुंचायेंगे। यह जानकारी सी.एम.एस. के जन–सम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने दी।

मुख्य सचिव ने प्रशिक्षु अधिकारियों को दिया सफलता का मूलमंत्र

▸ मुख्य सचिव से 2023 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के 16 प्रशिक्षु अधिकारियों ने की भेंट

समृद्धि न्यूज।

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र ने उत्तर प्रदेश संवर्ग के भारतीय प्रशासनिक सेवा (2023) के 16 प्रशिक्षु अधिकारियों से भेंट किया।

अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने प्रशिक्षु अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें उत्तर प्रदेश में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। आज के दौर में जन आकांक्षाएं तेजी से बढ़ रही है। पब्लिक सर्वेंट के लिए आने वाले समय में बड़ी चुनौतियां आएंगी, जिनका उन्हें समाधान निकालना होगा। सिविल सेवकों को अपने कार्यों, निर्णयों और सार्वजनिक संसाधनों के उपयोग की जवाबदेही खुद तय करनी होगी। वह अपनी सेवा के माध्यम से देश-प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में प्रमुख भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इंटीग्रिटी आपकी बेस्ट स्ट्रेन्थ है। अपने अंदर घमण्ड न रखें। हम कोई भी कार्य अकेले नहीं कर सकते हैं, इसलिए टीम भावना से कार्य करना होगा। हमारा कार्य आम नागरिकों के चेहरे पर खुशियां लाना है। समानता के सिद्धांतों को कायम रखते हुए आम नागरिकों को उनकी पृष्ठभूमि या संबद्धता की परवाह किए बिना समान अवसर देकर और उचित व्यवहार करके उनमें शासन के प्रति विश्वास जगाना होगा। उन्होंने कहा कि सिविल सेवा के अधिकारियों की एक अहम जिम्मेदारी होती है कि सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों मिले, उनके जीवन में किस प्रकार से बदलाव लाया जाये, इस दिशा में गंभीरतापूर्वक कार्य करना होगा। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को समय का सदुपयोग करने, बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित योगाभ्यास करने और नवीनतम टेक्नोलॉजी से स्वयं को अपडेट रखने की भी सलाह दी।

बेईमान लोग, जनता के जीवन के लिए खतरा बन जाएंगे : अखिलेश यादव

समृद्धि न्यूज।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को यूजीसी–नेट परीक्षा रद्द करने को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह देश के खिलाफकिसी की बड़ी साजिश भी हो सकती है। श्री यादव ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, और अब गड़बड़ी की खबर के बाद यूजसी– नेट की परीक्षा भी रद्द कर दी गयी। भाजपा के राज में पेपर माफिया लगभग हर परीक्षा में धांधली कर रहा है। यह देश के खिलाफ किसी की बड़ी साजिश भी हो सकती है।

उन्होंने कहा, पुलिस में भर्ती की परीक्षा का पेपर लीक होगा तो कानून–व्यवस्था नहीं सुधरेगी जिससे देश–प्रदेश में अशांति और अस्थिरता बनी रहेगी। नीट की परीक्षा में घपला होगा तो ईमानदार लोग डॉक्टर नहीं बन पाएंगे और देश के लोगों के इलाज के लिए भविष्य में डॉक्टरों की कमी और बढ़ जाएगी तथा बेईमान लोग, जनता के जीवन के लिए खतरा बन जाएंगे। यादव ने कहा कि यूजीसी–नेट परीक्षा न होने से, शिक्षकों की कमी में और ज्यादा इजाफा होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की कमी से देश के विकास में बाधा उत्पन्न होगी, जो कालांतर में बेहद घातक साबित होगी।

नवयुग महाविद्यालय में योगाभ्यास आयोजित

▸ योग केवल आसन और प्राणायाम तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह अष्टांग मार्ग की साधना है

समृद्धि न्यूज।

लखनऊ। दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग, शारीरिक शिक्षा विभाग, एनएसएस तथा दर्शन शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को महाविद्यालय प्रांगण में योगाभ्यास का आयोजन प्राचार्या प्रो मंजुला उपाध्याय के दिशा निर्देशन में किया गया जिसका संयोजन व संचालन एन.सी.सी. अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढी ने किया।

उन्होंने भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा जारी योग क्रम के अनुसार ही ग्रीवा, स्कन्ध चालन क्रियाओं से लेकर बैठ कर, खड़े होकर, पेट के बल लेटकर, पीठ के बल लेटकर करने वाले भुजंगासन, मकरासन, भद्रासन, वक्रासन, त्रिकोण आसन, ताड़ासन, वृक्षासन, पवनमुक्तासन, भ्रामरी, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, ध्यान आदि का अभ्यास करवाया। योग दर्शन की प्रासंगिकता पर चर्चा करते हुए मेजर डॉ. मनमीत कौर सोढ़ी ने कहा कि योग केवल आसन और प्राणायाम तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह अष्टांग मार्ग की साधना है। यौगिक क्रियाएं हमें विभिन्न प्रकार के संक्रमण से बचाती हैं तथा सहज, सरल और तनाव मुक्त जीवन की राह दिखाती हैं। यदि हमारा शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है तो उससे हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता भी प्रभावित होती है।

योग प्राचीन भारतीय परंपरा एवं संस्कृति की अमूल्य देन है जो हमें सिखाता है कि कैसे संतुलित जीवन जिया जा सकता है।

इसी कारण से वैश्विक पटल पर योग की स्वीकार्यता बढ़ी है। योगाभ्यास के दौरान रखने वाली सावधानियों पर चर्चा की। योगाभ्यास में डॉ सीमा पांडे, डॉ मनीषा बरौनिया, कु आयशा, कैडेट तनु सारस्वत, अंजली राय, तनूजा कांडपाल, पलक गुप्ता, सोनल सिंह, पूजा गौतम, शुभांगी, नैंसी, बुशरा, खुशी त्रिपाठी, ज्योति गौतम, साक्षी, समेत बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स, दर्शनशास्त्र एवं शारीरिक शिक्षा विभाग की छात्राओं ने भाग लिया।

राजधानी में बदला मौसम बारिश और तेज हवाओं से तापमान में आई गिरावट

समृद्धि न्यूज, लखनऊ। यूपी में गर्मी के तल्ख तेवरों के बीच बुधवार की देर रात हुई बारिश से थोड़ी राहत मिली है। बुधवार देर रात से लेकर गुरुवार भोर तक राजधानी लखनऊ समेत आसपास के कई शहरों में तेज हवा के साथ बारिश हुई। राजधानी में सुबह 11 बजे तक अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बादलों के छाए रहने से लोगों ने राहत महसूस की है। गौरतलब है कि बीते एक हफ्ते से झुलसाने वाली गर्मी से पूरा यूपी बेहाल है। राजधानी में बुधवार को पारा 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के अनुसार अभी इस बारिश से राहत जरूर मिलेगी लेकिन मानसून आने में अभी तकरीबन एक हफ्ते से ज्यादा का समय लगेगा।

यूजीसी नीट का पेपर रद्द होने पर नारेबाजी

नेट परीक्षा दोबारा कराने को सपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

लखनऊ में नेट परीक्षा को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन जारी है। गुरुवार को विपक्षी दल के कार्यकर्ता और छात्रों ने विरोध–प्रदर्शन किया। हजरतगंज चौराहे पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कहा कि नेट परीक्षा दोबारा कराई जाए। साथ ही पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच हो। प्रदर्शनकारियों ने जमकर सरकार विरोधी नारेबाजी की। सपा कार्यकर्ताओं के हाथ में नेट परीक्षा दोबारा कराओ, परीक्षा की सीबीआई जांच हो। प्रदर्शनकारियों ने सरकार और नेट के खिलाफभी जमकर नारेबाजी की। सपा कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच मामूली झड़प भी हुई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर इको गार्डन भेजा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जिस तरह से लगातार पेपर लीक हो रहे हैं, परीक्षा रद्द हो रही है, इससे साफ जाहिर है कि सरकार छात्र विरोधी है।

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

यूजीसी नीट का पेपर रद्द होने पर लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र सड़क पर उतर गए। कैंपस के बाहर प्रशासन और सरकार के खिलाफनारेबाजी की और हंगामा करने लगे। विवाद बढ़ता देख पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। छात्रों को रोकना चाही तो उन्होंने पुलिस के साथ धक्का-मुक्की कर दी। छात्र पुलिस की गाड़ियों पर चढ़ गए। यूजीसी नीट का पेपर जलाने लगे। इसके बाद पुलिस ने धक्का देकर कई छात्रों वैन में भरा। कई छात्रों को टांग कर ले गई। छात्रों ने कहा हम किसी भी स्थिति में पीछे जाने को तैयार नहीं हैं। पेपर कराने की जिम्मेदारी शिक्षा मंत्रालय को सौंपा जाए। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफे दें। नीट संस्था को रद्द किया जाए। इधर वाराणसी में भी छात्रों ने प्रशासन के खिलाफनारेबाजी की।

पीजीआई ऑपरेशन थिएटर में डॉक्टर ने नर्स को जड़ा थप्पड़

▸ नर्सिंग स्टॉफ ने काटा हंगामा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी लखनऊ एसजीपीजीआई में एक महिला डॉक्टर ने ऑपरेशन थिएटर में नर्सिंग ऑफिसर को थप्पड़ जड़ दिया। विरोध में नर्सिंग स्टॉफ का प्रदर्शन किया। डिपार्टमेंट के लोग डॉक्टर को टर्मिनेट करने की मांग की।

पीजीआई के डायरेक्टर आरके धीमान समझाने पहुंचे लेकिन कर्मचारी कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। नर्सिंग स्टॉफका कहना है कि जब तक डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाएगी प्रदर्शन जारी रहेगा। आरोपी डॉक्टर का नाम वरुणा वर्मा बताया जा रहा है। पीजीआई के कार्डियोवैस्कुलर डिपार्टमेंट में गुरुवार को एक पेसेंट का ऑपरेशन किया जा रहा था। ऑपरेशन में डॉक्टर वरुणा वर्मा के साथ दो अन्य डॉक्टर और नर्सिंग स्टॉफ के लोग थे। इस दौरान नर्सिंग ऑफिसर धर्मेंद्र सिंह भी मौजूद थे। ऑपरेशन के दौरान टांके लगाने वाले धागे को लेकर डॉक्टर वरुणा वर्मा और धर्मेंद्र सिंह के बीच कहासुनी हो गई। इस बीच डॉक्टर ने नर्सिंग स्टॉफ को थप्पड़ जड़ दिया। मौके पर पहुंचे पीजीआई के डायरेक्टर आरके धीमान ने माना की डॉक्टर ने अभद्रता की है। उसे ऐसा नहीं करना चाहिए था। पीजीआई डायरेक्टर ने कहा डॉक्टर माफी के लिए तैयार है। माफी मंगवाता हूं मामला खत्म किया जाए। लेकिन नर्सिंग स्टॉफ किसी बात को सुनने को तैयार नहीं हुआ उनका कहना था कि डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो। पीजीआई में थप्पड़ कांड के विरोध में नर्सिंग स्टॉफ ने कामकाज ठप कर दिया है। उनका कहना है डॉक्टर ने उन्हें अपमानित करने का काम किया है। उसके खिलाफ कार्रवाई होनी ही चाहिए।

उन्होंने कहा कि डॉक्टर वरुणा वर्मा पहले भी नर्सिंग स्टॉफ के साथ अभद्रता करती रही हैं। उनके खिलाफ पहले भी शिकायत की गई थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

सराहनीय

पुलिस का इकबाल एक बार फिर बुलंदी पर

इलेक्शन खत्म होते ही अपराधियों के खिलाफ एक्शन में यूपी पुलिस

▸ अपराध और आपराधियों के विरुद्ध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीरो टॉलरेंस की नीति को अमलीजामा पहनाने में जुटी यूपी पुलिस

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश में निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव के साथ ही विभिन्न पर्व-त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने वाली पुलिस का इकबाल एक बार फिर बुलंदी पर है।

अपराध और आपराधियों के विरुद्ध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीरो टॉलरेंस की नीति को अमलीजामा पहनाने में जुटी यूपी पुलिस की निगाहें अपराधियों के खिलाफ दोबारा टेढ़ी हो चुकी हैं। बीते 15 दिनों की रिपोर्ट पर नजर डालें तो बदमाशों के खिलाफ चली 79 ताबड़तोड़ कार्रवाई से अपराधियों के पांव एक बार फिर उखड़ने शुरू हो गये हैं। 4 जून से 19 जून के बीच हुए इन मुठभेड़ों में दो दुर्दांत बदमाशों को ढेर किया जा चुका है, जबकि 96 अपराधी घायल हुए हैं। एनकाउंटर के दौरान अबतक 139 बदमाशों को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है। हालांकि इन मुठभेड़ों के दौरान सात पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार के अनुसार राज्य स्तर के चिह्नित 68 माफिया गैंग के सदस्य और सहयोगियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। अबतक विभिन्न माफिया गिरोह के 9 सदस्यों के खिलाफ विभिन्न स्तरों पर कार्रवाई की गई है। इनमें से तीन की गिरफ्तारी की जा चुकी है, जबकि 1 के खिलाफ गैंगेस्टर और 2 के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इसके अलावा भदोही के माफिया विजय मिश्रा के खिलाफ विचाराधीन अभियोग में न्यायालय में सघन पैरवी करते हुए बीते 13 जून को उसे सजा दिलाई जा चुकी है। वहीं मुजफ्फरनगर का 50 हजार का फरार इनामिया माफिया विनय त्यागी उर्फ टिंकू को गिरफ्तार करने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि कानपुर के सऊद अख्तर गैंग का शातिर अपराधी आसिफ उर्फ पप्पू स्मार्ट पर भी 25 हजार का इनाम घोषित था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यही नहीं अंबेडकरन नगर के अजय सिंह उर्फ सिपाही गैंग के सक्रिय सदस्य उत्कर्ष सिंह को भी एसटीएफ ने दबोच लिया है। उत्कर्ष पर भी 25 हजार का इनाम घोषित था। इसके साथ ही मुजफ्फरनगर के कुख्यात माफिया सुशील उर्फ मूंछ की 4.4570 हेक्टेयर जमीन को कुर्क किया गया है, जिसकी कीमत साढ़े चार करोड़ रुपए आंकी गई है। वहीं पुलिस मुठभेड़ में जौनपुर के कुख्यात प्रशांत सिंह उर्फ प्रिंस और मुजफ्फरनगर के दुर्दांत निलेश राय को ढेर किया जा चुका है।

फन मॉल के पास बेहोश मिली लड़की

समृद्धि न्यूज, लखनऊ। गोमती नगर में एक युवती बेहोशी की हालत में मिली है। फन मॉल के पीछे जंगल में युवती अर्धनग्न अवस्था में पड़ी थी। कुछ लोग जंगल में गए तो देखा एक लड़की बेहोशी की अवस्था में है और उसके कपड़े भी अस्त–व्यस्त थे। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सुबह 9.30 बजे पुलिस मौके पर पहुंची और युवती को एंबुलेंस से अस्पताल ले गई। स्थानीय लोगों ने बताया की युवती लोअर और टी–शर्ट में थी लेकिन लोअर फटा हुआ था। वह बेहोशी का हालत में पड़ी थी। सिविल अस्पताल के डॉक्टर ने कहा युवती अभी नशे में है। होश नहीं आया है। देखने से गरीब परिवार की लग रही है। होश में आने के बाद ही कुछ बताया जा सकता है। अस्पताल में भर्ती करने के बाद युवती के कपड़े भी बदले गए हैं। पुलिस ने बताया युवती को सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। युवती से संबंधित किसी तरह की कोई शिकायत नहीं मिली है। कोई परिजन भी सामने नहीं आया है। युवती के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

कमलेश तिवारी हत्याकांड के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किए जाने को लेकर निकाली पैदल यात्रा

समृद्धि न्यूज।

लखनऊ। हिन्दुत्व वादी नेता कमलेश तिवारी की जघन्य हत्या 18 अक्टूबर 2019 को हिंदू समाज पार्टी के खुर्शेदबाग स्थित कार्यालय में दिनदहाडे गोली मारकर और चाकू से गला काटकर इस्लामिक कट्टरपंथियों ने कर दी थी। हत्याकांड के पांच वर्ष के बाद भी मुख्य आरोपी सैयद तनवीर हाशमी की गिरफ्तारी न होने से हिंदू समाज पार्टी के साथ-साथ अन्य हिंदुत्व वादी संगठनों में भारी आक्रोश व्याप्त है। मुख्य आरोपी तनवीर हाशमी की गिरफ्तारी को लेकर हिन्दू समाज पार्टी के पदाधिकारियों के साथ सैकडो की संख्या में कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय कमलेश तिवारी के चित्र के साथ पैदल यात्रा निकाली। जिसका नेतृत्व हिन्दू समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष किरण कमलेश तिवारी ने किया। साथ ही त्तरप्रदेश कार्यकरणी अध्यक्ष गौरव गोस्वामी के साथमें सैकड़ो कार्यकर्ता खुर्शेदबाग स्थित प्रदेश कार्यालय से चलकर कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन सौपा! जिसमें मुख्य मांग तनवीर की गिरफ्तारी, हत्याकांड के केस को प्रयागराज से वापस लखनऊ स्थानांतरित करना, हिंदू समाज पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों को सुरक्षा उपलब्ध कराना साथ ही स्वर्गीय कमलेश तिवारी के बड़े पुत्र को सरकारी नौकरी दिलाना शामिल है। इस अवसर पर हिंदू समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष किरण कमलेश तिवारी ने कहा कि हत्या को इतना समय बीत जाने के बाद भी मुख्य आरोपी तनवीर हाशमी अभी तक गिरफ्तार नहीं हुआ है, यह प्रशासन और सरकार की मंशा पर प्रश्न चिन्ह खड़े कर रहा है।

परिजनों संग धरने पर बैठी रेप पीड़िता मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी की उठाई मांग

- तबीयत बिगड़ने पर पुलिस ने अस्पताल में कराया भर्ती
- मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को भी भेजा था जेल

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के पयागपुर इलाके की रहने वाली किशोरी के साथ दुष्कर्म मामले में एक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

जिससे नाराज गर्भवती रेप पीड़िता देर रात धरने पर बैठ गई थी। गुरुवार सुबह अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई। जिसके बाद पुलिस ने पीड़िता को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जिले के पयागपुर इलाके की रहने वाली रेप पीड़िता का आरोप है कि तीन युवक उसे अगवा कर हरियाणा ले गए थे? जहां पर सभी ने सामूहिक दुष्कर्म किया। परिजनों को जानकारी होने पर उन्होंने पयागपुर पुलिस को जानकारी दी। जिसके बाद चार माह पूर्व पुलिस पीड़िता को हरियाणा से वापस लेकर आई। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ कर जेल भी भेजा था लेकिन एक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी न होने से नाराज पीड़िता बीती रात परिजनों संग कलेक्ट्रेट स्थित धरना स्थल पर धरने पर बैठ गई थी। गुरुवार सुबह पीड़िता की अचानक तबियत खराब होने पर पुलिस ने एंबुलेंस से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

> अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने बताया कि पूरे मामले मे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अन्य फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को लगाया है। जल्द ही उसकी गिरफ्तारी की जाएगी।
>
> रामानंद कुशवाहा, अपर पुलिस अधीक्षक नगर

पांच करोड़ के निर्माण कार्यों की डीएम ने की समीक्षा

- समय से पूरे किए जाएं सभी निर्माण कार्य: जिलाधिकारी

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कलेक्ट्रेट कक्ष में जनपद में चल रहे विभिन्न विभागों के पांच करोड़ से अधिक वाले भवन निर्माण कार्य एवं सड़क, पुल आदि के निर्माण कार्यों की समीक्षा की।

जिसमें उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्यों को समय से पूरा किया जाय। निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई भी समझौता न किया जाए।

जिन भवन निर्माण में बजट के अभाव से कार्य रुका है उसे बजट मंगाकर पूरा किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री स्तर से निर्माण कार्यों की समीक्षा की जाती है अतः कार्यदायी संस्थाएं सभी निर्माण कार्यों को समय से पूरा करें। देर से निर्माण पूरा करने पर शासकीय धन की क्षति होती है। जिलाधिकारी ने कहा कि जो निर्माण कार्य मामूली सी कमी होने के कारण शत प्रतिशत पूर्ण नहीं हो पा रहे है। उन सभी निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। जो कमी है उसे तत्काल पूरा कर कर सम्बन्धित विभाग को हैंडओवर किया जाए। बैठक में डीएसटीओ अरुण सिंह, एडीएसटीओ राजेश पाण्डेय, एक्सईएइएन यूपी सिडको, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, निर्माण खंड 1, सीएण्डडीएस, यूपी आरएनएन, पैक्स फेड, सभी संबंधित निर्माण कार्यदायी संस्था के अधिकारीगण सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

रंजिश को लेकर मां- बेटी को पीटा पुलिस कार्यवाही शून्य

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़। परस पुर थाना क्षेत्र में जमीन के विवाद को लेकर मां बेटी पर हमला कर के घायल कर दिया गया। इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परस पुर थाना क्षेत्र के बरुवा मांझा गांव के निवासी तिलई की 40 वर्षीय पत्नी कोयला उस की पुत्री 14 वर्षीय गुंजना पर बुधवार की देर शाम को घर पर चढ़ कर गांव के ही कुछ दबंगो ने हमला कर के घायल कर दिया। इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल अवस्था मे ममता ने बताया कि उस की आबादी की जमीन पर जबरन कब्जा कर रहे थे। मना करने पर हमला कर दिया। घटना की तहरीर परस पुर थाना पर दी गई। पुलिस ने उस पर कोई कार्यवाही नही किया।

बर्तन की दुकानों में शार्ट सर्किट से लगी आग

- दो दुकानों में 20 लाख का नुकसान, तीन दमकल वाहनों ने पाया आग पर काबू

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

शहर के बिसातखाना बाजार में बर्तन की दुकानों में शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिसमें दो दुकानों में 20 लाख की संपत्ति जलकर राख हो गई। आग लगने से शहर के लोगों में दहशत रही।

शहर के मोहल्ला सलारगंज निवासी राहुल कुमार पुत्र विजय और भगौती की बर्तन की दुकान बिसात खाना बाजार में संचालित है। मोहल्ला ब्राह्मणीपुरा में स्थित बिसात खाना लाइन में दोनों की दुकान बीच शहर में है। बुधवार रात 10 बजे सभी दुकान बंद कर घर चले गए। इसी दौरान शार्ट सर्किट से दुकानों में आग लग गई। आग की लपट देख आसपास के लोगों ने दुकान मालिक को सूचना दी। आग ने विरकाल रूप ले लिया। पास में मौजूद दमकल के तीन वाहन पहुंचे।दमकल कर्मियों ने काफी देर बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक पूरी दुकान जलकर राख हो गई। राहुल बर्तन भंडार में 12 लाख का नुकसान हुआ है। जबकि भगौती की दुकान में सात लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। वहीं बीच शहर में आग लगने की घटना से आसपास के दुकानदारों और निवासियों में दहशत रही।

बाइक को बचाने में कार गड्ढे में पलटी, दम्पति की मौत

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।

खोडारे थाना क्षेत्र के बभन जोत मार्ग स्थित तरैनी चौराहे के पास गुरुवार की दिन एक कार बाइक सवार को बचाने के चक्कर मे अनियंत्रित होकर गहरे गड्ढे में पलट गई जिस में सवार दम्पति की मौत हो गई। आधा दर्जन लोग घायल हो गए। इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खोडारे थाना क्षेत्र के नरसिंह नारायण लाल डीहा गांव के निवासी अक्षय श्रीवास्तव अपने ससुराल इकौना बलराम पुर परिवार के साथ गया था। वही से वापस घर लौट रहा था। अचानक कार के सामने एक बाइक सवार आ गया जिस को बचाने के दौरान कार गहरे गड्ढे में पलट गई। कार में सवार 35 वर्षिय कोमल उर्फ वंदना पत्नी अक्षय श्रीवास्तव, 8 वर्षिय पुत्री राशि श्रीवास्तव, भतीजी23 वर्षिय श्रेया पुत्री विजय प्रकाश श्रीवास्तव, भतीजा 16 वर्षिय मंयक श्रीवास्तव पुत्र धीरेंद्र श्रीवास्तव, भतीजी 12 वर्षीय रूही श्रीवास्तव, भाई 30 वर्षिय मनीष श्रीवास्तव घायल हो गये। आस पास के लोगो और पुलिस ने सभी को गहरे गड्ढे से निकाल कर नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र पर ले गए। हालत खराब होने पर मंयक श्रीवास्तव, श्रेया श्रीवास्तव, राशि और कोमल श्रीवास्तव तथा उस के पति अक्षय श्रीवास्तव को जिला अस्पताल लाया गया।

पति अक्षय और पत्नी कोमल को मृत्यु घोषित कर दिया। बाकी सबका इलाज चल रहा है।

जल जीवन मिशन की वैन को बीडीओ ने किया रवाना

- गांव में दूषित पानी दे रहे हैंडपंप टीम जांच के साथ-साथ स्वच्छता के बारे में भी करेगी जागरूक सहायक विकास अधिकारी (पंचायत)

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।

विकास खंड तरबगंज के ब्लाक परिसर में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के तहत जल जीवन मिशन की गाड़ियो को बीडीओ रवि कुमार व एडीओ पंचायत दुर्गा प्रसाद मिश्र ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान बीडीओ ने कहा कि हर गांव, हर घर को जल जीवन मिशन के तहत जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन गांवो में पानी की टंकी बनकर तैयार हो गई है। वहा घरों तक कनेक्शन पहुचाया जा रहा है। जल जीवन मिशन के तहत लोगों को जल संचयन सम्वन्धी जानकारी भी गांवो में गोष्ठी करावाकर दिया जाएगा। सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) दुर्गा प्रसाद मिश्र ने जल जीवन मिशन टीम का स्वागत करते हुए सराहना किया। कहा कि गांव में दूषित पानी दे रहे हैंडपंप टीम गांव में जाकर के जांच करेगी और लोगो को पानी के बारे मे तथा स्वच्छता के बारे मे जागरूक भी करेगी है। और तत्काल पानी की शुद्धता का पता भी चल जाएगा। इस मौके पर जनजीवन मिशन से अतुल पाण्डेय, सत्यम शर्मा, हरिशंकर पाण्डेय, पंकज राय उपस्थित रहे।

खबरें एक नजर में

मनरेगा के तहत बने तालाब सूखे, उड़ रही धूल

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़। कड़कती धूप व भीषण गर्मी बेजुबानों के लिए मुसीबत का सबब बन गई है। मनरेगा योजना से बनाए गए तालाब सूख चुके हैं और उनमें से धूल उड़ रही है। पानी की तलाश में बेजुबान पशु-पक्षी इधर-उधर भटक रहे हैं। विकास खंड रूपईडीह ब्लॉक में मनरेगा योजना से बने कई तालाबों का निर्माण किया गया लेकिन एक बूंद पानी नहीं है। पानी की किल्लत ना सिर्फ किसानों के लिए है बल्कि पशु-पक्षियों के लिए भी है। मनरेगा योजना के तहत करोड़ों खर्च कर इन तालाबों के संरक्षण की योजना कागजों तक ही सीमित होकर रह गई है। क्षेत्र में गोपाल बाग, गोकरननाथ शिवाला, आर्य नगर, मंगलनगर गांवों में पानी की घोर किल्लत है। रग्घू बाबा समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष राजकुमार दुबे ने प्रशासन को पत्र लिखकर मांग की है कि ग्राम पंचायतों में बने हुए तालाबों में पानी भरवाया जाय जिससे बेजुबान पशु पक्षियों को पानी मुहैया हो सके और उन्हें राहत मिल सके।

ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़। सफर के दौरान एक 36 वर्षिय युवक की ट्रेन से गिर कर मौत हो गई। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। गोरखपुर जनपद के खोरा बाद थाना क्षेत्र के नदुवा बारी टोला निवासी दीपू सिंह पुत्र शैलेंद्र सिंह ट्रेन से घर जा रहा था। बुधवार की देर रात्रि में कचहेरी रेलवे क्रासिंग के पास ट्रेन से गिर गया। इलाज के लिए उस को जिला अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के बड़े भाई धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि उस का छोटा भाई दीपू सिंह गोवा में रहकर पेंटिंग का कार्य करता था। छुट्टी लेकर घर लौट रहा था। पुलिस के द्वारा उस के मोबाइल पर फोन कर के बताया गया।

प्रधान ने लेखपाल पर लगाया घूसखोरी का आरोप

हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। विकासखंड हैदरगढ़ अंतर्गत थानपुर ग्राम पंचायत की महिला प्रधान ने हल्का लेखपाल पर अभद्र व्यवहार एवं मनमानी पूर्ण कृत्य करने का आरोप लगाया है इस संबंध में उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर रिश्वतखोर दबंग लेखपाल के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। ग्राम पंचायत की महिला प्रधान विद्यावती ने उप जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन निर्माण का कार्य 6 माह पहले ही पूरा हो चुका है तथा घर-घर कनेक्शन भी दिए जा चुके हैं किंतु लेखपाल ने अपने निजी लाभ के लिए अधिकारियों को गुमराह करके ग्राम पंचायत की भूमि में स्थित जंगल जलेबी के तीन पेड़ जिनकी कीमत 30000 है, उन्हें भूमि प्रबंध समिति का अध्यक्ष होने के बावजूद बिना सूचना दिए ही 4,500 रुपए में नीलाम कर दिया है जबकि उक्त पेड़ों का पाइप लाइन से कोई लेना देना नहीं है। यही नहीं भूमि गाटा संख्या 151 पर स्थित तालाब का सीमांकन करने को कहा गया था किंतु लेखपाल मौके पर जाकर अवैध कब्जेदारो से रुपए लेकर लौट आए और तालाब का सीमांकन कार्य नहीं किया।

दबंगों ने कटीले तार लगाकर रास्ता किया अवरुद्ध, भटक रहा पीड़ित

कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़

कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव में लोगों ने दबंगई के बल पर बांस बल्ली व कटीला तार लगाकर एक परिवार का रास्ता बंद कर दिया है। पीड़ित जिम्मेदार अधिकारियों के चक्कर लगाने को मजबूर है।

मामला कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के ग्राम नरायनपुर मांझा के मजरा छगड़िहन पुरवा का है। यहां के निवासी मोहन यादव ने प्रभारी निरीक्षक के साथ उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि उसका मकान करीव सौ वर्ष पुराना है। उसकी आवादी की भूमि में उसका आने जाने का रास्ता था जिससे होकर वह मुख्य सड़क तक पहुँचता था। करीब दस दिनों दिन पूर्व वह बाजार आया था,जिसका फायदा उठाकर गांव के ही कुछ लोगों ने बांस बल्ली गाड़कर कटीले तार से घेरकर रास्ता बंद कर दिया है। महिलाओं के विरोध करने पर आरोपीगण गाली देते हुए दरवाज़े पर पहुँचकर जान से मार डालने की धमकी देने लगे और कहा की इस जमीन को भूल जाओ नही तो तुम्हारे परिवार के सदस्य सुरक्षित नही बचेंगे।

तब से उसका परिवार एक सीमित परिसर में कैद है। उपजिलाधिकारी भारत भार्गव ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्नलगंज को जांच कर न्यायोचित कार्रवाई करने व शांति व्यवस्था कायम रखने का निर्देश दिया गया है।

रात में आयी बौछारों ने भीषण गर्मी से दी राहत

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश में तप रहा सूरज लोगों को बेहाल किए हुए था। तराई में स्थित जिले में हाल और भी बेहाल था। पारा 44 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच बीते एक सप्ताह से रिकॉर्ड हो रहा था, जिसके चलते लोगों की मुसीबतें बढ़ गई थी।

गर्मी से बेहाल लोग अस्पताल पहुंच रहे थे। हालांकि पखवारे भर से पड़ रही भीषण गर्मी से बुधवार रात 10:00 बजे के आसपास बहराइच के लोगों को निजात मिली, साफ आसमान में अचानक तेज हवाएं चलीं, यह हवाएं कुछ देर में धूल भरी आंधी में तब्दील हो गयीं, रात का समय होने के चलते लोग अपने छतों पर पहुंच गए, जब लोग आंधी से राहत महसूस कर रहे थे इसी दौरान आसमान में बिजलियां कड़कने लगी, बादल गरजने लगे और कुछ देर में बूंदाबांदी शुरू हो गई। थोड़ी ही देर में बूंदे बौछारों में तब्दील हो गई।

अचानक शुरू हुई बारिश से गर्मी से बेहाल लोगों ने राहत की सांस ली।मौसम विभाग की माने तो यह प्री मानसून बारिश है, गुरुवार देर रात फिर बौछारों से जनपद सराबोर हो सकता है, इसके बाद बादल आते जाते रहेंगे, अगले सप्ताह मंगलवार से लगातार बारिश होने के संकेत मिल रहे हैं। अगले सप्ताह ही उत्तर प्रदेश में मानसून के भी दस्तक देने की उम्मीद जताई जा रही है।

नगर पंचायत रिसिया में गायब है विद्युत आपूर्ति

नगर पंचायत रिसिया में बुधवार रात 10 बजे आयी आंधी पानी से विद्युत आपूर्ति ठप हो गई और करीब 20 घंटे होने को है लेकिन सप्लाई नही दी गई। जब ऐसा आलम नगर पंचायत व कस्बे जैसे क्षेत्र का है तो ग्रामीण क्षेत्रों का क्या होता होगा। ये कोई पहली बार नही है जो सप्लाई ठप हुई है लगातार आधी पानी आते ही सप्लाई ठप हो जाती है इसके बाद कब आती है ये भगवान भरोसे निर्भर करता है।

बारिश मे मुसीबत बन रही जल निकासी की समस्या

नगर पंचायत रिसिया में आधे घंटे बारिश होने पर जल निकासी की समस्या उत्पन्न हो जाती है। लगातार 10 सालों से ये समस्या बनी हुई है।थाना रिसिया, गायत्री नगर , सरस्वती नगर, मोहम्मद नगर जैसे वार्डों में जल निकासी की बनी हुई है।जिसका मुख्य कारण है तालाबों की सफाई न होना और वार्ड का पानी जाएं कहां। तालाब मे कचरा पट रहा है तो पानी कहां जाएं।इसके चलते जल निकासी की समस्या से निजात नही मिल रहा है।

रोडवेज परिसर में मिला युवक का शव

- आईपीएस के यहां काम कर रहा रहा था मृतक, परिवार के लोगों ने संदिग्ध मौत की जताई आशंका

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

फखरपुर थाना क्षेत्र निवासी एक युवक लखनऊ में एक आईपीएस अधिकारी के यहां काम करने के लिए 12 दिन पूर्व गया था। वह बुधवार को लखनऊ से घर के लिए रवाना हुआ। उसका शव रोडवेज परिसर में मिला। भाई ने मौत को संदिग्ध बताते हुए शव का पोस्टमार्टम करवाने के लिए पत्र दिया है।फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हैबतपुर के मजरा गंगापुर निवासी धर्मेंद्र शुक्ला (35) पुत्र मूलचंद्र शुक्ला बेरोजगार था। किसी के माध्यम से उसका काम लखनऊ में आईपीएस अधिकारी अरविंद भूषण पांडेय के यहां घर पर काम करने के लिए लगा। जिस पर वह 12 दिन पूर्व लखनऊ में आईपीएस अधिकारी के यहां काम करने के लिए गया। बुधवार को युवक घर के लिए रवाना हुआ। लेकिन वह घर नहीं पहुंचा।रात आठ बजे से नौ के मध्य उसका शव रोडवेज परिसर में पड़े होने की सूचना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा दी गई। जिस पर परिवार के लोग रोते बिलखते मौके पर पहुंचे।

धर्मेंद्र के भाई वीरेंद्र शुक्ला ने मौत को संदिग्ध बताया। साथ ही शव पोस्टमार्टम करवाए जाने की मांग की। जिस पर कोतवाली नगर की पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सीओ के स्थानान्तरण पर एसपी ने दी विदाई

बहराइच, समृद्धि न्यूज़। जनपद मे क्षेत्राधिकारी लेखा,डायल-112 के पद पर कार्यरत पुलिस उपाधीक्षक इरफान अहमद सिद्दीकी के फायर सर्विस मुख्यालय, लखनऊ स्थानांतरण पर प्रस्थान करने पर गुरुवार को पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला द्वारा पुष्प गुच्छ देकर, कार्यकाल के दौरान किये गये पदीय कर्तव्यों की सराहना की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। इस अवसर पर पुलिस कार्यालय मे उपस्थित अपर पुलिस अधीक्षक, नगर रामानन्द कुशवाहा, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसोदिया, क्षेत्राधिकारी नानपारा राहुल पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह, गोपनीय सहायक संजय सिंह, पीआरओ शिवेश शुक्ला व अन्य अधिकारी कर्मचारी के द्वारा उन्हे माला पहनाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

गर्मी से राहत दिलाने के लिये राहगीरों को पिलाया शर्बत

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के निर्देशन में सोशल मीडिया सेल में नियुक्त कर्मियों द्वारा ठंडे शरबत राहगीरों को वितरित किया गया एवं इस हीट वेब में पड़ रही भीषण गर्मी और झुलसा देने वाली धूप में रोजमर्रा के काम करने वाले लोग रास्तों पर पस्त हो जाते हैं तथा जून माह में तो गर्मी ने रिकार्ड तोड़ दिये हैं इस रिकार्ड तोड़ गर्मी से राहगीरों को राहत पहुँचाने के उद्देश्य से आज बृहस्पतिवार के दिन पुलिस कर्मियो द्वारा एसएसपी आवास के बाहर एसएसपी चौराहे पर कैम्प लगाकर राहगीरों को ठंडा मीठे पानी के शरबत का वितरण किया गया और उनकी प्यास बुझाई गयी। इस अवसर पर सोशल मीडिया सेल में नियुक्त पुलिस कर्मियो द्वारा मुहिम चलाकर कहा गया कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है।

अमृत सरोवर निर्माण कार्य में लग रहा घटिया मेटेरियल

- सीडीओ ने जांचकर कार्यवाही के दिए निर्देश

नानपारा,बहराइच समृद्धि न्यूज़।

शिवपुर ब्लाक क्षेत्र के रामपुर धोबियाहार ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर निमार्ण कार्य चल रहा है। आरोप है कार्य मानक विहीनता के साथ करवाया जा रहा हैं।

इसकी शिकायत कई बार ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारी से की है। साथ ही दूरभाष पर संपर्क कर शिकायत करने की कोशिश की लेकिन ब्लाक के अधिकारियों का फोन नहीं उठा। शिवपुर ब्लाक क्षेत्र अन्तर्गत रामपुर धोबियाहार ग्राम पंचायत में अति प्राचीन मन्दिर बाबा बूढ़ेस्वर नाथ नाम से स्थापित हैं। प्रत्येक दिन हजारों श्रद्धालुओं का आना-जाना यहां पर बना रहता है। भारी संख्या में लोग यहां पर आकर तालाब में स्नान करते हैं। इसी मंदिर के पीछे अमृत सरोवर का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। जिसमें मानक को दरकिनार किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि अमृत सरोवर निर्माण में पीले ईंट का प्रयोग किया जा रहा है।जो कुछ ही दिन बाद यह अपने आप गिरने लगेगा। सरकार की मंशा के अनुसार गांव में अमृत सरोवर इस लिए बनाया जाता है। कि भविष्य में जल संरक्षण हो सके।

लेकिन इस तरीके से मानक विहीनता से बन रहे अमृत सरोवर का कोई मतलब नहीं। जब वह कुछ ही दिनों में ढह जाएगा। वहीं इस मामले में मुख्य विकास अधिकारी राम्या आर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

विवेकानंद यूथ अवार्ड से सम्मानित होंगे मंगल दल के कार्यकर्ता

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

युवा कल्याण विभाग की ओर से वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए सक्रिय मंगल दलों को उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों के लिए विवेकानंद यूथ अवार्ड दिया जाएगा।

यह अवार्ड विकासखंड एवं जिला स्तर पर चयनित मंगल दलों को दिया जाएगा। विकासखंड में कोई भी एक युवक अथवा महिला मंगल दलों के चयन की अंतिम तिथि 30 जून है। जिन भी मंगल दल सदस्यों/ अध्यक्षों ने विगत वित्तीय वर्ष में सामाजिक कार्य में युवाओं को विकास कार्यक्रम के विभिन्न क्षेत्रों तथा खेलकूद, वृक्षारोपण, परिवार कल्याण, रक्तदान, नशा मुक्ति, जल संरक्षण, स्वच्छता कार्यक्रम, मतदाता जागरूकता, जैविक खेती, राष्ट्रीय एकीकरण के कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया हो, वह अपने सभी किए हुए कार्यों की फोटोग्राफ क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी के पास 30 जून तक किसी भी कार्य दिवस में जमा कर सकते है। समाजसेवा संबंधी कार्यो को विशिष्ट पहचान देने के लिए प्रदान किया जाने वाले उक्त अवार्ड संबंधी अधिक जानकारी के लिए विकासखंड जरवल में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी से संपर्क करते हुए अपनी सभी फोटो एवं फाइल जमा कर सकते हैं।

उप्र लेखपाल संघ ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

- यातायात निरीक्षक पर कार्यवाही की उठाई मांग

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए यातायात पुलिस प्रभारी पर कार्रवाई की मांग की। सभी का कहना है कि चालान के समय यातायात निरीक्षक ने अभद्र व्यवहार नायब तहसीलदार के साथ की।

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के जिला अध्यक्ष जयराज सिंह की अगुवाई में बृहस्पतिवार को लेखपाल जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट में एकत्रित हुए। यहां पर सभी ने मोतीपुर तहसील के नायब तहसीलदार अर्सलान उर रसीद के साथ की गई अभद्रता को लेकर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यातायात पुलिस प्रभारी ने नायक तहसीलदार की गाड़ी का पीछा करते हुए वीडियो बनाया पत्नी की मौजूदगी में अभद्र व्यवहार किया। इसके बाद वीडियो वायरल करना उनकी निजता का उल्लंघन है। ऐसे में यातायात निरीक्षक के विरुद्ध कार्यवाई की जाए। प्रदर्शन के बाद सभी ने डीएम को ज्ञापन दिया। इस दौरान जिला मंत्री महेंद्र कुमार मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उपकार मिश्र, कनिष्ठ उपाध्यक्ष वशीरूद्दीन, उप मंत्री आनंद सिंह पवार, कोषाध्यक्ष विजय कुमार, संप्रेक्षक उमेश कुमार पाठक समेत अन्य मौजूद रहे।

अग्निशमन गाड़ियों के सायरन से गूंजा कलेक्ट्रेट

रायबरेली। समृद्धि न्यूज

गर्मी के मौसम में आगजनी की आशंका कई गुना ज्यादा बढ़ जाती है। ऐसे हालात में आग से बचाव संबंधी लोगों में जागरूकता लाने के लिए में फायर फाईटिंग मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिला कार्यालय परिसर में आयोजित ड्रिल में अग्निशमन विभाग द्वारा आग के विभिन्न प्रकार एवं उससे बचाव की उपयोगी जानकारी दी गई।

निवास स्थान पर ज्वलनशील पदार्थ का न करें भंडारण

आम जनता से अपील की है अग्निदुर्घटना से बचाव हेतु लोग सजग रहें। अपने निवास स्थान पर किसी भी प्रकार की ज्वलनशील पदार्थ जैसे पेट्रोल, डीजल, किरोसीन, तारपीन तेल, स्पिरिट आदि का भण्डारण न करें।

- अधिकारियों ने सीखा अग्निशमन औजारों के इस्तेमाल

मॉक ड्रिल में कई लोगों ने अग्निशमन औजारों का व्यावहारिक उपयोग करना सीखा। आगजनी संबंधी लोगों की शंकाओं का समाधान भी किया गया।

सिलेंडर मे लगी आग बुझाने के बताये गये तरीके

अग्निशमन अधिकारी ने घरेलू गैस सिलेंडर से आग लगने पर बचाव की जानकारी देते हुए आग बुझाने के तरीके को करके बताया। बताया कि सिलिंडर में आग लगने पर सबसे पहले सूती कपड़े को पूरी तरह से गीला कर पूरी तरह ढंक दें। सिलेंडर में लगी आग कुछ मिनटों में स्वतः बुझ जायेगा। अगर पाइप में आग लगी है तो रेग्युलेटर को तुरंत बंद कर दें। किचेन को ज्वलनशील पदार्थों से मुक्त रखने की सलाह दिया। कहा कि आग पकड़ने वाली खाद्य सामग्री और पैकेट बंद सामान को सिलेंडर और चुल्हे से दूर रखने, अगलगी से बचाव के लिए बाल्टी में मिट्टी और बालू भरकर रखना चाहिए। जिससे आग लगने पर तुरंत इसका इस्तेमाल कर आग से बचा जा सकता है। क्षेत्र में अगलगी की घटना होने पर तुरंत स्थानीय पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचित करने की अपील किया ताकि समय रहते आग पर काबू पाया जा सके।

न.पं. डलमऊ की बोर्ड बैठक में कई प्रस्ताव पास

डलमऊ, रायबरेली। समृद्धि न्यूज

गुरुवार को नगर पंचायत डलमऊ की बोर्ड बैठक अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़ की अध्यक्षता में आयोजित की गई।जिसमें 15वीं वित्त आयोग के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यों पर चर्चा की गई।जिसमें बोर्ड सदस्यों द्वारा विभिन्न मार्गों के रोड क्रॉस इंटरलॉकिंग,नव निर्माण जल निकासी सहित अन्य कार्य पर कार्यवाही करने की मांग की गई। मियांटोला सभासद पंकज जायसवाल ने नए इंडिया मार्का हैंड पंप लगाने एवं रिबोर करने,शंकर नगर सभासद सुनीता जायसवाल ने जल निकासी की व्यवस्था करने, सभासद रेशमा बानो ने खड़ंजा बनवाए जाने,मोहल्ला शेखवाड़ा में बारात घर का नवनिर्माण कराने, सभासद विनोद निषाद द्वारा कार्तिक पूर्णिमा मेला 2022 एवं 23 का भुगतान न होने पर गहरी नाराजगी बताते हुए जल्द से जल्द भुगतान कराऐ जाने की मांग की।

जिस पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि इस संबंध में जिला अधिकारी से चर्चा की गई है जल्द ही भुगतान जारी किया जाएगा। मोहल्ला शेरंदाजपुर में निषाद राज पार्क का नवीनीकरण का प्रस्ताव रखा गया। बोर्ड बैठक में बोर्ड सदस्य द्वारा रखे गए प्रस्ताव एवं अन्य कार्यो को अध्यक्ष ने पास करते हुए शीघ्र अति शीघ्र कार्य करने की बात कही। इस मौके पर सभासद विनीत जायसवाल, विनोद जायसवाल, सुनीता जायसवाल, रेशमा बानो, शकील अहमद, लिपिक सोहराब अली, सतीश जायसवाल एवं अन्य लोगों उपस्थित रहे।

खड़ी जीप बरामदा तोड़ते हुए दीवार से टकराई

ऊंचाहार, रायबरेली। समृद्धि न्यूज

रायबरेली जिले की ऊंचाहार कोतवाली में गुरुवार सुबह हड़कंप मच गया। कोतवाली परिसर में खड़ी पुलिस जीप में लगी चाबी एक व्यक्ति ने घुमा दी। इससे जीप स्टार्ट होकर रसोई घर के बरामदे को तोड़ते हुए दीवार में जा टकराई। इससे रसोई घर का बरामदा भरभरा कर गिर गया और दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गई।

जीप में भी काफी नुकसान हुआ है। गनीमत रही कि जनहानि होने से होने से बच गई।कोतवाली की जीप रोज की तरह कोतवाली परिसर में रसोई घर के सामने खड़ी थी। लापरवाही के चलते जीप में चाबी लगी रह गई। बताया जाता है कि इसी बीच वहां सिपाहियों की सेविंग बनाने वाला कोहिनूर नाम का एक व्यक्ति पहुंचा और उसने जीप की चाबी घुमा दी, जिससे जीप स्टार्ट हो गई। जीप गियर में थी , इसलिए तेजी से जीप जाकर सामने दीवार से टकराई और दीवार व टीन शेड तोड़ते हुए अगली दीवार के पास जाकर रुक गई अचानक हुई इस घटना से कोतवाली में हड़कंप मच गया। भागकर सिपाही और दरोगा मौके पर पहुंचे । गनीमत थी कि हादसा भोर में होने के कारण वहा पर कोई मौजूद नहीं था। यदि यह घटना दिन में होती तो काफी जनहानि हो सकती थी। कोतवाली की दीवार और जीप को काफी क्षति हुई है। पुलिस ने जीप की चाबी घुमाने वाले कोहिनूर निवासी कंदरावा को हिरासत में लिया है, लेकिन इस बाबत अधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है।

चोरी के माल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

महराजगंज,रायबरेली। सामान के साथ चोर हुआ गिरफ्तार अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्रवाई के अंतर्गत दिनांक 18 जून 2024 को थाना महराजगंज पुलिस टीम द्वारा थाने में पंजीकृत मुकदमा के वांछित अभियुक्त लव कुश पुत्र रामसेवक निवासी ग्राम मोहनगंज थाना शिवगढ़ रायबरेली को चोरी के समान के साथ थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया ।जिसके विरुद्ध थाना महराजगंज में वैधानिक कार्रवाई करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। अभियुक्त का नाम लवकुश पुत्र रामसेवक निवासी ग्राम मोहनगंज थाना शिवगढ़ जिला रायबरेली लव कुश के पास से 6160 रुपए नगद दो जोड़ी पायल (सफेद धातु) एक अदद (अंगूठी सफेद) धातु एक अदद मोबाइल (ओप्पो कंपनी) का बरामद हुआ है।

मुख्यमंत्री के आदेश पर पुलिस हाईअलर्ट

- प्रेशर हॉर्न, लाल, नीली बत्ती और हूटर लगी गाड़ियों के खिलाफ चला अभियान

रायबरेली। समृद्धि न्यूज

क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को वाहनों में अनाधिकृत रूप से हूटर, सायरन, लाल नीली बत्ती,पद सूचक, शीशों में ब्लैक फिल्म लगाकर चलनें वालों का चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान वाहनों की चेकिंग करते हुए उनमें अनधिकृत रूप से लगे पाए जाने पर हूटर,सायरन, लाल नीली बत्ती,प्रेशर हॉर्न निकलवाये गये , वाहनों के शीशे में काली फिल्म लगी पाई जाने पर काली फिल्म निकलवाई गई, साथ ही जिन वाहनों में पद सूचक शब्द अनाधिकृत रूप से लिखे हुए थे वह मिटवाए गए । उपरोक्त प्रकार के सभी वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई तथा बिना नंबर प्लेट के चलने वाले वाहन तथा अपूर्ण नम्बर प्लेट वाले वाहनों एवं मोडीफाइड साइलेंसर लगा कर चलने वाले वाहनों की चेकिंग की गई। साथ ही सड़क के किनारे वाहन खड़ा करके दुर्घटना का कारण बनने वाले वाहनों के विरुद्ध भी चेकिंग व प्रवर्तन कार्रवाई की गई , एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध भी चेकिंग अभियान चलाया गया । उक्त संपूर्ण अभियान के दौरान पूरे जनपद में कुल 412 चालान करते हुए 656000 रूपये का जुर्माना योजित किया गया।

कार और टेंपो की टक्कर में 10 घायल, छह घायल

रायबरेली। जिले के जगतपुर कस्बे में कार व टेंपो की भिड़ंत 10 लोग घायल हो गए। 6 घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल किया गया है। प्रयागराज निवासी अतीक अहमद, शहनाज आदि कार से नैनीताल जा रहे थे। जगतपुर कस्बे में रायबरेली की तरफ से आ टेंपो और कार में टक्कर ही गयी। इसमें शहनाज को गंभीर चोट आई है। ऑटो सवार प्रीति पत्नी आशीष निवासी चडरई थाना ऊंचाहार को गंभीर चोट आई है। इसके अलावा सरिता पत्नी कंचन, कमलेश पुत्र शांतिलाल, ज्ञानवती पत्नी लाल बहादुर भी घायल हुए हैं। इसमें से प्रीति, शहनाज, ज्ञानवती, रिराजू हसन समेत छह घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। अभी पुलिस को तहरीर नहीं मिली है।

खबरें एक नजर में

सड़क हादसे में युवक की मौत, दो की हालत गंभीर

रायबरेली। दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में एक युवक की मौके पर हुई दर्दनाक मौत वहीं दो लोग गंभीर रूप से हुए घायल मामला भदोखर थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरगंज गांव के पास का है जहां सब्जी बेचकर घर जा रहे हैं युवक पवन को सामने से आ रहे बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें पवन निवासी मनेहरू थाना भदोखर की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई वहीं राजू पुत्र संतराम व दिनेश पुत्र श्री राम गंभीर रूप से घायल हो गए, सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक पवन के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

हाईटेंशन की चपेट मे आने से मवेशी की मौत

बछरावां,रायबरेली। थाना क्षेत्र के कुंडौली गांव में विद्युत विभाग की घोर लापरवाही के चलते हाई टेंशन लाइन का तार टूट कर जमीन पर गिर गया ।इसकी चपेट में आने से एक भैंस की मौत हो गईद्य इस घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। कुंडौली गांव के रहने वाले सतनू पुत्र रामेश्वर अपनी भैंस खेतों की तरफ चराने के लिए लेकर गए थे पर पहले से वहाँ 11000 लाइन का हाई टेंशन तार टूट कर जमीन पर पड़ा था। जैसे ही भैंस तारों की चपेट में आई वह उसी में चिपक गई और उसकी तड़प तड़प कर मौत हो गई सूचना पर पहुंचे सतनू ने अपनी भैंस को मरा हुआ देखकर मामले की सूचना विद्युत विभाग को दी। विद्युत विभाग ने आनन फानन टूटे हुए तार को दुरुस्त कराया। इस घटना से ग्रामीण में आक्रोश व्याप्त है।

व्यापारी नेता ने क्षेत्र के विकास में लगा दिया रोड़ा

महराजगंज, रायबरेली। नगर पंचायत द्वारा महराजगंज का विकास हो साथ-साथ लोगों को रोजगार मिलता रहे इसके लिए मेला ग्राउंड पर नगर पंचायत द्वारा दुकानों का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। वही अपने आप को व्यापार मंडल अध्यक्ष कहनें वाले एवं अन्य दो चार व्यापारियों द्वारा लगातार मेला ग्राउंड पर बन रही दुकानों का विरोध किया जा रहा है कि यहां पर दुकान ना बने जबकि दुकान बनने से कस्बे का ही विकास होगा और जो भी व्यापारी इन दुकानों को लेगा और व्यापार करेगा और साथ-साथ लोगों को भी फायदा मिलेगा लेकिन शायद यह बात महराजगंज के कुछ लोगों को भा नहीं रही और वह लगातार इसका विरोध करते चले आ रहे हैं। वही सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने पर जहां प्रशासन द्वारा 7 लोगों पर मुकदमा लिखा गया उसके बावजूद भी लगातार दुकान न बने इसका विरोध किया जा रहा है जबकि उपजिलाधिकारी द्वारा नगर पंचायत के कार्य को सही बताया गया है उसके बावजूद भी लगातार दुकानों का विरोध आखिर क्यों किया जा रहा है अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अमित कुमार उर्फ रिंकू जायसवाल द्वारा अभी कुछ दिन पहले भी व्यापारियों के खिलाफ अतिक्रमण के विषय में शिकायत की गई थी कुछ दिन पूर्व अतिक्रमण की शिकायत पर अधिकारियों द्वारा महराजगंज कस्बे में अतिक्रमण साफ करते हुए कई दुकानदारों को इससे काफी नुकसान हुआ था उस वक्त मौजूदा अध्यक्ष प्रतिनिधि ने अधिकारियों से बात कर व्यापारियों द्वारा खुद अतिक्रमण हटा लेंगे जिस पर अधिकारी मान गए और व्यापारियों ने अपना अतिक्रमण हटाकर सरकारी जमीन खाली कर दी। लेकिन आए दिन व्यापारी नेता और उनकी टीम द्वारा लगातार व्यापारियों को ही परेशान करते हैं।

शारदा नहर में नहाने आया युवक डूबा, खोजबीन जारी

- पुलिस के साथ गोताखोरों ने शुरू की युवक की खोजबीन
- समाचार लिखे जाने तक नहीं मिला युवक का सुराग

बछरावां ,रायबरेली। समृद्धि न्यूज

दोस्तों के साथ शारदा नहर में नहाने आया एक युवक गुरुवार की दोपहर करीब 2:00 बजे के आसपास पानी में डूब गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने खोजबीन की परंतु पता नहीं चला, गोताखोरों को भी उक्त युवक की तलाश के लिए लगाया गया है। समाचार लिखे जाने तक उसका पता नहीं चल सका है। मौके पर पहुंचे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। उन्नाव जनपद के मौरावां थाने के कटरा मजरे हिलौली गांव के रहने वाले 11 लड़के, जिनमें अहमद हसन उम्र 22 वर्ष पुत्र मेहंदी हसन, सलमान उम्र 26 वर्ष व सरदार उम्र 13 वर्ष पुत्र गण छेदन, असलम उम्र 27 वर्ष पुत्र रजा अहमद, सफीक उम्र 25 वर्ष पुत्र मुन्ना, इदरीश उम्र 24 वर्ष पुत्र अब्बू, उज्जवल उम्र 22 पुत्र पुष्पराज , सूरज उम्र 21 वर्ष पुत्र पुष्पराज, बबलू उम्र 20 वर्ष पुत्र कल्लू ,निहाल उम्र 25 वर्ष पुत्र मिलन तथा गुड्डू उम्र 25 वर्ष पुत्र मोहम्मद उमर शामिल है। किसी काम के सिलसिले में बछरावां कस्बे आए थे ।सभी ने यह कहा कि बछरावां कस्बे के बगल में निकली शारदा नहर में नहा लिया जाए । दोपहर लगभग 2:00 बजे के करीब सभी उसमें नहाने लगे, इसी दौरान अहमद हसन उम्र 22 वर्ष पुत्र मेहंदी हसन अचानक पानी में कहीं लापता हो गया। अहमद हसन के गायब होते ही सभी दोस्तों के हाथ पांव फूल गए।

मामले की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने खोजबीन की परंतु जब पता नहीं चला तो गोताखोरों को मौके पर बुलाया गया। समाचार लिखे जाने तक लापता अहमद हसन का पता नहीं चल सका है। सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंच गए हैं सभी का रो-रोकर बुरा हाल है इस बारे में थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि गोताखोरों को लगाया गया है खोजबीन की जा रही है।

लड़की से मिलने आए युवक को ग्रामीणों ने पीटा, वीडियो वायरल

बछरावां ,रायबरेली। समृद्धि न्यूज

थाना क्षेत्र के अंतर्गत जुनिहा गाँव में एक लड़की से मिलने आए युवकों को ग्रामीणों ने चोर समझ कर बंधक बनाकर जमकर पीटा, वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल, घटना बीते 18 जून की बताई जा रही है। ग्राम जूनिहा थुलेडी चौकी अंतर्गत एक बाइक पर तीन युवक रात में गांव पहुंचे। गांव के ही एक लड़की से मिलने आए हुए थे। एक युवक गांव के बाहर बाइक के पास खड़ा हुआ था। तथा गांव के अंदर दो युवकों के पहुंचते ही गांव के लोगों ने चोर समझ कर चिल्लाना शुरू कर दिया। चिल्लाने की आवाज सुनते ही मौके पर लाठी डंडे लेकर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। और उन दोनों युवकों को पड़कर पेड़ में रस्सी से बांधकर जमकर मारा पीटा। वायरल वीडियो में आप साफ देख सकते हैं, कि युवक किस तरह न करने की विनती कर रहे हैं। मारपीट के बाद सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस ने बंधक बनाए गए दो युवकों को अपने कब्जे में लिया।

तथा गांव के बाहर खड़े हुए युवक को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। तीनों युवक महाराजगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोटवा मदनिया के बताए जा रहे हैं।तीनों युवकों को चौकी लेकर आया गया है। इस बाबत चौकी प्रभारी वागीश मिश्रा ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है, आगे की कार्यवाही की जा रही है।

ब्लॉक व जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का होगा आयोजन

खीरों रायबरेली। समृद्धि न्यूज

- 23 जून 2024 को खीरो ब्लॉक के सरस्वती इंटर कालेज ग्राउंड में होगी प्रतियोगिता

जीव एकता फाउंडेशन की ओर से होने वाली ब्लॉक व जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का कार्यक्रम घोषित किया गया हैं जो कि 23 जून 2024 को खीरों ब्लाक के सरस्वती इण्टर कॉलेज ग्राउंड में होगा वही बच्चो को सम्मानित करने के लिये देवराज यादव बबेरू प्रदेश अध्यक्ष कार्यकारी अखिल भरतीय यादव महा सभा उत्तर प्रदेश, डॉ0 संजय कुमार , एम आर रंजन राष्ट्रीय सयोंजक सम्मानित पदाधिकारी गड बच्चो को सम्मानित करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार आपको बता दे कि इस प्रतियोगिता में खेले जाने वाले खेल जिनमे गोला फेक, दौड़,ऊँची कूद,लम्बी कूद,चक्का फ़ेक आदि प्रतियोगिताएं सामिल हैं जिसमे इच्छुक बालक व बालिकाएं प्रेषक कुलदीप से संपर्क कर सकते हैं उनका संपर्क सूत्र नम्बर हैं कि 8979032117 हैं।

ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

एक दिवसीय रोजगार मेला 21 जून को

रायबरेली। जिला सेवायोजन कार्यालय (मॉडल कॅरियर सेंटर), रायबरेली के द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ÷मिशन रोजगार के अन्तर्गत, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गोरा बाजार, रायबरेली में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 21 जून 2024 को किया जा रहा है। रोजगार मेले में लगभग 03 कम्पनियों द्वारा टेक्निकल एवं नॉन टेक्निकल पदों पर योग्यता अनुसार चयन किया जाएगा। जिसमें आयु 18 से 30 वर्ष के अभ्यर्थी हाई स्कूल, इंटर, स्नातक व आई.टी.आई योग्यता के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं। मेला में प्रतिभाग करने हेतु विभागीय पोर्टल पर नियोजकों व अभ्यर्थियों द्वारा पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।

सीएचसी की व्यवस्थाएं चरमराई

एक ही बेड पर दो मरीज, चढ़ रहा है ग्लूकोज

बछरावां ,रायबरेली। समृद्धि न्यूज

भीषण गर्मी के कारण सीएचसी में अचानक भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या बढ़ गई है। अस्पताल में बेड कम पड़ गए हैं। एक बेड पर दो मरीजों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। बुधवार को पश्चिम गांव निवासी प्रभाकर उम्र 52 वर्ष पुत्र करुणा शंकर को उल्टी, पेट दर्द के बाद सीएचसी में भर्ती कराया गया। उनके बेड पर कन्नांवा निवासी सिद्धार्थ उम्र 3 वर्ष पुत्र केशव गौतम को निमोनिया की चपेट में आने पर भर्ती कर दिया गया। रसूलपुर निवासी राजकुमारी उम्र 30 वर्ष पत्नी उमाशंकर व थुलेंडी निवासी कामिनी उम्र 12 वर्ष पुत्री हरिश्चंद्र को भी एक ही बेड पर भर्ती कर इलाज किया गया। अन्य बेडों पर भी दो-दो मरीजों को भर्ती किया गया। इससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सीएचसी में अव्यवस्थाओं का अंबार भी है। पंखे भीषण गर्मी में आग उगल रहे हैं। दवाएं भी कम पड़ गई हैं। मरीजों को इलाज करवाने के लिए बाजार से दवाएं खरीदनी पड़ रही हैं। सीएचसी अधीक्षक अनिल कुमार जैसल ने बताया कि मरीज ज्यादा आ रहे हैं। गंभीर मरीजों को भर्ती करके इलाज करना जरूरी है।

इसी कारण एक-एक बेड पर दो-दो मरीजों को भर्ती करके इलाज किया जा रहा है। कभी कभार ही ऐसा होता है। ज्यादा मरीजों के आने से दिक्कतों को सामना करना पड़ता है।

माटीकला शिल्पकारों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

रायबरेली। समृद्धि न्यूज

जिला ग्राम उद्योग अधिकारी संतोष कुमार गौतम ने बताया है कि उप्र माटी कला बोर्ड द्वारा संचालित माटी कला समन्वित विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत माटी कला कौशल विकास योजना के अन्तर्गत 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए माटी कला के कारीगारो/शिल्पियों को अपना उद्यम संचालित करना सुगम हो सके। इस उद्देश्य से उनमें निहित कौशल के विकास हेतु माटी कला कौशल विकास योजना संचालित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दैनिक उपयोग की वस्तुएं बनाना, सजावटी वस्तुएं बनाना, मिट्टी के उत्पादों पर कटिंग-पच्चीकारी, चित्रकारी-नक्काशी आदि विधाओं से संबंधित 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण पूर्णतः आवासीय होगा तथा प्रशिक्षण अवधि में रुपये 250.00 प्रतिदिन की दर से प्रशिक्षु वृत्ति भी प्रत्येक प्रशिक्षार्थी को प्रदान की जायेगी। 10 जुलाई 2024 तक माटी कला की वेवसाइट- पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इस योजना की विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय कार्य दिवस में कार्यालय जिला ग्रामोद्योग अधिकारी से आनंद कुमार व सुधीर कुमार के मोबाईल न 0-8318013131, 9455376990 से सम्पर्क किया जा सकता है।

टूलकिट्स के लिए माटी कला की वेबसाइट पर करें आवेदन

जिला ग्राम उद्योग अधिकारी संतोष कुमार गौतम ने बताया है कि उ0प्र0 माटी कला बोर्ड द्वारा संचालित माटी कला समन्वित विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत माटी कला टूल किट्स वितरण रोजगार योजना हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए माटी कला के शिल्पकारो को उपकरण देने के लिए पंजीकरण शुरू किया गया है। जिसमें माटीकला से जुड़े हुये प्रजापति (कुम्हार) जाति के व्यक्तियों को माटीकला से सम्बन्धित परम्परागत व प्रशिक्षित कारीगरों को विद्युत चालित चाक एवं समूह बनाकर पगमिल (मिट्टी गुथने वाली मशीन) का निःशुल्क वितरण किया जाना है। योजना के अन्तर्गत उद्यम संचालित एवं टूल किट्स प्राप्त करने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 वर्ष से 55 वर्ष के मध्य हो, ऐसे शिल्पकार 10 जुलाई 2024 तक माटीकला की वेवसाइट पर आनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

आयोजन

राज ब्रह्मदत्त ने शिवजी की आराधना करके दो पुत्र हंस और डिंभक प्राप्त हुए: स्वामी सत्यदेवाचार्य

श्री हरिवंश पुराण ज्ञान यज्ञ कथा विश्राम में उमड़े श्रोतागण

रायबरेली। समृद्धि न्यूज

डीह विकास खंड परसदेपुर क्षेत्र के गोपालपुर ग्राम में आयोजित नौ दिवसीय संगीतमई श्री हरिवंश पुराण ज्ञान यज्ञ कथा में वृंदावन धाम से पधारे कथा वाचक स्वामी सत्यदेवाचार्य ने हंस-डिम्भक प्रसंग का वर्णन को सुनाया।

श्रीकृष्ण और नन्द-यशोदा मिलन का वर्णन करते हुए श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। श्रोताओं ने खूब तालियां बजाई और हर्षित हो उठे। कथा व्यास ने कहा कि कथा के अनुसार राज ब्रह्मदत्त ने शिवजी की आराधना करके दो पुत्र हंस और डिंभक प्राप्त हुए जो दोनों भाई थे। यह भी कहा जाता है कि बलरामजी का युद्ध हंस के साथ हुआ और उसका वध होते देखा तो सैनिकों ने शोर मचाना शुरु कर दिया कि हंस मारा गया। उन्होंने बताया कि श्री हरिवंश पुराण में सबसे पहले वैवस्तमनु और यम की उत्पत्ति के बारे में और साथ ही भगवान विष्णु के अवतारों के बारे में बताया है। आगे देवताओं का कालनेमि के साथ युद्ध का वर्णन है, जिसमें भगवान विष्णु ने देवताओं को सान्त्वना दी और अपने अवतारों की बात निश्चित कर देवताओं को अपने स्थान पर भेज दिया।

इसके बाद नारद और कंस के संवाद हैं। जिसमें कंस का देवकी के पुत्रों का वध से लेकर कृष्ण के जन्म लेने तक की कथा है। फिर भगवान कृष्ण की ब्रज-यात्रा के बारे में बताया है जिसमें कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन है। इस पुराण में भगवान विष्णु का जन्म कृष्ण के रूप में हुआ। इसमें धेनुकासुर वध, गोवर्धन उत्सव का वर्णन किया गया है। आगे कंस की मृत्यु के साथ उग्रसेन के राज्यदान का वर्णन है, आगे बाणसुर प्रसंग में दोनों के विषय में बताया है। भगवान कृष्ण के द्वारा शंकर की उपासना का वर्णन है। हंस-डिम्भक प्रसंग का वर्णन है।

अंत में श्रीकृष्ण और नन्द-यशोदा मिलन का वर्णन सुनकर कथा के आखिरी दिन आए श्रोताओं ने कथा का खूब आनंद लिया।मुख्य यजमान सियाशुक्ला रुद्रनारायण शुक्ला (सपत्नीक) ने आरती किया,प्रसाद वितरण हुआ।

योग : सनातन धर्म की अप्रतिम देन

सुरेश सिंह बैस शाश्वत

योग की परम्परा अत्यन्त प्राचीन है और इसकी उत्पति तकरीबन छब्बीस हजार वर्ष पूर्व हुई थी ऐसा माना जाता है। योग के जनक या पित्र पुरुष पतंजलि ऋषि हैं। कहा जाता है कि जब से सभ्यता शुरू हुई है तभी से योग किया जा रहा है। योग सनातन धर्म की अप्रतिम धरोहर है। इसे आज सारा विश्व वैज्ञानिक और स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी मानता है, और पूरी शिद्दत से मान्यता देता है। तभी तो आज विश्व का प्रत्येक देश अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है। योग विद्या में भगवान शिव को आदि योगी व आदि गुरू माना जाता है। भगवान शंकर के बाद वैदिक ऋषि-मुनियों से ही योग का प्रारम्भ माना जाता है। बाद में कृष्ण, महावीर और बुद्ध ने इसे अपनी तरह से विस्तार दिया। इसके पश्चात पतञ्जलि ने इसे सुव्यवस्थित रूप दिया। इस रूप को ही आगे चलकर सिद्धपंथ, शैवपंथ, नाथपंथ, वैष्णव और शाक्त पंथियों ने अपने-अपने तरीके से विस्तार दिया।

योग से सम्बन्धित सबसे प्राचीन ऐतिहासिक साक्ष्य सिन्धु घाटी सभ्यता से प्राप्त वस्तुएँ हैं, जिनकी शारीरिक मुद्राएँ और आसन उस काल में योग के अस्तित्व के प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। योग के इतिहास पर यदि हम दृष्टिपात करे तो इसके प्रारम्भ या अन्त का कोई प्रमाण नही मिलता, लेकिन योग का वर्णन सर्वप्रथम वेदों में मिलता है और वेद सबसे प्राचीन साहित्य माने जाते है। यह गर्व का विषय है कि योग की शुरुआत भारत में हुई थी, आज के समय में भारत देश के कई राज्यों में योग में ध्यान दिया जा रहा है। जिसमे सबसे आगे उत्तराखंड राज्य है, राज्य के प्रमुख धार्मिक नगर ऋषिकेश को योग नगरी के नाम से भी जाना जाता है। यहां पर गत कई वर्षों से योग गुरु रामदेव ने योग के प्रचार प्रसार और प्रयोग के लिए अनेक कार्य किए हैं। योग सही तरह से जीने का विज्ञान है और इस लिए इसे दैनिक जीवन में शामिल किया जाना चाहिए। यह हमारे जीवन से जुड़े भौतिक, मानसिक भावनात्मक, आत्मिक और आध्यात्मिक, आदि सभी पहलुओं पर काम करता है। योग का अर्थ एकता या बांधना है। इस शब्द की जड़ है संस्कृत शब्द युज, जिसका मतलब है जुड़ना। आध्यात्मिक स्तर पर इस जुड़ने का अर्थ है सार्वभौमिक चेतना के साथ व्यक्तिगत चेतना का एक होना। व्यावहारिक स्तर पर, योग शरीर, मन और भावनाओं को संतुलित करने और तालमेल बनाने का एक साधन है। यह योग या एकता आसन, प्राणायाम, मुद्रा, बँध, षट्कर्म और ध्यान के अभ्यास के माध्यम से प्राप्त होती है। तो योग जीने का एक तरीका भी है और अपने आप में परम उद्देश्य भी। योग सबसे पहले लाभ पहुँचाता है बाहरी शरीर को, जो ज्यादातर लोगों के लिए एक व्यावहारिक और क्रियात्मक पहलू है तो वही यह आंतरिक रूप से ध्यान और मस्तिष्क को भी पूरी तरह से प्रभावित करता है। हम अनुभव करते है, तो अंग,स्तर पर योग मानसिक और भावनात्मक स्तरों पर काम करता है।

नीट मामले पर सुप्रीम फटकार-यूजीसी नेट जून 2024 रद्द करार

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

NEET पर 'सुप्रीम' फटकार
घिरी NTA और केंद्र सरकार!
NTA EXposed
#NTA Scam
Justice
WE WANT JUSTICE ReNEET
#RENEET
#RENEET

मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में कहा, परीक्षा प्रक्रिया की उच्चतम स्तर की पारदर्शिता और पवित्रता सुनिश्चित करने के लिए, शिक्षा मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि यूजीसी-नेट जून 2024 परीक्षा रद्द कर दी जाए। साथ ही मामले की गहन जांच के लिए मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सी.बी.आई.) को सौंपा जा रहा है। मंत्रालय ने अपने बयान में नीट-यूजी परीक्षा में हुए कथित घोटाले की जांच से जुड़ी जानकारी भी दी। बता दें मंत्रालय ने कहा, नीट यूजी परीक्षा 2024 से संबंधित मामले में, ग्रेस मार्क्स से संबंधित मुद्दे को पहले ही पूरी तरह से संबोधित किया जा चुकाहै,पटना में परीक्षा के संचालन में कथित कुछ अनियमितताओं के संबंध में बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। यह रिपोर्ट मिलने पर सरकार आगे की कार्रवाई करेगी। यह परीक्षा भी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी कंडक्ट कराती है।

वैश्विक स्तरपर हर देश के पूर्ण विकास में शिक्षा का अति महत्वपूर्ण योगदान होता है। परंतु एक ओर जहां भारत विजन 2047, 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था व विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर चल पड़ा है, वहीं बड़े ही दुर्भाग्य की बात है कि यहां बड़ी-बड़ी परीक्षाओं की पवित्रता भंग हो रही है, जिससे छात्रों का भविष्य दांव पर लग रहा है, जिसका सबसे बड़ा कारण भ्रष्टाचार है अभी नीट 2024 गड़बड़ी का मामला अपने चरम सीमां पर पहुंच गया है, जहां 19 जून 2024 को माननीय सुप्रीम कोर्ट ने शाम एनटीए को एक टिप्पणी के माध्यम से जोरदार फटकार लगाई थी और कहा 0.001 प्रतिशत की चूक या लापरवाही भी हुई तो उसे हर हाल में निपटाया जाना चाहिए।

तो वहीं 19 जून 2024 को ही देर रात्रि यूजीसी नेट परीक्षा के रद्द करने की जानकारी केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से मीडिया में आई तो, हड़कंप मच गया। बता दें मंगलवार 28 जून 2024 को ही करीब 11 लाख से अधिक छात्रों ने यह परीक्षा दी थी जो 317 शहरों के 1205 सेंटरों में हुई थी, जिसमें गृह मंत्रालय से लीक के इनपुट मिले और शिक्षा मंत्रालय ने तुरंत इस परीक्षा को रद्द करने का आदेश दिया। बता दें यह परीक्षा भी एनटीए द्वारा ही कराई गई थी जो पहले ही आरोपी के घेरे में है। नीट की परीक्षा में 24 लाख छात्रों ने परीक्षा दी थी और परीक्षा में ग्रेस मार्कों के चक्कर में छात्र सड़कों पर आंदोलन कर रहे हैं सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी के 21 जून 2024 को पूरे भारत में आंदोलन करने की जानकारी मीडिया में आई है, अब यूजीसी नेट परीक्षा रद्द होने से आंदोलन को संजीवनी बूटी मिल गई है। 19 जून 2024 को देर रात्रि एक चैनल पर यूजीसी के पूर्व सदस्य से फोन पर बातचीत बताई गई तो उन्होंने कहा पूरा मामला भ्रष्टाचार सेजुड़ा है जो के पेपर सेटर,प्रिंटिंग प्रेस व कुछ अन्य अधिकारियों की चैनल से ही यह काम होते हैं जिससे उनको अच्छी बड़ी मात्रा में वारे नियारे होते हैं और पेपर लीक हो जाते हैं। मेरा स्वयं का मानना यह है कि बड़े दुर्भाग्य की बात है,अब समय आ गया है किए एनटीए को चुस्त दुरुस्त किया जाना चाहिए मैं स्वयं करीब 30 वर्षों से बजट रिपोर्टिंग पर काम करता हूं बजट तारीख से पहले पूरी बजट की टीम को अनेक दिनों तक अंडरग्राउंड कर दिया जाता है, उनका बाहर की दुनिया से कोई नाता नहीं रहता, परिवार तो क्या मोबाइल से भी संबंध कट जाता है,यानें इतनी सिक्रेसी रहती है, तो बजट कभी लीक नहीं होता। परंतु एनटीए सहित अन्य एजेंसियों के पेपर लीक हो जाते हैं। अब माननीय केंद्रीय शिक्षा मंत्री को सख्ती बरतनी होगी। चूंकि नेट मामले पर सुप्रीम फटकार, यूजीसी नेट 18 जून 2024 परीक्षा रद्द करार, बैक फुट पर एनटीए व केंद्र सरकार! इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, परीक्षा आयोजित करने वाली जिम्मेदार एजेंसियों को हाई अटेंशन रहने की जरूरत! रत्ती भर की चूक में परीक्षार्थियों का भविष्य गांव पर लग जाता है।

हम 19 जून 2024 को देर रात्रि शिक्षा मंत्रालय द्वारा यूजीसी नेट जून 2024 परीक्षा रद्द करने की घोषणा की करें तो, शिक्षा मंत्रालय ने यूजीसी-नेट जून 2024 परीक्षा रद्द करने का फैसला किया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने मंगलवार, 18 जून को यह परीक्षा करवाई थी, शिक्षा मंत्रालय को बुधवार को संकेत मिले कि इस परीक्षा की पवित्रता भंग हो गई है, जिसके बाद उसने परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया। मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में कहा, परीक्षा प्रक्रिया की उच्चतम स्तर की पारदर्शिता और पवित्रता सुनिश्चित करने के लिए, शिक्षा मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि यूजीसी-नेट जून 2024 परीक्षा रद्द कर दी जाए। साथ ही मामले की गहन जांच के लिए मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सी.बी.आई.) को सौंपा जा रहा है। मंत्रालय ने अपने बयान में नीट-यूजी परीक्षा में हुए कथित घोटाले की जांच से जुड़ी जानकारी भी दी। बता दें मंत्रालय ने कहा, नीट यूजी परीक्षा 2024 से संबंधित मामले में, ग्रेस मार्क्स से संबंधित मुद्दे को पहले ही पूरी तरह से संबोधित किया जा चुकाहै,पटना में परीक्षा के संचालन में कथित कुछ अनियमितताओं के संबंध में बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। यह रिपोर्ट मिलने पर सरकार आगे की कार्रवाई करेगी।

यह परीक्षा भी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी कंडक्ट कराती है। जल्द ही परीक्षा की नई तारीखों का ऐलान किया जाएगा. मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई है।एनटीए ने 18 जून, 2024 को देश के विभिन्न शहरों में दो पालियों में ओएमआर (पेन और पेपर) मोड में यूजीसी-नेट जून 2024 परीक्षा आयोजित की।19 जून, 2024 को, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को परीक्षा के संबंध में गृह मंत्रालय के तहत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) की राष्ट्रीय साइबर अपराध खतरा विश्लेषण इकाई से कुछ इनपुट प्राप्त हुए। ये इनपुट प्रथम दृष्टया संकेत देते हैं कि उपरोक्त परीक्षा की अखंडता से समझौता किया गया है। परीक्षा प्रक्रियाकी उच्चतम स्तर कीपारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए, शिक्षा मंत्रालय,भारत सरकार ने निर्णय लिया है कि यूजीसी-नेट जून 2024 परीक्षा रद्द कर दी जाए। नए सिरे से परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसके लिए जानकारी अलग से साझा की जाएगी। साथ ही मामले की गहन जांच के लिए मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सी.बी.आई.) को सौंपा जा रहा है।बता दें कि यूजीसी नेट की परीक्षा 18 जून के देश भर के 317 शहरों में 1205 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी, जिसमें 11,21,225 कैंडिडेट्स ने हिस्सा लिया था।बता दें कि पहले की प्रथा से हटकर इस बार राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा एक ही दिन 18 जून को पेन और पेपर मोड में आयोजित की गई, जिसमें रिकॉर्ड 11 लाख छात्रों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था। यूजीसी नेट जूनियर रिसर्च फेलोशिप की परीक्षा विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में पीएचडी में प्रवेश के लिए भारतीय नागरिकों की पात्रता निर्धारित के लिए आयोजित की जाती है।साथियों बात अगर हम नीट यूजी 2024 परीक्षा रद्द करने के लिए छात्रों व विपक्ष के आंदोलन की करें तो,शिक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि नीट (यूजी) परीक्षा-2024 से संबंधित मामले में ग्रेस मार्क्स से संबंधित मुद्दे को पहले ही पूरी तरह से सुलझा लिया गया है। पटना में परीक्षा के संचालन में कथित कुछ अनियमितताओं के संबंध में आर्थिक अपराध इकाई, बिहार पुलिस से विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है।

विचार

चंद्रबाबू नायडू की मोदी की एनडीए सरकार में स्थिति महत्वपूर्ण

कल्याणी शंकर



मुख्यमंत्री के रूप में, नायडू ने अपने पहले के कार्यकाल में बिल गेट्स जैसे तकनीकी दिग्गजों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया। उन्होंने हैदराबाद में निवेश के अवसर लाये और इसे साइबराबाद में बदल दिया। उन्होंने विश्व बैंक जैसी एजेंसियों से बुनियादी ढांचे के लिए धन प्राप्त किया और हैदराबाद का समग्र विकास किया। हालांकि, गलती यह थी कि उन्हें राज्य के अन्य हिस्सों के विकास पर भी ध्यान केंद्रित करना चाहिए था। अपने चौथे कार्यकाल में, नायडू को देश के चावल के कटोरे के रूप में कभी आंध्र प्रदेश के महत्व को वापस लाने का अवसर लेना चाहिए।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में चंद्रबाबू नायडू का शपथ ग्रहण नायडू के लिए व्यक्तिगत रूप से, तथा उनकी पार्टी और भारतीय राजनीति के लिए भी एक महत्वपूर्ण घटना थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य शीर्ष भाजपा नेताओं ने 74 वर्षीय राजनेता को चौथी बार शपथ लेते हुए देखा, जो एक महत्वपूर्ण राजनीतिक वापसी का प्रतीक है। दो दशकों से अधिक समय तक राज्य और राष्ट्रीय राजनीति में हाशिए पर रहने के बावजूद, नायडू आभारी हैं। उन्होंने एक बार फिर साबित कर दिया है कि किसी राजनेता को तब तक कम नहीं आंकना चाहिए जब तक कि वह खेल से बाहर न हो जाये। केंद्र में मोदी की एनडीए सरकार में दूसरे सबसे बड़े समूह के रूप में तेलुगु देशम पार्टी के साथ-साथ मुख्यमंत्री के रूप में नायडू की वापसी, सत्ता की गतिशीलता में बदलाव का संकेत देती है। एक साल पहले, चंद्रबाबू के पूर्ववर्ती जगन मोहन रेड्डी एक और कार्यकाल जीतने के लिए आरामदायक स्थिति में थे। उस समय विपक्ष विभाजित था, पवन कल्याण टीडीपी के साथ नहीं थे, और भाजपा अभी भी यह तय कर रही थी कि टीडीपी को फिर से एनडीए गठबंधन में शामिल होने दिया जाये या नहीं। बाबू पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया था, और टीडीपी कार्यकर्ता निराश थे। नायडू की वापसी में कई कारकों ने योगदान दिया। सत्ता विरोधी भावना के अलावा, पवन कल्याण की जनसेना, भाजपा और टीडीपी के जातीय गठबंधन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जगन द्वारा बुनियादी ढांचे और कृषि की उपेक्षा ने भी लोगों को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया, जिसने नायडू के पुनरुत्थान में और योगदान दिया। नायडू अपने राजनीतिक संकट से बच निकले हैं। उन्होंने 1978 में एक जूनियर मंत्री के रूप में अपना राजनीतिक जीवन शुरू किया और तब से तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) में विभिन्न पदों पर रहे हैं। उन्होंने कई बार आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया है, महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं की देखरेख की है और राजनीतिक विवादों का सामना किया है। इन सबके दौरान, नायडू ने अपनी अडिग भावना को बनाये रखा। नायडू ने घोषणा की है कि 2024 का चुनाव उनका आखिरी चुनाव होगा, यह कदम मतदाताओं को भावनात्मक रूप से आकर्षित करने के साथ-साथ अपने बेटे लोकेश को अपना उत्तराधिकारी बनाने के लिए उठाया गया है। यह रणनीतिक निर्णय आंध्र प्रदेश की राजनीति में नायडू वंश के भविष्य को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकता है। पहले, चंद्रबाबू अपने ससुर और तेलुगु देशम प्रमुख एनटी रामा राव की छाया में रहे, लेकिन अंततरू अपरिहार्य बन गये। उन्होंने राष्ट्रीय मोर्चा और संयुक्तमोर्चा सरकारों के दौरान राष्ट्रीय राजनीति में बहुमूल्य अनुभव और अंतर्दृष्टि प्राप्त की। उनकी पार्टी वी पी सिंह, देवेगौड़ा, आई के गुजराल और वाजपेयी सरकारों का हिस्सा थी, जो दर्शाता है कि कोई भी पार्टी अछूती नहीं थी। नायडू और उनकी पार्टी का विभिन्न केंद्र सरकारों के साथ उतार-चढ़ाव भरा रिश्ता रहा है। हालांकि, मोदी सरकार में उनकी वर्तमान भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय है। मोदी सरकार के लिए टीडीपी के समर्थन के साथ, नायडू आंध्र प्रदेश के हितों के लिए बातचीत करने और वकालत करने की स्थिति में हैं। राज्य के लिए, चंद्रबाबू फिर से राज्य के सीईओ बन गए हैं।

मुख्यमंत्री के रूप में, नायडू ने अपने पहले के कार्यकाल में बिल गेट्स जैसे तकनीकी दिग्गजों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया। उन्होंने हैदराबाद में निवेश के अवसर लाये और इसे साइबराबाद में बदल दिया। उन्होंने विश्व बैंक जैसी एजेंसियों से बुनियादी ढांचे के लिए धन प्राप्त किया और हैदराबाद का समग्र विकास किया। हालांकि, गलती यह थी कि उन्हें राज्य के अन्य हिस्सों के विकास पर भी ध्यान केंद्रित करना चाहिए था। अपने चौथे कार्यकाल में, नायडू को देश के चावल के कटोरे के रूप में कभी आंध्र प्रदेश के महत्व को वापस लाने का अवसर लेना चाहिए। नायडू की सर्वोच्च प्राथमिकता आंध्र प्रदेश के लिए अतिरिक्त धन प्राप्त करना है, जो राज्य के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आंध्र प्रदेश के विकास के लिए नायडू के दृष्टिकोण में राज्य के कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए पोलावरम परियोजना जैसी लंबे समय से लंबित सिंचाई परियोजनाओं को पुनर्जीवित करना शामिल है। अपनी पार्टी के समर्थन से, नायडू राज्य के संसाधनों को अधिकतम करने और विकास को आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ हैं। मोदी कैबिनेट में टीडीपी द्वारा केवल एक कैबिनेट मंत्री और एक राज्य मंत्री को सुरक्षित करने के बारे में पूछे गये सवाल पर उन्होंने कहा, श्जब राज्य के हितों की बात आती है तो हम नरेंद्र मोदी कैबिनेट की संरचना पर बातचीत नहीं कर रहे हैं।य हालांकि, टीडीपी को अभी भी अगले विस्तार के दौरान अधिक पद हासिल करने की उम्मीद है। दूसरा महत्वपूर्ण कार्य आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती का निर्माण करना है। उनके पूर्ववर्ती जगन मोहन रेड्डी ने अपने दो कार्यकालों के दौरान इस महत्वाकांक्षी परियोजना को स्थगित कर दिया था।

नशे पर नश्तर

यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि जिन रक्षकों के भरोसे सरकार नशा तस्करों से दो-दो हाथ करती रही है, उनमें से कुछ लोग नशे के धंधे को सींचने पर लगे रहे हैं। यह सरकार ही नहीं पुलिस विभाग के लिये भी दुखद स्थिति है कि बाड़ ही खेत को खाने लगी है। सही मायनों में यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि चंद रुपयों के लालच में कुछ खाकी वर्दीधारियों के हाथों में नशे के काले कारोबार की कालिख लगी हुई है। यह संकट कितना बड़ा है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि हजारों पुलिसकर्मियों के ट्रांसफर करने पड़े हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान को कहना पड़ा है कि विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर वर्षों से जमे हुए करीब दस हजार पुलिस मुलाजिमों के तबादले किये गए हैं। जाहिर, इतने बड़े पैमाने पर तबादले करने का कोई ठोस तार्किक आधार ही होगा। कई डिवीजनों में लंबे समय से जमे मुलाजिम नशा तस्करों के मददगार बने हुए थे। विगत में कई राजनेताओं पर भी नशे के कारोबार में हिस्सेदारी के आरोप लगे थे। जाहिर है, ऐसे प्रभावशाली नेताओं ने लाभदायक स्थानों पर अपनी सुविधा के पुलिस मुलाजिम तैनात किये होंगे। साफ-सी बात है कि बिना राजनेताओं व पुलिसिया मदद के नशे के बड़े तस्कर ज्यादा दिन टिक नहीं सकते। जैसा कि भगवंत मान कह भी रहे हैं कि पंजाब में नशीले पदार्थ पैदा नहीं होते। यह नशा अन्य राज्यों से तस्करों द्वारा पंजाब भेजा जाता है। विगत में भी ड्रोन के जरिये नशीले पदार्थों की खेप पाकिस्तान से लायी जा रही थी। सीमा सुरक्षा बलों की चौकसी से उसे बार-बार बरामद किया जा सका है। पंजाब के सीमावर्ती जिलों से भी ड्रोन सीमा पार नशे की खेप लेने के लिये भेजे जाते रहे हैं। ऐसे में पुलिस विभाग में कार्यरत काली भेड़ों के खिलाफ कार्रवाई व मुलाजिमों के तबादलों से निश्चित रूप से नशे के तस्करों पर नकेल कसी जा सकेगी। मान सरकार ने चेताया है कि नशे की तस्करी में शामिल पुलिसकर्मी बर्खास्त होंगे। साथ ही नशा तस्करों की संपत्ति भी तत्काल जब्त होगी। दुखद ही है कि पंजाब आज नशे के अंधाधुंध कारोबार से पतनशील स्थिति की ओर अग्रसर है। इसे रोकने के लिये सरकार की सख्ती और पुलिसकर्मियों की ईमानदारी अपरिहार्य शर्त है। आये दिन पंजाब के विभिन्न भागों से नशे की ओवरडोज से युवाओं के मरने की खबरें आती हैं। उनके रोते-बिलखते परिवारों के दर्द को मान सरकार ने महसूस किया है। इस बड़ी लड़ाई से मुकाबले के लिये आप सरकार ने राज्य पुलिस में दस हजार नई भर्ती करने की भी घोषणा की है। निश्चित रूप से इन नियुक्तियों से जहां पुलिस बल को नशे के तस्करों से लड़ने के लिये नई ताकत मिलेगी।

जब तलक जिंदा रहेगा
आशियाँ दे जाएगा।
कत्ल होगा पेड़ तो भी
लकडियां दे जाएगा।।

उम्र भर देता रहेगा सांस
अपनी सांस से।
फिर तुम्हारे घर को चौखट
खिड़कियां दे जाएगा।।

जब नदी के दो किनारे
बाढ़ में बह जाएंगे।
तब तुम्हें मंजलि की खातिर
कश्तियाँ दे जाएगा।।

जो न दे पाए उसे इक
जदिंगी जीने का हक।
वो शज़र उनके लिए भी
कुर्सियां दे जाएगा।।

आप हीरे खोजते रहना
भले माटी तले।
वो परिंदों के घरों को
पत्तियां दे जाएगा।।
समय पर वृक्षारोपण जरूर करें

राजीव कुमार
कोटा (राजस्थान)

राशिफल

मेषः- नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

बृषभः- किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

मिथुनः- नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

कर्कः- काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

सिंहः- अच्छे कायरें से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

कन्याः- कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध के प्रति प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

तुलाः- भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। कल्पनाओं में जीना छोड़े।

वृश्चिकः- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनो के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें।

धनुः- संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

मकरः- प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

कुंभः- कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा।

मीनः- थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

क्या नालंदा ज्ञान की वापसी करेगा?

बिहार की राजधानी पटना से करीब 88 किलोमीटर दूर नालंदा जिले के राजगीर में स्थित इस विश्वविद्यालय में 24 कक्ष हैं जिनका पुनर्निर्माण किया जा रहा है। देश की हर ऐसी विरासत का लौटना खुशी व गर्व का विषय है। इसलिये यह एक स्वागत योग्य कदम है। वैसे यह तो सच है कि नालंदा विवि के जलने से भारत की विशाल ज्ञान सम्पदा को बड़ा नुकसान हुआ थाय और जैसा कि कहा जाता कि उनमें इतनी पुस्तकें थीं कि उसकी लाइब्रेरी कई माह तक जलती रही। दूसरी तरफयह भी सच है कि इस सम्पदा के नुकसान को भारत ने जल्दी ही वापस पा लिया था। कालांतर में जो मुसलमान शासक आये, उन्होंने अरबी, फारसी के साथ उर्दू, रेख्ता और हिन्दी साहित्य को बढ़ावा ही दिया। संस्कृत के साथ अनेक भाषाएं फलती-फूलती रहीं। अवधी, ब्रज जैसी कई लोकभाषाओं में कई रचनाएं लिखी गयीं और उनके जरिये भी ज्ञान गंगा सतत प्रवाहित होती रही।

बुधवार को बिहार के उस नालंदा विश्वविद्यालय के नये भवन का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकार्पण किया जो करीब दो हजार साल स्थापित हुआ था। तकरीबन 600 वर्षों तक भारत ही नहीं, सम्पूर्ण दक्षिण एशिया का महत्वपूर्ण विद्या-केन्द्र रहा। मूलतः यह बौद्ध धर्म की महायान शाखा द्वारा बनाया गया था परन्तु इसमें हीनयान शाखा के साथ अन्य धर्मों के दर्शन तथा कई विषयों का अध्ययन होता था। इसमें भारत से बाहर के कई छात्र व विद्वान रहकर पढ़ने आते थे। कई विदेशियों, विशेषकर चीन के ह्वेनसॉग और इत्सिंग के यात्रा वृत्तांतों में भी इसका वर्णन है जो इसमें रहे भी। कहते हैं कि इसमें 10 हजार छात्रों के लिये 2000 शिक्षक हुआ करते थे। मोदी ने जब इसका लोकार्पण किया तो उस अवसर पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा 17 देशों के राजदूत मौजूद थे। कुछ समय पहले भारत में सम्पन्न हुए जी-20 के सम्मेलन में दिये अपने भाषण में मोदी ने इसका एक बड़ा सा चित्र सभी को दिखलाया था और भारत की गौरवमयी विरासत के परिप्रेक्ष्य में इसका जिक्र किया था। इसमें कोई शक नहीं कि नालंदा विवि भारत की ज्ञान परम्परा का एक बड़ा संस्थान रहा था। दूसरा तक्षशिला विश्वविद्यालय भी था जो अब पाकिस्तान (रावलपिंडी) के हिस्से में चला गया है। बहरहाल, इतिहास बताता है कि साल 1199 में इसे कुतुबुद्दीन ऐबक के सेनापति मोहम्मद बिन बख्तियार खिलजी ने आग लगवा दी थी। अब मोदी सरकार इसका पुनरुत्थान करने जा रही है।

बिहार की राजधानी पटना से करीब 88 किलोमीटर दूर नालंदा जिले के राजगीर में स्थित इस विश्वविद्यालय में 24 कक्ष हैं जिनका पुनर्निर्माण किया जा रहा है। देश की हर ऐसी विरासत का लौटना खुशी व गर्व का विषय है। इसलिये यह एक स्वागत योग्य कदम है। वैसे यह तो सच है कि नालंदा विवि के जलने से भारत की विशाल ज्ञान सम्पदा को बड़ा नुकसान हुआ थाय और जैसा कि कहा जाता कि उनमें इतनी पुस्तकें थीं कि उसकी लाइब्रेरी कई माह तक जलती रही। दूसरी तरफ यह भी सच है कि इस सम्पदा के नुकसान को भारत ने जल्दी ही वापस पा लिया था। कालांतर में जो मुसलमान शासक आये, उन्होंने अरबी, फारसी के साथ उर्दू, रेख्ता और हिन्दी साहित्य को बढ़ावा ही दिया। संस्कृत के साथ अनेक भाषाएं फलती-फूलती रहीं। अवधी, ब्रज जैसी कई लोकभाषाओं में कई रचनाएं लिखी गयीं और उनके जरिये भी ज्ञान गंगा सतत प्रवाहित होती रही। अमीर खुसरो से प्रारम्भ खड़ी बोली के बाद अंग्रेज जब आये तो वे अंग्रेजी के साथ पाश्चात्य देशों का ज्ञान लेते आये। उनके जरिये औद्योगिक, तकनीकी व व्यवसायिक विकास हुआ। उन्हीं के खोले गये स्कूलों व कॉलेजों-विश्वविद्यालयों में आधुनिक शिक्षा दी जाने लगी।

मध्ययुगीन ज्ञान का स्थान नूतन ज्ञान ने लिया। यह कहने में किसी को कोई संकोच नहीं होना चाहिये कि आजादी के बाद भारत ने बहुत कम समय में जो विकास किया उसका बड़ा कारण देश में पहले से पहुंच चुकी आधुनिक शिक्षा पद्धति थी। यह अलग बात है कि वाट्सएप यूनिवर्सिटी ने लोगों को अब बेमिसाल ज्ञान यह दिया है कि विदेशियों ने परम्परागत भारत की गुरुकुल परम्परा को खत्म कर दिया ताकि भारत की संस्कृति को नष्ट किया जा सके। यह बात तो सही है कि प्राचीन शिक्षा पद्धति समाप्त हो गयी लेकिन यह भी सच है कि उसमें वर्तमान समय की चुनौतियों का कोई जवाब नहीं था और कथित गुरुकुल पद्धति अभिजात्य वर्ग के लोगों तक ही सीमित थी। कुछ धार्मिक ग्रंथों के अध्ययन पर टिकी प्राचीन शिक्षा का दायरा बहुत संकीर्ण था और वह व्यवहारिक जीवन से मेल नहीं खाती थी। ऐसा नहीं कि वह सारा ही अध्ययन बेकार था जो वेद-वेदांगों, पुराणों, उपनिषदों सहित धर्म ग्रंथों पर केन्द्रित था लेकिन जैसे-जैसे पूरी दुनिया विकसित होती गयी, यह ज्ञान व्यापक परिप्रेक्ष्य में अप्रासंगिक होता चला गया। जिन्हें दिलचस्पी है, वे आज भी इनका अध्ययन कर आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करते हैं। भारत के विकास में विदेशों से आए ज्ञान ने भारत को कल-कारखाने, बड़े बांध, अस्पताल, सड़कें, पुल, इमारतें दीं, कृषि उत्पाद बढ़ाने के उपाय बताये, विभिन्न बीमारियों से मुक्ति के टीके व दवाएं दीं, कपड़ा मिलें खोलीं और देश को आत्मनिर्भर बनाया। भारत की इस ज्ञान परम्परा को आजाद भारत ने इसलिये जारी रखा क्योंकि हमारे राष्ट्र निर्माता जानते थे कि आधुनिक शिक्षण संस्थानों से न केवल हमारी समस्याओं के हल निकलेंगे वरन ऐसे नागरिक बनेंगे जिनका दृष्टिकोण उदार हो तथा वे विवेकवान हों। इसे जो सबसे बड़ा झटका लगा वह भारतीय जनता पार्टी के इसी दस साल के कार्यकाल में। ज्ञान की जितनी तौहीन और उपेक्षा इस काल में हुई वैसी भारत के बुरे से बुरे काल में भी नहीं हुई थी। नालंदा को जलाने का जो वक्त था वह मध्यकालीन था जब सब कुछ तलवारों से तय होता था।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

भूकंप पर एनडीआरएफ व जिला प्रशासन ने की मॉकड्रिल

महोबा। समृद्धि न्यूज

मॉकड्रिल से पूर्व कलेक्ट्रेट सभागार में 10.30 बजे से समस्त विभागों के साथ जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में टेबल टाक बैठक की गई। जिसमें सभी विभागों को बताया गया कि जनपद में भूकंप या कोई अन्य आपदा आने पर उस समय किस विभाग के क्या दायित्व होगें। टेबल टाक बैठक के समाप्ति के पश्चात आई आर एस प्रणाली के आधार पर प्राकृतिक आपदा भूकम्प पर महोबा के तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी (वि/रा)के अध्यक्षता में जिला आपदा विशेषज्ञ प्रीति सिंह द्वारा समन्वय स्थापित करते हुए माक ड्रिल कराया गया। जिला महोबा की सदर तहसील परिसर में एनडीआरएफ टीम एवं जिला प्रशासन कि टीमों ने संयुक्त मॉक अभ्यास किया जिसमे भूकंप से गिरे भवन में फँसे कई व्यक्तियों को रेस्क्यू किया गया। इस मॉक अभ्यास के प्रथम चरण में एनडीआरएफ अधिकारियों व जिला प्रशासन के अधिकारियों उपजिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सदर एवं अग्नि शमन विभाग, जिला पुलिस, स्वास्थ्य विभाग , जिलापूर्ति , पशुपालन अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा बैठक कर इस मॉक अभ्यास की सम्पूर्ण रूप रेखा तैयार की गयी तथा द्वितीय चरण में मॉक अभ्यास किया गया।

अभ्यास के दौरान भूकंप से एक भवन के गिर जाने का दृश्य तथा अज्ञात कारणों से आग लगने का दृश्य भी रखा गया जिसमे दस से पंद्रह लोगों के फँसे होने की सूचना देकर सर्च एवं रेस्क्यू के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम को एवं अन्य एजेंसियों को बुलाया गया। इस ऑपरेशन में सबसे पहले फायर सर्विस कि टीम ने आग को बुझाने का काम किया। तत्पश्चात गिरे हुए भवन के भीतर पहुंच बनाने तथा लोगों को निकालने के लिए दीवार एवं क्षत को काटा गया। फिर मेडिकल टीम ने घायलों को स्थिरता प्रदान करते हुए बाहर निकाला इसमें 11 एनडीआरएफ के क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र लखनऊ के प्रभारी अनिल कुमार पाल, उप कमांडेंट उपस्थित रहे तथा एनडीआरएफ टीम के साथ अग्निशमन विभाग, पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, जिला प्रशासन की टीमो द्वारा मॉक का संयुक्त अभ्यास किया गया। अनिल कुमार पाल, उप कमांडेंट ने बताया कि इस ड्रिल का मुख्य उद्देश्य आपदा में घायल व् चोटिल व्यक्तियो के अमूल्य जीवन की रक्षा करना , सभी रेस्पोंस एजेंसियों का रेस्पोंस चेक करना व सभी स्टेक होल्डरस के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना है। इस मॉक अभ्यास में 11 एनडीआरएफ के क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र लखनऊ से आयी एनडीआरएफ की 30 सदस्यीय टीम का नेतृत्व निरीक्षक अजय सिंह, निरीक्षक जीतेन्द्र सिंह यादव ने किया भूकंप प्राकृतिक आपदा के माक अभ्यास को सम्पन्न कराने के लिए उपजिलाधिकारी सदर को नोडल नामित किया गया था, जिनके कुशल निर्देशन में माक अभ्यास सम्पन्न कराया गया। अभ्यास के दौरान आपदा मित्रों द्वारा उपस्थित होकर सहयोग किया गया।

नियुक्ति के वर्ष से वर्तमान तक निरंतर कार्यरत लिपिकों के स्थानांतरण की उठी रही है मांग

महोबा। समृद्धि न्यूज

पूर्ववर्ती बहुजन समाज पार्टी की सरकार वर्ष 2008/09 में गठन होने के बाद जनपद महोबा के सिंचाई विभाग के कार्यालय अधिशासी अभियंता सिंचाई प्रखंड महोबा कार्यालय अधीक्षण अभियंता सिंचाई निर्माण मण्डल महोबा एव कार्यालय अधिशासी अभियंता मौदहा बांध निर्माण खण्ड प्रथम महोबा में वृहद स्तर पर सिंचाई विभाग के उक्त कार्यालयों में बाबुओं की भर्ती सुनियोजित तरीके से की गई थी। नियुक्ति के वर्ष 2009 से वर्तमान 2024 तक जनपद महोबा के उक्त कार्यालयों में कार्यरत पदस्थ बाबूओ अन्य मण्डल,जनपदों में स्थानांतरण विगत 15 वर्षो में भी नही किया गया है। जबकि उक्त वर्षो में प्रदेश की सरकार एवम् केन्द्र की सरकारों का परिवर्तन भी हुआ है।

प्रत्येक वर्ष और इस वर्ष भी स्थानांतरण नीति को धता बताने वाले उक्त कार्यालयों में कार्यरत बाबू अपनी उच्च पहुंच उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने तथा प्रत्येक चुनाव में स्थानीय स्तर पर मतदाताओं को प्रभावित कर वर्ग विशेष तथा दल के प्रति अपनी निष्ठा का प्रदर्शन कर प्रत्येक चुनाव को प्रभावित करते है।

कृष्ण कुमार गुप्त क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ जल शक्ति विभाग मंत्री , प्रमुख अभियंता व विभाग अध्यक्ष सिंचाई एवम जल संसाधन विभाग यूपी लखनऊ से अपने पत्रांक 17 के मध्यम से मांग की जनपद महोबा, चित्रकूट धाम मण्डल बांदा में एक ही जनपद पर एक ही कार्यालय में 15 वर्षो से लगातार पदस्थ बाबुओं का स्थानांतरण जनहित व विभागीय हित में अन्य मण्डल और अन्य जिला में किया जाना नितांत आवश्यक है उक्त बाबुओं के अन्यत्र स्थानांतरण से जनपद महोबा में इनके द्वारा पोषित भ्रष्टाचार एवं इसकी इसकी निरंकुशता पर प्रभावी अंकुश के साथ-साथ प्रदेश में भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध जारी जीरो ट्रालरेंस नीति का विभाग में अनुपालन सुनिश्चित हो सके।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कर-करेत्तर व राजस्व कार्यों की हुई समीक्षा बैठक

महोबा। समृद्धि न्यूज

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर, राजस्व कार्यों एवं राजस्व वादों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कर-करेत्तर से संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन के द्वारा निर्धारित करों के लक्ष्यों की पूर्ति करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य कर, एआरटीओ, खनिज अधिकारी को लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत वसूली करने तथा रजिस्ट्रेशन बढ़ाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने नगर पालिका/नगर पंचायतों को निर्देशित करते हुए कहा कि दुकानों का अग्रीमेंट कराकर ही किराये पर दें तथा लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करें। जिलाधिकारी नें विद्युत विभाग को वसूली लक्ष्य के सापेक्ष करने हेतु अभियान चला कर वसूली करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारिओं को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने विभागों की वसूली शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत कराएं।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश तथा संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

11 हजार लाईन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

महोबा। समृद्धि न्यूज

जनपद के थाना खरेला अंतर्गत ग्राम पहरेथा में निरपत पाल के मकान में काम चल रहा था।मकान का लेंटर लेवल होने के बाद उसमें बीते दिन सुबह सरिया बांधने का काम चल रहा था, जिसमें मजदूर के रूप में रामबाबू प्रजापति पुत्र कामता प्रसाद प्रजापति मजदूरी करने गया था। वह नीचे से ऊपर लेटर में खड़े होकर सरिया देने पर मकान से निकली हाई-वोल्टेज 11000 की बिजली लाइन पर सरिया छू जाने से करन्ट उतर आया और रामबाबू प्रजापति मजदूर की करन्ट लगने से हालत गंभीर हो गई उसे परिजनों द्वारा आनन -फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खरेला लाया गया, जहां पर मौजूद

डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची खरेला पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतू महोबा भेज दिया गया। आपको बता दें कि मृतक तीन भाई थे, जिसमे वह सबसे छोटा रामबाबू था। पिछले ही साल 22 जून 2023 को उसकी शादी हुई थी, मृतक भूमिहीन है इसके जीवन यापन के लिए एक भी बीघा जमीन नहीं है। मृतक की पत्नी सोना गर्भावस्था में है, परिवार जनों का रो रो कर बुरा हाल हो चुका है।

युवक को लाठी-डंडो से पीटकर किया घायल

राठ, हमीरपुर। कोतवाली के मसगवां गांव में युवतियों ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर एक युवक की बीच सड़क पर लाठी डंडों से बेरहमी से पिटाई कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित युवक ने कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई है। मसगवां गांव निवासी धर्मजीत पुत्र सियाराम ने बताया कि कुत्ते के काटने को लेकर हुए विवाद के चलते गांव के छत्रपाल ने अपनी पत्नी और पुत्री दीक्षा और सृष्टि के साथ मिलकर उसकी बेरहमी से लाठी डंडों से पिटाई कर लहुलुहान कर दिया। मारपीट की घटना का वीडियो भी पड़ोसियों ने बना लिया है। किसी ने मारपीट की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में युवतियां बेरहमी से युवक को लाठी डंडों से पीट रही है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि युवक का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

श्री महंतों व धर्माचार्यों ने किया परशुराम दास का पट्टाभिषेक

चरखारी,महोबा। समृद्धि न्यूज

चरखारी स्टेट के रियासत कालीन किले के मंदिर श्री बांके बिहारी जू के वर्तमान श्री महंत शालिग्राम दास जी के शिष्य परशुराम दास का आज तिलक,चादर, उत्तराधिकारी कार्यक्रम पटटाभिषेक मंझोल गांव स्थित मन्दिर श्री बाँकेबिहारी जू के परिसर में जनपदीय श्री मंहतों, संतों, धर्माचार्यों के साथ ही नगर एवं गांव के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में संपन्न किया गया कार्यक्रम में परशुराम दास जी का वैष्णव संत परंपरा के अनुसार सर्वप्रथम प्रायश्चित कर्म, मुंडन संस्कार, अभिषेक कराते हुए जनेऊ संस्कार कराया गया जिसके बाद पूर्ण शास्त्रोंक्त वैदिक विधि विधान के अनुसार गुरु पूजन, हवन इत्यादि वैदिक कर्मो को संपन्न कराने के साथ महोबा जनपद के ग्राम स्यौढ़ी के रामजानकी मंदिर के श्री मंहत बालकदास जी, काकुन हनुमान मंदिर के श्री मंहत रमेश गिरि जी, बीहट ग्राम के रघुनाथ मंदिर के मंहत बालकदास जी देवीचरण दास, रमाकांत कौशिक भगवत दास आदि संतों द्वारा पट्टाभिषेक करते हुए परशुराम दास जी को मंदिर श्री बाँके बिहारी जू का युवराज मंहत घोषित किया गया।

श्री मंहत जुगुल भारती ने कहा कि पट्टाभिषेक का गुरु शिष्य परम्परा में बेहद महत्वपूर्ण स्थान है जिसमें एक गुरू अपने समस्त उत्तरदायित्वों को अपने शिष्य को सौंपकर उसे अपना उत्तराधिकारी घोषित कर देता है।

खबरें एक नजर में

बाजार आये युवक की बाइक चोरी

इटावा। मैनपुरी जिले से बकरी बाजार में आये एक युवक की बाइक चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में थाना पुलिस को तहरीर दी गई है। मैनपुरी जिले के ग्राम मानिकपुर अतिकुल्लापुर के रहने वाले शिवक कुमार सिंह पुत्र प्रमोद कुमार अपनी बाइक से कचौरा बाईपास मार्ग पर स्थित बकरी बाजार में आया था। उसने हाईवे से बकरी बाजार सड़क की मोड़ किनारे अपनी बाइक खड़ी कर बाजार में ख़रीददारी करने चला गया और कुछ ही समय बाद वापस लौटने पर उसकी बाइक गायब थी। काफी खोजबीन करने के बाद भी बाइक नहीं मिली। पीड़ित ने बाइक चोरी होने की तहरीर थाना पुलिस को दी है।

नदी में नहाते समय डूबे तीन बच्चे, गई जान

हमीरपुर। बेतवा नदी में नहाने गए तीन साथी किशोरों की गुरुवार को शाम डूबने से मौत हो गई है। मौत की खबर सुनते ही गांव में मातम छा गया है। ललपुरा थानाक्षेत्र के पौथिया गांव निवासी 10 वर्षीय हर्षित पुत्र कालका प्रसाद, नौ वर्षीय रोहित पुत्र आशाराम व नौ वर्षीय शौरभ पुत्र केश कुमार गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे बेतवा नदी में नहाने गए थे। जो काफी देर तक घर नहीं पहुंचे तो स्वजन उनकी तलाश करने निकल पड़े। वहीं चरवाहों ने बच्चों के कपड़े व चप्पल नदी किनारे पड़े देख जिससे उन्होंने तीनों के डूबने की आशंका जताई और स्वजन को जानकारी दी। जिसके बाद थाना पुलिस को भी सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस व स्वजन किशोरों की तलाश करते रहे लेकिन वह कहीं नहीं मिले। वहीं कुछ घंटों बाद तीनों बच्चों के शव घटना स्थल से थोड़ी दूरी पर उतराते मिले हैं। जिन्हें देक आनन-फानन में पानी से निकाल पूर्व मंत्री शिवचरण प्रजापति व ललपुरा पुलिस की गाड़ी में उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां देकते ही डाक्टर ने तीनों को मृत घोषित कर दिया है। तीन बच्चों की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। स्वजन में मातम छाया हुआ है।

रिश्वत को लेकर लेखपाल व फौजी में हुई मारपीट

राठ,हमीरपुर। तहसील परिसर में दस हजार रुपए की रिश्वत को लेकर लेखपाल और रिटायर्ड फौजी में मारपीट हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया। दोनों ने एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। लेखपाल शिवपाल ने बताया कि वह मौजा राठ दक्षिण में तैनात हैं। गुरुवार को तहरीर सभागार में कस्बे के छोटी जुलहेटी मोहल्ला निवासी शिवमंगल आया और प्लाट की दाखिल खारिज की रिपोर्ट लगवाने का दबाव बनाने लगा। जब उसने कहा कि जांच के लिए समय चाहिए। न्यायालय में जांच के बाद आख्या लगा दूंगा। इतना कहने पर वह भड़क गया। आरोप लगाया कि जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर उसे चप्पल से पीटने लगा और सरकारी कागजात फाड़ दिए। बताया कि बीच बचाव में उसके लेखपाल साथी भी चोटहिल हो गए। वहीं कस्बे के छोटी जुलहेटी मोहल्ला निवासी शिवमंगल सिंह ने बताया कि वह अपनी रजिस्ट्री लेकर शिवपाल लेखपाल के पास गया था। जिसमें उसकी रिपोर्ट लगनी थी। आरोप लगाया कि लेखपाल ने रिपोर्ट लगवाने के लिए दस हजार रुपए की मांग की। जब उसने कहा कि जायज रुपए ले लो। तो उसने हस्ताक्षर करने से मना कर दिया। बताया कि इतने उसकी लेखपाल से झड़प होने लगी। आरोप लगाया कि तभी दूसरे लेखपाल ने उसे थप्पड़ जड़ दिया और सारे लेखपाल हावी हो गए।

शिक्षा व संस्कारों का अद्भुद केंद्र शिरडी साई बाबा इंटर कालेज निस्वारा: उपेन्द्र द्विवेदी

पनवाड़ी महोबा। समृद्धि न्यूज

विकास खण्ड पनवाड़ी के निस्वारा ग्राम में स्थिति शिरडी साई बाबा इंटर कॉलेज साईंधाम एक ऐसा शिक्षा का केंद्र बन चुका है जहाँ आधुनिक तकनीक पर आधारित शिक्षा के साथ संस्कार तहजीब आदि बड़े अच्छे ढंग से स्टूडेंट्स के अंदर प्रविष्ट कराए जाते हैं जिससे एक देश का कुशल नागरिक तैयार हो सके गौरतलब हो कि जहाँ शिक्षा का व्यापारीकरण हो रहा है।

सुविधाओ के नाम पर अभिवावकों से मोटी रकम वसूली की जाती है तो साईंधाम शिक्षा केन्द्र में अच्छी से अच्छी सुविधाओ के साथ हर प्रकार की शिक्षा निशुल्क प्रदान की जा रही है जहाँ पर कंप्यूटर शिक्षा, आधुनिक विज्ञान पर आधारित क्विज प्रश्नों पर प्रतिस्पर्धा सभी निशुल्क दी जाती है किताबे कॉपी ड्रेस स्टेसनोरि आदि सब फ्री उपलब्ध कराया जाता है स्टूडेंट्स के लिए मोत्तिवशनल क्लास भी दी जाती है तथा हर महीने टूर पर स्टूडेंट्स को स्थानीय धार्मिक स्थलों पर ले जाया जाता है तथा ऐतिहासिक दृष्टि से उनको उसी स्थानों पर क्लास भी दी जाती है गौरतलब हो कि पहले यह स्कूल कक्षा आठवी तक था हाल ही में अब इसे इंटर कालेज की मान्यता भी मिल चुकी है स्कूल संस्थापक अध्यक्ष डॉ मोतीलाल गुप्ता का प्रयास है कि यह रोजगार के अवसर उपलब्ध हो इस लिए उन्होंने शिलाई प्रशिक्षण एवम ब्यूटी पार्लर कोर्स भी दे रखे हैं जिससे महिलाएं आत्म निर्भर वन कर रोजगार अपना सके और अपना घर स्वयं चला सके इसी प्रकार कंप्यूटर प्रोग्राम अटेंड कर स्टूडेंट्स रोजगार अपना कर स्वयं का जीवन यापन कर सकते हैं साथ ही साथ खेल कूद में भी स्टूडेंट्स आगे निकल कर देश का नाम रोशन कर सकते हैं।

तेज आंधी तूफान से निर्माणाधीन मकान सहित छप्पर धराशाई

राठ,हमीरपुर। समृद्धि न्यूज

- गांव में 15 स्थान पर बिजली खंबे टूट कर मकान पर गिरे

बुधवार की रात हरसुंडी गांव में अचानक आईं तेज आंधी तूफान से निर्माणाधीन मकान सहित छप्पर धराशाई हो गए। मकान के मलवे में जानवरों की दबकर मौत हो गई। साथ ट्रैक्टर व गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई है।

हरसुंडी गांव निवासी हेमेंद्र राजपूत का निर्माणाधीन मकान धराशाई हो गया। रामनारायण कुशवाहा के ट्रैक्टर के ऊपर नीम का पेड़ गिरने से बोनट, छतरी अन्य सामान क्षतिग्रस्त हो गया। भवानी राजपूत मकान के अंदर सो रहा था। रात 12:30 बजे आए आंधी तूफान से पड़ोसी की दीवार भर भरा कर गिर गई जिसमें वह दब गया। आनन-फानन में उसे निकला। मकान के अंदर रखी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। दीवाल गिरने से गांव के राम अवतार यादव की बछिया की मौत हो गई। आंधी तूफान से छतों पर लगे दर्जन टीन-टप्पर हवा में उड़ने लगे और कई लोगों के टीन गुम हो गए। गांव में 15 स्थान के बिजली खंबे टूट कर मकान में गिर गए। जिससे कुछ लोग के मकान टूटे और कुछ में दरारें आ गई। छत पर रखा सामान भी तूफान उड़ा कर ले गया। गांव के मंदिर के पास आंधी से बरगद का पेड़ टूट गया और बड़ी माता मंदिर के पास के पांच बिजली खंबे टूट कर गिर गए।

बैभव के असिस्टेंट कमिश्नर बनने पर परशुराम सेवा समिति ने दी बधाई

इटावा। परशुराम सेवा समिति उत्तर प्रदेश के सरंक्षक मेजर पाण्डेय मेला मालिक परशूपुरा का भांजा मूल रूप से बकेबर निवासी हाल निवास उज्जैन म.प्र. अनुज कुमार पाठक आदित्य पाठक के अनुज पुत्र बैभव पाठक ने अपने प्रथम प्रयास में ही एमपीपीएससी में सफलता पाकर असिस्टेंट कमिश्नर का पद प्राप्त किया। बैभव को परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट, संरक्षक हरिप्रकाश चौधरी, महामन्त्री जयशिव मिश्रा, डॉ.राहुल दीक्षित प्रदेश संगठन मंत्री, प्रदेश सचिव मुकेश दीक्षित, कोषाध्यक्ष राजेंद्र देव दुबे, जिलाध्यक्ष रोहित चौधरी, शशांक भारद्वाज, बृजेश मिश्रा, गोविन्द पाण्डेय, नरेंद्र शर्मा, आदि ने बधाई देते उज्जवल भविष्य की कामना की है।

चेकिंग अभियान के दौरान 18 वाहनों के काटे गये चालान

इटावा। समृद्धि न्यूज

- अवैध पार्किंग, प्रेशर हॉर्न, लाल, नीली बत्ती वाले दुपहिया व चारपहिया वाहनों पर हुई कार्यवाही

मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये आदेशानुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन मे पुलिस ने अवैध पार्किंग, हूटर सायरन, प्रेशर हॉर्न, लाल, नीली बत्ती, ब्लैक फिल्म इत्यादि लगे दुपहिया व चारपहिया वाहनो के विरुद्ध कार्यवाही की।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन मे क्षेत्राधिकारी चकरनगर/यातायात व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व मे जनपदीय पुलिस, ईओ, आरटीओ की संयुक्त टीम द्वारा अभियान चलाया गया। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा दिये गये आदेशों के क्रम मे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी चकरनगर/यातायात नागेंद्र चौबे, क्षेत्राधिकारी नगर अमित कुमार सिंह के नेतृत्व मे थाना सिविल लाइन व थाना कोतवाली पुलिस, ईओ, आरटीओ की संयुक्त टीम द्वारा अवैध पार्किंग स्थलों, अवैध ऑटो पार्किंग, अतिक्रमण तथा ब्लैक फिल्म, हूटर सायरन/प्रेशर हॉर्न, लाल नीली बत्ती, दो पहिया/चार पहिया वाहनों पर पुलिस कलर्स, उ.प्र. शासन एवं भारत सरकार लिखे जाने, बिना हेलमेट, सीट बेल्ट इत्यादि के विरुद्ध अभियान चलाया गया।

यूथ कांग्रेस ने राहुल के जन्मदिन पर बांटे पौधे

इटावा। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शोज़ब रिज़वी के नेतृत्व में जननायक राहुल गांधी का जन्मदिन नौरंगाबाद पुलिस चौकी के सामने केक काटकर, मिष्ठान व पौधे बाटकर उल्लास से मनाया गया। यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष शौजब रिज़वी ने कहा राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा एवं भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से देश के हर नागरिक से जुड़ने, उनकी समस्याओं को जानने एवं उनके समाधान करने का कार्य कार्य किया। राहुल गांधी ने निर्भीक होकर जिस प्रकार केंद्र की तानाशाह सरकार के सामने खड़े होकर जनहित के मुद्दे उठाये यह उसी का परिणाम है कि जनता का जुड़ाव कांग्रेस के प्रति बढ़ा है। राहुल गांधी के जन्मदिन पर यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष शौजब रिज़वी, शहर कांग्रेस के अध्यक्ष पल्लव दुबे, प्रदेश सचिव राशिद खान ने राहगीरों को मिठाई के साथ पौधों का वितरण किया।

कोर्ट ने सुनाई हत्यारोपी पति को उम्रकैद की सजा

इटावा। समृद्धि न्यूज

- दस हजार रूपये का लगाया अर्थदंड
- प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए गवाहों व अन्य साक्ष्यों को न्यायालय इटावा के समक्ष प्रस्तुत करते की गयी सख्त पैरवी

जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में थाना बलरई व मानीटरिंग / पैरवी सैल की प्रभावी पैरवी के चलते पत्नी की हत्या करने वाले अभियुक्त को न्यायालय इटावा द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनायी गयी तथा 10,000 रूपये का अर्थदंड दिया गया। विदित हो कि 14 जून 2023 को थाना बलरई पर वादी ऋषिकेश यादव पुत्र राजनाथ सिंह निवासी नगला जोरे थाना नगला खंगरा जिला फिरोजाबाद द्वारा तहरीर दी गयी कि 11 जून 2023 को उसका बहनोई हरकेश एवं बहन प्रीति उनके घर गांव नगला जोरे जिला फिरोजाबाद आये थे जहाँ उनके बीच कहा सुनी हो गयी तथा रात्रि करीब 11 बजे उसका बहनोई प्रीति को लेकर अपने घर ग्राम पुरा चौधरी वापस चले गये और रास्ते में मेरी बहन को मारकर उसका शव में फेंक दिया, प्राप्त तहरीर के आधार पर तत्काल थाना बलरई पर धारा 302,201 भादवि पंजीकृत किया गया। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में विवेचना अधिकारी निरीक्षक अलमा अहिरवार प्रभारी थाना बलरई द्वारा दौराने विवेचना साक्ष्य संकलन के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय इटावा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में प्रकरण की प्रभावी पैरवी कराते हुए थाना बलरई पुलिस टीम, पैरोकार का. थान सिंह एवं मानीटरिंग सैल व एडीजीसी संजीव कुमार चतुर्वेदी द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए समयानुसार समस्त गवाहों व अन्य साक्ष्यों को न्यायालय इटावा के समक्ष प्रस्तुत करते हुए प्रभावी एवं सख्त पैरवी की गयी। जिसके परिणामस्वरुप उक्त अभियोग से संबंधित अभियुक्त हरकेश पुत्र इन्द्रेश निवासी पुरा चौधरी थाना चित्राहाट जनपद आगरा को न्यायालय एडीजे /एफटी द्वितीय इटावा द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनायी गयी तथा 10,000 रूपये के अर्थदंड से दण्डित किया गया।

साइबर फ्रॉड से निकाले रुपये पुलिस ने कराये वापस

इटावा। समृद्धि न्यूज

- 14 मार्च को साइबर थाना पर दिया था पत्र

जनपद में साइबर फ्रॉड की रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम तथा अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एवं क्षेत्राधिकारी अपराध के मार्गदर्शन में थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने साइबर फ्रॉड यूपीआई के माध्यम से निकाले गये पीडिता के 98,000 रुपयों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए शत प्रतिशत रुपये वापस कराये।

पीड़िता आरती कुमारी पुत्री सत्यनारायण निवासी महावीर नगर थाना भरथना इटावा द्वारा अपने साथ 14 मार्च 2024 को हुए साइबर फ्रॉड के संबंध में साइबर थाना पर प्रार्थना पत्र दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी अपराध के मार्गदर्शन में थाना साइबर पुलिस टीम द्वारा द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए विभिन्न माध्यमों से साक्ष्य संकलन किये गये एवं बैंक अधिकारी पेमेन्ट गेटवे के नोडल अधिकारी इत्यादि से वार्ता कर आवेदिका के रुपये वापस करने का प्रयास किया गया।

पुलिस ने मनचलों अराजक तत्वों के विरुद्ध चलाया चेकिंग अभियान

इटावा। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत जनपदीय महिला सुरक्षा विशेष दल एंटी रोमियो स्कवायड द्वारा शहर क्षेत्रान्तर्गत पैदल गश्त कर मनचलों, अराजक तत्वों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। जनपदीय महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा शहर क्षेत्र अंतर्गत पैदलगस्त कर गर्ल्स स्कूल/कॉलेज, कोचिंग संस्थान, मंदिर, पूजा घर, महिलाओं एवं बालिकाओं के आवागमन से संबंधित महत्वपूर्ण हॉटस्पॉट, सार्वजनिक स्थलों, चौरोहो, बाजार, मॉल, पार्क, स्कूल बस/टैक्सी स्टैण्ड आदि स्थानों पर सुरक्षा हेतु अभियान चलाकर चेकिंग की गई।

बिजली आपूर्ति न सुधरी तो सड़कों पर उतरेगी समाजवादी पार्टी

कार्यालय 16
जिलाधिकारी इटावा

इटावा। समृद्धि न्यूज

अघोषित बिजली कटौती को लेकर समाजवादी पार्टी ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया सपा नेताओं ने कहा कि अभी तो सपा ने केवल महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन ही सौंपा है आगे अगर कार्रवाई नहीं हुई तो सपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी सड़कों पर भी उतरेंगे और धरना भी देंगे।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष उत्तम सिंह प्रजापति, लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष किशन यादव, यूथ बिग्रेड जिला अध्यक्ष नरेंद्र पाल समेत कई नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत किल्हौवा वि.ख. पनवाड़ी, महोबा

अल्पकालिक निविदा सूचना

मनरेगा योजना 2024-25 अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 21.06.2024 से 28.06.2024 तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जायेंगी व उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदायें खोली जायेगी।

निविदा शुल्क-100 रू.

क्र. सं.	ग्राम पंचायत	कार्य का विवरण	कार्य की लागत	धरोहर राशि	सामग्री आपूर्ति	लम्बाई	समय
1.	किल्हौवा	बकरी शेड निर्माण कार्य ग्यादीन पुत्र नथुवा का	1.38 लाख	2 प्रतिशत	ईंटा, सीमेन्ट, बालू, गिट्टी, सरिया पाइप, चद्दर आदि	3x4	6 माह
2.	किल्हौवा	बकरी शेड निर्माण कार्य देवेन्द्र पुत्र बाबू का(S.C)	1.39 लाख	2 प्रतिशत	ईंटा, सीमेन्ट, बालू, गिट्टी, सरिया पाइप, चद्दर आदि	3x4	6 माह

शर्तें- 1. ठेकेदार आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टैम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदादाताओं धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा।
4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

प्रधान
सचिव

आम जनजीवन के साथ खिलवाड़ कर रहा विद्युत महकमा

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

- पिछले 48 घंटे से लाइट की आवाजाही से पानी के लिए लोग परेशान
- भीषण गर्मी और उमस में घंटों के हिसाब से विद्युत आपूर्ति बाधित

प्रशासनिक दिशा निर्देश के बाद भी विद्युत विभाग विद्युत आपूर्ति को लेकर गंभीर नहीं हुआ है हालत यह है कि बीते कई दिनों से भीषण गर्मी और उमस के चलते जहां आम जनजीवन बुरी तरह से त्रस्त है तो वही अघोषित विद्युत कटौती ने आम जनजीवन के सामने चुनौतियां खड़ी है नगर के कई मोहल्लों में तो यह आलम है कि कई कई घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है और ऐसे में भीषण गर्मी और उमस के अलावा लोगों को पीने तक का पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है फ्लिहाल हालात बढ़तार होते जा रहे हैं और जिम्मेदार विभागीय अधिकारी आंखें फेरे हाथों पर हाथ रखे बैठे हुए हैं। इस बार गर्मी ने अपने पिछले कई वर्षों के रिकॉर्ड तोड़ डाले हैं जून माह के दौरान तो ऐसी स्थितियां देखी गई जब पारा 47 से 48 डिग्री सेंटीग्रेड तक पहुंच गया और हर जगह गर्मी से लोग त्रस्त नजर आने लगे बात मौसम और प्रकृति की मार कि नहीं इसके साथ-साथ लोगों को विद्युत आपूर्ति का जुम्मा उठाने वाले विद्युत महकमे की करें तो इस बात को खाने में कोई संकोच नहीं के विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने आम जनजीवन की सुरक्षा को पूरी तरह से नजरअंदाज करते हुए विद्युत आपूर्ति को सुचारू रूप से बनाए रखने में कोई गंभीरता नहीं दिखलाई जिसका परिणाम यह रहा की बीते कई दिनों से लगातार विद्युत आपूर्ति का संकट नगर के अधिकांश क्षेत्र में देखने को मिल रहा है ऐसे में जब की भीषण गर्मी और उमस में मध्यम और गरीब तबके का व्यक्ति विद्युत आपूर्ति से ही भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए कूलर और पंखे इस्तेमाल करता है जबकि वहीं विभागीय आला अधिकारी विद्युत आपूर्ति बाधित होने के बाद भी इनवर्टर जनरेटर का इस्तेमाल कर एयर कंडीशनर में अपने को महफूज रखते हुए चौन की नींद सोता है फ्लिहाल जो भी हो लेकिन इतना साफ है कि इन गैर जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों को लेकर आम लोगों में अब खासी नाराजगी पनपना लगी है कुछ लोगों का तो साफ तौर पर कहना है कि ऐसे अधिकारियों के खिलाफ प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

सरकारी सीयूजी नंबर तक नहीं उठाते अधिकारी

उरई। विभागीय अधिकारियों की मनमानी किस कदर चरम सीमा पर पहुंच गई है इसकी बांध की तो इसी बात से मिल जाती है की विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारी अब तो सरकारी सीयूजी नंबर पर आई हुई कॉल को भी उठाना पसंद नहीं करते जबकि इस बारे में प्रशासन द्वारा पूर्व से ही स्पष्ट तौर पर निर्देश जारी किए गए थे कि कोई भी विभागीय अधिकारी शिवजी नंबर पर आई हुई कॉल को किसी भी सूरत में अनदेखी न करें और उसका समुचित जवाब दें लेकिन यहां विद्युत विभाग के अधिकारियों को देखें तो लोगों द्वारा कई कई बार कॉल करने के बाद भी यह चुप्पी साधे रहते हैं फ्लिहाल अब ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ आम जनजीवन में आक्रोश पर अपने लगा है कुछ लोगों का तो यह भी कहना है कि यदि जल्दी विद्युत आपूर्ति को सुचारू नहीं बनाया जाता तो वह इस संबंध में जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे।

कई इलाकों में पेयजल संकट गहराया

उरई। विद्युत आपूर्ति संकट के चलते यहां नगर के मोहल्ला उमरार खेड़ा, नया पाठकपुरा, पटेल नगर मैं लोगों को पीने के पानी के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है कमोबेश यह स्थिति नगर के अन्य मोहल्लों में भी है मोहल्ला राजेंद्र नगर इंदिरा नगर में देर देर रात तक लोगों को नलों से होने वाली सप्लाई के लिए इंतजार करना पड़ता है फ्लिहाल जो भी हो लेकिन विद्युत आपूर्ति के संकट ने अब लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है ऐसे में जिला प्रशासन को इस मामले को लेकर गंभीरता से विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को दिशा निर्देश देकर लोगों को समस्याओं से निजात दिलाने की जरूरत है।

गैड़ास बुजुर्ग विकास खंड कार्यालय पर संचारी एवं दस्तक अभियान को सफल बनाने के लिए हुआ बैठक

उतरौला(बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज

संचारी एवं दस्तक अभियान के सफल आयोजन हेतु गुरुवार को गैड़ास बुजुर्ग विकास खंड कार्यालय पर आयोजित नियोजन बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी डॉक्टर जीतेंद्र नाथ दूबे ने किया।

बैठक में यूनिसेफ रीजनल कोऑर्डिनेटर संदीप यादव तथा जिला समन्वयक कोऑर्डिनेटर शिखा श्रीवास्तव द्वारा क्रमवार बताया गया कि मच्छर जनित रोग से बचाव के लिए माह जुलाई में सभी विभागों के सहयोग से संचारी अभियान चलाया जाएगा जिसके तहत गांव के लोगों को संचारी रोग जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, जापानी इंसेफेलाइटिस, स्क्रब टायफस, फाइलेरिया, टीबी, कुष्ठ रोग आदि बीमारियों से बचाव हेतु जागरूक किया जाएगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैड़ास बुजुर्ग अधीक्षक डॉक्टर शोएब अहमद ने बताया की साफ सफाई, स्वच्छता तथा मच्छरदानी का प्रयोग करके बीमारियों से बचा जा सकता है। तथा किसी भी बीमारी की स्थिति में समय से अस्पताल पहुंचकर इलाज करना चाहिए। बीईओ विनय कुमार चौधरी द्वारा कार्यक्रम में शिक्षकों की पूर्ण सहयोगिता का भरोसा दिलाया गया। यूनिसेफ बीएमसी राम शंकर यादव ने बताया कि यह कार्यक्रम जुलाई के पूरे माह तक चलेगा। जिसमें 1 से 31 जुलाई तक संचारी तथा 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान कार्यक्रम संचालित होगा।

बैठक में एडीओ पंचायत हनुमान प्रसाद, एडीओ पीपी रोहित कुमार सिंह, एडीओ एजी पंकज कुमार शुक्ला, सुपरवाइजर निरुपमा, पशुधन प्रसार अधिकारी प्रीति सागर, बीसीपीएम त्रिलोकी नाथ, पूर्व प्रधान फखरुद्दीन खान समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

ओवरटेक के चक्कर में डंफर-कंटेनर भिड़ा, चालक की हुई मौत

जालौन (उरई)। ओवरटेक करने के चक्कर में आगे जा रहे डंपर से पीछे चल रहा कंटेनर भिड़ा। हादसे में कंटेनर चालक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर एक कंटेनर चित्रकूट से चलकर मैनपुरी की ओर जा रहा था। जब कंटेनर एक्सप्रेस वे पर छिरिया सलेमपुर गांव के नजदीक किमी संख्या 203 के पास पहुंचा तभी कंटेनर चला रहे दुर्गेश कुमार (25) पुत्र अमृत सिंह निवासी रामनगर थाना बिछ्वा जनपद मैनपुरी ने आगे चल रहे डम्पर को ओवरटेक करना चाहा। ओवरटेक करते समय चालक कंटेनर पर नियंत्रण नही रख सका और कंटेनर आगे चल रहे डम्पर से टकरा गया। हादसे में कंटेनर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कंटेनर चला रहे दुर्गेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। एक्सप्रेस वे कर्मी उसे सीएचसी लाए जहां डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना दी और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पिता-पुत्र की पिटाई करने पर दो नामजदों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कालपी (जालौन)। नगर के मुहल्ला रामगंज में पिता-पुत्र के साथ मारपीट करने के मामले में पीड़ित पक्ष के द्वारा पड़ोस के दो लोगों के खिलाफ अभियोग दर्ज कराया गया है। वादी जनक सिंह पुत्र हल्के सिंह निवासी मुहल्ला रामगंज कालपी ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 19 जून को रात लगभग 9 बजे अपने घर के बाहर खड़ा था, तभी मुहल्ले के ही आरोपियों शेर सिंह पुत्र हल्के सिंह तथा दीपक पुत्र शेर सिंह आये तथा मेरे साथ गाली गलौज करने लगे। जब मैंने गाली बकने से मना किया तो दोनों लोग मारपीट करने लगें। मुझे बचाने के लिए जब मेरा पुत्र आया तो आरोपियों ने मेरे पुत्र की भी पिटाई कर दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। शिकायत के आधार पर कोतवाल नागेंद्र पाठक के निर्देश पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके विवेचना उप निरीक्षक मोहित यादव को सौंपी गई है।

अज्ञात बदमाश के खिलाफ बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज

कालपी (जालौन)। एक महीने पहले कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुढ़ा खास से अज्ञात बदमाश के द्वारा मोटर साइकिल की चोरी करने के मामले में कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। वादी नरेंद्र कुमार पुत्र लाल जी निवासी ग्राम मैनूपुर ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 22 मई 2024 की सुबह करीब 7 बजे प्रार्थी अपनी मोटर साइकिल नंबर यूपी-78-जीके-8869 से सामान लेने आया हुआ था। प्रार्थी अपनी मोटर साइकिल को गुढ़ा खास तिराहे में खड़ी करके सामान खरीदने से लगा। जब सामान खरीदकर वापस आया तो मोटर साइकिल गायब थी। कोतवाली पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ जुर्म धारा 279 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज करके विवेचना उप निरीक्षक राजेश सिंह को सौंपी है।

रंजिशन ग्रामीण से मारपीट

जालौन (उरई)। रंजिश के चलते गांव के एक व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति के साथ गाली गलौज व मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुरा निवासी सुरेंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के ही नरेंद्र उनसे रंजिश मानते हैं। रंजिश के चलते अक्सर विवाद करते रहते हैं। पीड़ित ने आरोप लगाया कि गुरूवार की सुबह नरेंद्र उसके साथ गाली गलौज कर रहे थे। मना करने पर उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। जिसमे उन्हें चोटें आई हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

आज प्रात: 6 बजे होगा योग शिविर का आयोजन

जालौन (उरई)। तहसील परिसर में 21 जून शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सुबह छह बजे से योग शिविर का आयोजन होगा। योग प्रशिक्षक डॉ रमन कुमार ने बताया कि 21 जून शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। विश्व योग दिवस पर तहसील परिसर में सुबह छह बजे से एसडीएम अतुल कुमार की अध्यक्षता में योग शिविर का आयोजन किया जाएगा।

प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से लिया फीडबैक,शीर्ष नेतृत्व को भेजेंगे रिपोर्ट

अयोध्या। समृद्धि न्यूज

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने बुधवार की देर शाम तक लोकसभा क्षेत्र की तीन विधानसभा व गुरूवार को रूदौली विधानसभा के प्रमुख कार्यकताओं तथा पदाधिकारियों के साथ बैठक की।बैठक में उन्होंने आगामी कार्यक्रम के बारे में चर्चा की तथा पदाधिकारियों से संगठनात्मक विषयों की जानकारी ली।गुरूवार को रामजन्मभूमि,हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन किया।कारसेवक पुरम् में राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय से मुलाकात की।लोकसभा चुनाव परिणाम के विषय में उन्होंने मंडल स्तर व विधानसभा स्तर पर कार्यकर्ताओं से फीड बैक लिया। कार्यकताओं के फीड बैक के अनुसार रिर्पोट तैयार कर शीर्ष नेतृत्व को भेजी जाएगी। मिल्कीपुर विधानसभा की बैठक इनायतनगर,बीकापुर विधान सभा सहादतगंज पार्टी कार्यालय, अयोध्या विधानसभा सर्किट हाउस,रूदौली विधानसभा की बैठक आरसीएम लॉन रूदौली में सम्पन्न हुई।प्रदेश अध्यक्ष श्री चौधरी ने बताया कि भाजपा शीर्षनेतृत्व द्वारा सभी लोकसभाओं में दो वरिष्ठ लोगों की टीम भेजी गई है।उन सभी कारणों की समीक्षा गई है जिस कारण अपेक्षा के अनुरूप परिणाम नही आया।जनता ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाने का जनादेश दिया है।एनडीए को इंडी गठबंधन से ज्यादा प्रतिशत मत प्राप्त हुए हैं।लोकसभा चुनाव में विपक्ष ने नकारात्मक एजेंडे के द्वारा जनता को भ्रमित करने का कार्य किया है,सभी कार्यकर्ता उसका पर्दापाश करने का कार्य करेंगे।क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र ने बताया कि बैठक में आगामी दिनों के कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की गई। 21 जून को योग दिवस,23 जून को डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस,25 जून आपात काल की बरसी पर काला दिवस, 23 जून से 8 जुलाई तक एक वृक्ष मॉ के नाम कार्यक्रम चलाए जाएंगे। 30 जून को माह के अंतिम रविवार को बूथ स्तर पर सभी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रमों को सुनेंगे।

बैठकों में क्षेत्रीय अध्यक्ष बृज क्षेत्र दिग्विजय सिंह शाक्य,अवध क्षेत्र कमलेश मिश्र,अवध क्षेत्र महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह,जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी,जिपंअ रोली सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, रूदौली बैठक में विधायक राम चन्दर यादव,बीकापुर बैठक में अमित सिंह चौहान,महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, लोकसभा संयोजक बांके बिहारी मणि त्रिपाठी,ओम प्रकाश सिंह, मंडल व विधानसभा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

बदइंतजामी के कारण पशु अस्पताल बनकर रहा शो पीस

- बाउंड्री वॉल न होने से बन गया है अराजक तत्वों व छुट्टा पशुओं का अड्डा
- नहीं आते डॉक्टर, खंडहर होता जा रहा है अस्पताल

उतरौला(बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज

स्थानीय ब्लॉक क्षेत्र के महदेईया बाजार में स्थित पशुओं के इलाज के लिए पशु अस्पताल बनाया गया था, इसकी मंशा यह थी कि पशुओं का इलाज हो सके और पशुपालकों को अपने बीमार पशुओं के इलाज के लिए परेशान ना होना पड़े लेकिन बदइंतजामी के कारण यह पशु अस्पताल शो पीस बनकर रह गया है। स्थिति यह कि यहां पशुओं के डॉक्टर कभी आते नहीं है इसलिए पशुओं का इलाज होता नहीं है। दूसरी स्थिति यह है कि यह भवन खंडहर में तब्दील हो चुकी है और यहां बाउंड्री वॉल भी टूटी हुई है। जिसके कारण यह अराजक तत्वों व छुट्टा पशुओं का अड्डा बन गया है। बरसात में रास्ता जलमग्न हो जाता है। आज तक पक्का रास्ता नही बन सका। पशुपालकों के साथ-साथ चिकित्सक को भी यहां पहुंचने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

सरेआम पंचायत के सामने देवर ने कुल्हाड़ी से हमला कर भाभी को उतारा मौत के घाट

- भाभी के अवैध संबधो को लेकर देवर ने बुलाई थी पंचायत की बैठक

चोपन/सोनभद्र। समृद्धि न्यूज

चोपन थाना क्षेत्र के कनछ ग्राम पंचायत पकरी टोले मे गुरूवार की सुबह भाभी के नाजायज संबध को लेकर चल रही पंचायत के समक्ष देवर ने क्रोध मे आकर भाभी को कुल्हाड़ी से सर पर वार कर मौत के घाट उतार दिया,घटना देख पंचायत भी बीच बचाव कर के भाग खड़ी हुयी। सूचना पाकर मौके से पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर जांच मे जुट गयी है घटना के बाबत स्थानीय लोगो ने बताया की देवर मनोज यादव का आरोप था की उनकी भाभी सोनी देवी का किसी गैर मर्द से नाजायज रिस्ता बना रखा है। रात- रात भर मोबाइल से बात भी करती रहती है उसके भाई ट्रक चालक है वह अक्सर बाहर रहते थे वह इस रिस्ते से काफी खफा थे। इसी को लेकर गुरुवार की सुबह पंचायत बुलाई गयी थी पंचायत के दौरान भाभी को काफी समझाया गया किंतु वही नही मानी इससे देवर मनोज यादव गुस्से मे आकर कुल्हाड़ी से अपनी भाभी सोनी देवी पत्नी सतेन्द्र यादव उम्र लगभग 30 वर्ष के सर पर कई बार वार कर दिया जिससे वह लहुलुहान हो तड़प तड़प कर मौके पर मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक चोपन विजय कुमार चौरसिया ने मौके की स्थिति जांच कर पंचनामा कर शव को अपने कब्जे मे ले लिया। कुछ समय बाद अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह, सीओ सीटी चारू द्विवेदी मौके पर पहुंच घटना की जांच कर लोगो से घटना की जानकारी ली। मौके पर मौजूद अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह ने बताया की प्रेम संबंध की बात विवाद मे देवर मनोज यादव द्वारा कुल्हाड़ी से अपनी भाभी सोनी देवी की हत्या कर दी गयी पंचायतनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा जा रहा है प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

कार्यालय क्षेत्र पंचायत, कमालगंज-फर्रुखाबाद।

पत्रांकः 479 /लेखाकार/केंद्रीय वित्त-राज्य /निविदा/ 2024-25
दिनांक 18/06/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/15वां वित्त के अन्तर्गत क्षेत्र पंचायत कमालगंज, विकास खण्ड कमालगंज जनपद-फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना को निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों फर्मों से दिनांक 19/06/2024 से 25/06/2024 अपरान्ह 4:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 26/06/2024 को अपरान्ह 4:00 बजे विकास खण्ड कार्यालय कमालगंज में खण्ड विकास अधिकारी, अवर अभियंत्रण विभाग तथा सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता) एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 19/06/2024 से 25/06/2024 की अपरान्ह 4:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में खण्ड विकास अधिकारी कमालगंज से रु0 1000-00 जमा कर प्राप्त की जा सकती है।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	योजना का नाम	लागत	जमानत धनराशि 2 प्रतिशत	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1	न्याय पंचायत माडल शंकरपुर में 6 हैण्डपम्प रिबोर।	राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य	282000	5640	1000.00
2	न्याय पंचायत राजेपुर सरायमेदा में 11 हैण्डपंप रिबोर।	राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य	517000	10340	1000.00
3	न्याय पंचायत कंधरापुर में 4 हैण्डपम्प रिबोर।	राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य	188000	3760	1000.00
4	न्याय पंचायत लऊआ नगला मान पट्टी में 2 हैण्डपम्प रिबोर।	राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य	94000	1880	1000.00
5	न्याय पंचायत कंझाना में 2 हैण्डपम्प रिबोर।	राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य	94000	1880	1000.00
6	न्याय पंचायत जहानगंज में 1 हैण्डपम्प रिबोर।	राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य	47000	940	1000.00
7	न्याय पंचायत शंकर मॉडलपुर में 5 हैण्डपम्प रिबोर।	राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य	235000	4700	1000.00
8	न्याय पंचायत खुदागंज में 1 हैण्डपम्प रिबोर।	राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य	47000	940	1000.00
9	न्याय पंचायत कतरौली पट्टी में 19 हैण्डपम्प रिबोर।	राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य	893000	17860	1000.00
10	न्याय पंचायत अहमदपुर में 14 हैण्डपम्प रिबोर।	राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य	658000	13160	1000.00
11	ग्राम पंचायत डूंगरपुर में सुनीता के घर से शिव मंदिर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य।	राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य	950000	18000	1000.00
12	ग्राम पंचायत कतरौली पट्टी के मजरा टडहुआ में सर्वेश के घर से नव निर्मित नाला तक नाला निर्माण कार्य।	राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य	850000	18000	1000.00
13	ग्राम पंचायत समदरपुर में श्री रामबाबू के घर मकान से सुभाष चन्द्र फौजी के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य।	राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य	997000	19940	1000.00
14	ग्राम पंचायत बंथल शाहपुर नवनिर्मित इंटरलाकिंग से गांव तक इंटरलाकिंग कार्य।	राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य	900000	18000	1000.00
15	ग्राम पंचायत हैदपुर में महोई रोड से लेकर गमा देवी माता मंदिर तक नाली व सीसी रोड निर्माण कार्य।	राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य	997000	19940	1000.00
16	नहरैया में मैन रोड से राम बाबू के घर के आगे ब्रह्मदेव तक सीसी रोड निर्माण कार्य।	राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य	489000	9780	1000.00
17	ग्राम पंचायत जीरागौर के मजरा कुतुबपुर बघार अमन के मकान से रनवीर के खेत तक इंटरलाकिंग व नाली कार्य।	राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य	997000	19940	1000.00
18	ग्राम पंचायत रुनी चुरसई के मजरा नौदापुर से मैन रोड (अमर बीज भण्डार) से राकेश के खेत तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य।	राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य	999000	19980	1000.00
19	ग्राम पंचायत ताजपुर में भूरे ठाकुर के घर से बृजेश चतुर्वेदी के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य	राज्य वित्त/ 15वां वित्त/ अन्य	999000	19980	1000.00

नियम एवं शर्तें–क्षत्रे पंचायत कार्यालय कमालगंज में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

खण्ड विकास अधिकारी,
वि0ख0 कमालगंज

योग दिवस

विश्व योग दिवस की पूर्व संध्या पर जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

योग शारीरिक ही नहीं मानसिक विकास भी करते है: अर्चना

अमिताभ श्रीवास्तव

अयोध्या। वर्ल्ड योगासन एवं योगासन भारत के महासचिव डॉ. जयदीप आर्य के मार्गदर्शन तथा उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव रोहित कौशिक के नेतृत्व एवं योगासन स्पोर्ट्स उत्तर प्रदेश के समन्वयक पियूष कांत मिश्र के दिशा निर्देशन में उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में चल रही जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिताओं के तत्वावधान में विश्व योगदिवस की पूर्व संध्या पर प्रथम जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता ध्यान केंद्र,योग विज्ञान विभाग डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में गुरूवार को सम्पन्न हुई।इस प्रतियोगिता की अध्यक्षता विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो हिमांशु शेखर सिंह ने किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस उपाधीक्षक श्रीमती अर्चना सिंह रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में खेल का विशेष महत्व है।सरकार ने योग को एक खेल के रूप में मान्यता दे दी है।योगसन खेल, केवल शारीरिक ही नहीं मानसिक विकास भी करते हैं।कुछ खेल बच्चों के लिए होते हैं,कुछ बड़ों के लिए,कुछ वृद्धों के लिए होते हैं, जबकि ये एक ऐसा खेल हैं, जिसमें सभी वर्ग के लोग प्रतिभाग कर सकते हैं।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. कीर्ति विक्रम सिंह रहे।डॉ. सिंह ने खिलाड़ियों को योग के महत्व के विषय जानकारी दी और सरकार द्वारा खिलाड़ियों की लिए चलाई जा रही योजनाओं के विषय में प्रकाश डाला।इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में महिला और पुरुषों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।इन सभी वर्गों के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले विजेताओं को मेडल तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।सीनियर वर्ग महिला एवं पुरुष में अवध विश्वविद्यालय योग विज्ञान विभाग का दबदबा रहा। सीनियर वर्ग महीला में क्रमशः प्रथम स्थान शालू कुमारी द्वितीय स्थान आकृति त्रिपाठी तृतीय स्थान रोली पांडे का रहा।सीनियर वर्ग पुरुष में क्रमशः प्रथम स्थान आशीष शुक्ला द्वितीय स्थान राजपाल तृतीय स्थान कमलेश कुमार का रहा।सभी विजेता प्रतिभागी आगामी राज्य स्तरीय उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

प्रतियोगिता में ऑब्जर्वर की भूमिका योगासन उत्तर प्रदेश से जुड़े प्रतिनिधि वैभव उपाध्याय ने निभाई।योग विज्ञान के सहायक आचार्य डॉ. आलोक तिवारी ने निर्विवाद निर्णय देकर प्रतियोगिता सम्पन्न कराई।डॉ. अनुराग तिवारी ने मंच संचालन एवं अतिथियो का धन्यवाद ज्ञापन किया।कार्यक्रम में योग विज्ञान विभाग के शिक्षक डॉ. अनुराग सोनी,सुश्री गायत्री वर्मा की महती भूमिका रही। रजिस्ट्रेशन का कार्य दिवाकर पाण्डेय के द्वारा किया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

टीवी के लक्षण युक्त रोगियों को चिन्हित करने में सीएचओ महती भूमिका निभाऐं: डीएम

- डीएम ने कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में सीएचओ के साथ बैठक कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश
- उत्कृष्ट कार्य करने वाले चार सीएचओ को डीएम ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

G M Dwivedi
19 June 2024 5:31 pm

कन्नौज, समृद्धि न्यूज

देश के प्रधानमंत्री ने वर्ष 2025 तक टीवी मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया है। उनके संकल्प को साकार करने के लिए हम सभी को जुटना है। जिले में टीवी के लक्षण युक्त रोगियों को चिन्हित करने में सीएचओ महती भूमिका निभाए। उक्त उदगार जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में सीएचओ के साथ बैठक कर कार्यो की समीक्षा करते हुए व्यक्त किए।

डीएम ने कहा कि जनपद को टीवी मुक्त की श्रेणी में लाया जा सके, इसलिए अधिक से अधिक टीवी रोगियों को चिन्हित कर दवाई मुहैया कराई जाये। कहा कि

महिला सीएचओ स्त्री रोग विशेषज्ञ से सम्पर्क कर महिलाओ के स्वास्थ्य की समस्याओं का समाधान कराएंगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले सीएचओ धीरेन्द्र कुमार, ज्ञानेंद्र सिंह, प्रियंका व मिथलेश को प्रशस्ति पत्र एवं मिलटेन की बॉटल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सभी सीएचओ कार्य को अपने स्वभाव में लाएं और अपने रोल को समझे और पूरी संवेदनशीलता के साथ नागरिकों की सेवा करें। आम नागरिक चिकित्सीय सेवाओं से वंचित नहीं रहना चाहिए। घर-घर चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है। कहा कि खराब प्रदर्शन करने वाले सीएचओ को अंतिम चेतावनी पत्र जारी किया जाये, सुधार न आने पर उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया जाए। श्री शुक्ल ने कहा कि वर्तमान में टेलीकनश्लटेशन का प्रतिशत 6.1 है, जिसे बढ़ाकर 9 अथवा 10 तक पहुंचाया जाये। कहा कि समस्त सीएचओ की सतप्रतिश उपस्थिति होना अनिवार्य हैं, जो सीएचओ डेली रिपोर्टिंग नहीं करेंगे उन्हें अनुपस्थित माना जायेगा। इसके साथ ही उन्होंने ओपीडी की डेली रिपोर्टिंग करने को कहा। साथ ही कहा कि सीएचओ अपने कार्य की फीडिंग पोर्टल पर अनिवार्य रूप से करें। उन्होने निर्देश दिये कि जिन हेल्थ एण्ड वेलनेंस सेटर पर विद्युत की आपूर्ति बाधित है वहाँ पर यथाशीघ्र सुचारू कराई जाये। उन्होने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं सीएचओ को ई-संजीवनी पोर्टल पर एक्टिव रहने के निर्देश दिये। कहा कि सीएचओ अपने-अपने हेल्थ सेंटर को और अधिक सुदृढ़ करें, तथा मरीजों के साथ मधुर व्यवहार रखें। उन्होनें समस्त सीएचओ को यह भी निर्देश दिये कि दवाओं को समय से क्रय कर मरीजों को समुचित इलाज मुहैया कराएं। कहा कि लास्ट वीक से वर्षा का आगमन होने वाला है संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान पर बल दें। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी चिकित्साधिकारी व सीएचओ आदि मौजूद रहे।

स्वस्थ रहने के लिए सभी को प्रतिदिन योग करना जरूरी : ब्लाक प्रमुख

- उमर्दा के महादेवपुर्वा गांव में आयोजित हुआ योग शिविर
- कई जनप्रतिनिधि व अफसर योग शिविर मे हुए शामिल

योग शिविर में शामिल अफसर व जनप्रतिनिधि

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

उमर्दा विकास खण्ड की ग्रामसभा शाहनगर के महादेवपुर्वा गांव में बने अमृत सरोवर पर गुरूवार को योग सप्ताह के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ब्लाक प्रमुख सहित कई अफसरों व ग्रामीणों ने योग शिविर में प्रतिभाग किया। आयोजित योग शिविर के दौरान उमर्दा के ब्लाक प्रमुख अजय वर्मा ने बताया कि स्वस्थ रहने के लिए सभी को प्रतिदिन को योग व व्यायाम करना आवश्यक है। योग से मन व तन दोनो स्वस्थ रहते हैं। उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांव-गांव में अमृत सरोवरों का निर्माण कराया है। जिससे गांव के लोग सुबह व शाम यहां पहुंचकर बेहतर वार्तावरण में योग कर सके। इस दौरान योग शिविर में उमर्दा के खण्ड विकास अधिकारी दयाराम यादव, परियोजना निदेशक रामऔतार सिंह, भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री आनन्द सिंह के अलावा कई अफसर, जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

सपा सुप्रीमो के जीत पर समाजवादी अधिवक्ता सभा ने मिठाई खिलाकर खुशी मनाई

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

समाजवादी अधिवक्ता सभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष ने लोकसभा चुनाव में यूपी में शानदार प्रदर्शन करने वाली सपा को इस कामयाबी का पूरा श्रेय राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के कुशल नेतृत्व को दिया है।

बुधवार को अधिवक्ताओं ने इस कामयाबी एवं कन्नौज से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव 170922 वोटो से विजय होने पर पर पूर्व अध्यक्ष जयवीर सिंह यादव के चैंबर पर मिष्ठान वितरण किया और खुशी मनाई। समाजवादी अधिवक्ता सभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष चन्द्रजीत यादव ने कहा कि चुनाव में इंडिया गठबंधन की ओर से सपा तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। कहा ये जीत संविधान बचाने की जीत है, जिस प्रकार से देश में भारतीय जनता पार्टी ने संविधान खत्म करने की साजिश रची थी, उसी संविधान की रक्षा में जनता ने वोट किया है और अखिलेश यादव ने पीडीए रणनीति के तहत टिकट वितरण कर सर्व समाज को चुनाव में प्रतिभाग का अवसर दिया था। इसलिए जनता ने समाजवादी पार्टी के पक्ष में मतदान किया है। कहा कि जिस प्रकार से उत्तर प्रदेश में पेपर लीक हुआ था उसका गुस्सा युवाओं ने वोट देकर दिया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष राजकुमार सिंह, प्रणव यादव, पूर्व महासचिव चंद्रजीत यादव, दिनेश शाक्य, अमित यादव, अमित राजपूत, उमेन्द्र यादव, विकल राजपूत, कुलदीप यादव, हरिशरण शाक्य, अनुज श्रीवास्तव, वरुण मिश्रा, अनुराग यादव, पुष्पेंद्र यादव सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

अधिक उपज के लिए मक्का की समय से करें बुवाई: डॉ. जाट

- क्षेत्र का भ्रमण कर प्रजातियां की सफलता का किया अवलोकन

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़

अनौगी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र कन्नौज द्वारा कृषकों के प्रक्षेत्र पर हाइब्रिड मक्का प्रजाति आई एम एच 222 तथा आई एम एच 223 का प्रदर्शन किया गया। यह दोनों प्रजातियां भारतीय मक्का शोध संस्थान, लुधियाना, पंजाब द्वारा विकसित की गई है। इस संस्था के निदेशक, डॉ एच. एस.जाट तथा चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय कानपुर के निदेशक प्रसार, डॉ. आर. के. यादव ने केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ वी. के. कनौजिया एवं अन्य वैज्ञानिकों के साथ क्षेत्र के सियरमऊ गांव के कृषक सुरेंद्र कुमार सिंह, उमेश कुमार तिवारी तथा राकेश तिवारी के क्षेत्र का भ्रमण कर इन प्रजातियां की सफलता का अवलोकन किया। कृषकों ने बताया की इन प्रजातियों को 15 मार्च के आसपास बुवाई की गई थी। डॉ जाट का कहना है। कि यदि इन प्रजातियां की बुवाई फरवरी माह में की गई होती तो उनका प्रदर्शन और अच्छा होता तथा उनकी पैदावार जनपद में प्रचलित किसी भी प्रजाति से अधिक प्राप्त होती। इन प्रजातियों के दाने गोल तथा भरे हुए होने के कारण कृषकों ने भी प्रसन्नता व्यक्ति की तथा उन्होंने अगले वर्ष बुवाई हेतु बीजों की मांग की। निदेशक प्रसार, आर. के. यादव ने प्रजातियों की गुणवत्ता देखकर कृषकों को अपनाने तथा इन प्रजातियां के बीच को उपलब्ध कराने का अस्वाशासन दिया तथा भविष्य में भारतीय मक्का शोध संस्थान के साथ मिलकर काम को और आगे बढ़ाएंगे।

खबरें चलते-चलते

राहुल गांधी के जन्म दिवस पर कांग्रेसियों ने लुटाया प्यार

छिबरामऊ कन्नौज। कांग्रेस नेता और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का 19 जून को जन्मदिन कांग्रेसियों ने मनाया। कन्नौज पार्टी कार्यालय मकरंद नगर में जिला अध्यक्ष दिनेश पालीवाल के निर्देशन पर श्री राहुल गांधी का 54 वा पार्टी के पदाधिकारी ने धूमधाम के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया और बधाइयां भी दी वहीं जिला अध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने सोशल मीडिया पर बधाई देते हुए राहुल गांधी की तस्वीर भी पोस्ट की और इस तरह उनके लिए अपना प्यार लुटाया की अस्पतालों में जाकर मरीजो को फल वितरण किए। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश दुबे ने रहागीरों को सरवत वितरित किया। इनके अलावा तारिक बशीर वीरभान सिंह और एहसान उल हक ने उनकी लंबी उम्र की कामनाएं की इस अवसर पर तारिक बशीर मैं राहुल गांधी पर कविता गाकर सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर बताया कि संविधान व लोकतंत्र पर जब खतरा आया तो एक रक्षक की तरह उसकी ढाल वनकर राहुल गांधी ने लड़ाई लड़ी। जिला अध्यक्ष ने कहा कि जब जब गरीबों और मजलूमों पर जुल्मी बड़ा तो राहुल गांधी ने सड़क से लेकर संसद तक आवाज उठाकर आमजन को न्याय दिलवाया। इसके अलावा जब महिलाओं पर अत्याचार हुआ तो उनके लिए एक परिवार का सदस्य बनकर रक्षा करते नजर आए युवाओं के अधिकारों को जब कुचला गया तो उसे बचाने के लिए योद्धा की तरह खड़े रहे। इस मौके पर मीर हारून, विजेंद्र कमल, मोहम्मद बासिफ, सत्य प्रकाश राठौर, मंसूर खान, शारिक सिद्दीकी, रिजवान खान, सर्वेश दोहोरी, रिंकू सिद्दीकी, आदि लोग मौजूद रहे।

भाजपा कार्यकर्ता के जेल से रिहा होने पर हुआ जोरदार स्वागत

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने के आरोप में कोतवाली गुरसहायगंज के निकोवनपुर्वा गांव निवासी अभिषेक सोहन दीक्षित को पुलिस के द्वारा जेल भेज दिया गया था। जिसकी रिहाई गुरुवार को शाम हुई। रिहाई के दौरान जेल गेट पर वरिष्ठ भाजपा नेता समीर पाठक उर्फ छोटू चितवन पाठक, अखिलेश पांडे, अभिषेक पांडेय, दिलीप पांडे, मंगलम पांडेय, विनय शुक्ला, बुग्गल ठाकुर, अन्नु राजपूत उदय कटियार सुमित सैकड़ो लोग मौजूद रहे। भाजपा नेताओं ने जेल से निकलते ही अभिषेक दीक्षित को माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया।

रेलवे ट्रेक के पास अधेड़ का शव मिलने से मचा हड़कंप

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। गुरुवार की सुवह स्थानीय रेलवे स्टेशन के निकट अधेड़ का शव मिलने से हडकम्प मच गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने अधेड़ के शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की है। गुरुवार की सुबह स्थानीय रेलवे स्टेशन के पश्चिमी ओर स्थित मंदिर के निकट अधेड़ का शव रेलवे ट्रेक के पास पडा होने की सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक देवी शरण साहू ने अधेड़ की शिनाख्त 50 वर्षीय हकीमुद्दीन पुत्र निजामुद्दीन निवासी ग्राम रौरा के रुप में की गई। कोतवाली पुलिस द्वारा पंचनामा भरनें के उपरान्त अधेड के शव को पोस्टमार्टम के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार ने तोड़ा दम

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। अनियंत्रित गति से आ रहे अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बुधवार की शाम पड़ोसी जनपद कानपुर के मंधना निवासी सौरभ पुत्र विमल बाइक पर सवार होकर कन्नौज की ओर आ रहा था। जैसे ही जुनेदपुर कट के निकट पहुंचा तभी अनियंत्रित गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया।

जघन हत्याकांड के विरोध में अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद में लिखित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को दिया

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के बैनर के तले राजपाल व मुख्यमंत्री संबोधित लिखित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को स्थानीय लोगों द्वारा सौपा गया। अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल व मुख्यमंत्री संबोधित लिखित ज्ञापन उप जिलाधिकारी उमेश तिवारी को सौप जिसमें कहा गया है कि हाथरस जिला में योगेश उपाध्याय हत्याकांड सहित प्रदेश में कई जनपदों में ब्राह्मणों की हत्या से अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद जगन हत्याकांड का विरोध करती है दोषियों को कठोर कानून कार्रवाई करने की मांग की परिजनों को सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की ज्ञापन देते समय संजीव कुमार दुबे एडवोकेट विवेक शर्मा अनुपम प्रदीप कुमार सहित दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे।

संदिग्ध हालातों में घर में पड़ा मिला युवक का शव

- इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के कलसान गांव का मामला
- परिजनों ने पुत्र के दोस्तों पर लगाया हत्या का आरोप
- दोस्तों के साथ भागवत कथा में शामिल होने के लिए घर से निकला था युवक

घटनास्थल पर लगी ग्रामीणों की भीड़ समृद्धि न्यूज

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के कलसान गांव में गुरूवार की सुबह एक युवक का शव घर में संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। युवक के शव को पड़ा देख परिजनों में कोहराम मच गया। शव मिलने की जानकारी पर इंदरगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। परिजनों ने युवक के दोस्तों पर युवक की हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

कलसान गांव निवासी राहुल कुमार (20) पुत्र सतपाल बुधवार की शाम को दोस्तों के साथ गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम में शामिल होने क लिए गया था। उसके काफी समय तक वापस न आने पर परिजन खाना खाने के बाद सो गए। गुरूवार की सुबह जब परिजनों की नींद खुली, तो युवक के शव को घर में पड़ा देखा। इसपर परिजनों ने कोहराम मचाना शुरू कर दिया। परिजनों ने घटना की जानकारी इंदरगढ़ थाना पुलिस को दी। सूचना पर इंदरगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मृतक युवक के परिजनों ने बताया कि युवक बाहर रहता है। पांच दिनों पहले ही घर वापस आया था। बुधवार की सुबह वह अपनी बहन के घर गया था। यहां से वापस आने के बाद वह दोस्तों के साथ चला गया था। परिजनों ने उसके दोस्तों पर हत्या करने का आरोप लगाया। मामले में इंदरगढ़ थानाध्यक्ष आनन्द मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस नें वाहन चेकिंग कर तीन वाहनों से उतरवाया हूटर

बैंक चेकिंग करती पुलिस व हूटर उतरवाते कोतवाल समृद्धि न्यूज

- बैंक चेकिंग के दौरान निजी जानकारी साझा न करनें की अपील की

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

उच्चाधिकारियों के निर्देश पर ठगी व टप्पेबाजी की घटनाओं की रोकथाम के लिये कोतवाली पुलिस द्वारा जहा एकओर बैंकों में चेकिंग अभियान चालाया गया वहीं दूसरी ओर निजी वाहनों में हूटर एवं प्रेशर हार्न लगाकर रौब गांठनें बालें लोगों के वाहनों की जॉच कर हिदायत देते हुये चालानी कार्रवाई की गई।

गुरूवार को पुलिस अधिक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे के नेतृत्व में कोतवाली के उपनिरीक्षक देवी शरण साहू नें हमराह सिपाहियों के साथ नगर के तिर्वा रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक, ग्रामीण बैंक, जीटी रोड स्थित बैंक ऑफइण्डिया, फ्तेहगढ रोड स्थित एसबीआई सीएसएमई, बैंक आफबडौदा में चेकिंग अभियान चलाकर आगन्तुक रजिस्टर की जॉच करते हुये बैंक व नगर के एटीएमों में मौजूद लोगों से पूंछताछ की। इसके बाद बैंक अधिकारियों से वार्ता कर सुरक्षा उपकरणों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होनें उपभोक्तओं को साईबर अपराध से बचनें के लिये अपनी निजी जानकारी साझा न करनें की अपील की। उधर प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे नें समधन, डुडबा बुजुर्ग, मिरगावां अण्डरपास पर करीब दो दर्जन से अधिक वाहनों की जॉच की जिसमें दो वाहनों पर हूटर व एक वाहन पर प्रेशर हार्न उतरवा कर चालानी कार्रवाई करते हुये दोबारा हूटर व प्रेसर हार्न न लगवानें की हिदायत भी दी। इस दौरान कांस्टेवल सतेन्द कुमार, गगन चौधरी, विनीत चौधरी, विनय कुमार, गजेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुवाई में जल निगम कार्यालय पहुंचकर सपा कार्यकर्ताओं व किसानों ने किया घेराव, अवर अभियंता को सौंपा ज्ञापन

ईसन नदी में पानी छोड़े जाने की मांग को लेकर सपा कार्यकर्ताओं और किसानों ने किया प्रदर्शन

कन्नौज, समृद्धि न्यूज

ईसन नदी में पानी न होने से किसानों के सामने सिंचाई की बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। किसानों की फसलें खेतों में सूख गई हैं। जिले के किसानों की इस विकट समस्या को देखते हुए गुरुवार को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुवाई में सपा कार्यकर्ताओं और किसानों ने कन्नौज-सरायमीरा रोड स्थित जल निगम कार्यालय पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं और किसानों ने ने सूखी ईशन नदी में पानी छोड़े जाने की मांग करते हुए अवर अभियंता को एक ज्ञापन सौंपा।

गुरुवार को वरिष्ठ सपा नेता नवाब सिंह यादव की अगवाई में जल निगम कार्यालय पहुंचे सपाइयों और किसानों ने सूख चुकी ईसन नदी में पानी छोड़े जाने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान वरिष्ठ सपा नेता नवाब सिंह यादव ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि चुनाव के पहले जब पानी की जरूरत नहीं थी, तब वोट पाने के लिए सभी बंबो और नदियों में पानी आ रहा था, परंतु जब से कन्नौज और इसके आसपास के जिलों में हार मिली है, तब से भाजपा सरकार ने गरीब किसानो से बदला लेने की नियत से पानी को नदी में नही छोड़ने का आदेश दे दिया है। श्री यादव ने कहा कि सत्ता में बैठे लोग यह जान ले कि गरीब किसानो और पशु पक्षी पानी के अभाव में जिस तरह तड़प रहे है उसी तरह सत्ता में बैठे लोग भी तड़पेंगे। कहा कि भारत देश की खुशहाली का रास्ता खेत खलिहान से होकर निकलता है, जब किसान की फसल बर्बाद हो जायेगी तो देश की तरक्की कैसे संभव है। श्री यादव ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि नदी में पानी नहीं छोड़ा गया तो हम समाजवादी लोग किसानो की लडाई लड़ने के सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर हो जायेंगे। प्रदर्शन के दौरान सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जल निगम के अवर अभियंता को एक ज्ञापन सौपा। इस मौके पर संजय दुबे, अमित मिश्रा,उदयवीर यादव, सुरेन्द्र कुशवाहा, कुस्माकर यादव, सत्येन्द्र यादव, दीपू यादव, गुड्डू डिश, अतुल मौर्य, गोलू भट्ट, इंतजार अहमद, गौतम कुशवाहा, मनोज कठेरिया, धर्मवीर पाल, रोहित, रानू सक्सेना, सचिन, सुरजीत यादव, संकल्प, रानू सक्सेना, अवनीश यादव, अन्नू तिवारी व मकरंद यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

दो भाइयों की हत्या कर शव कुएं में फेंके, क्षेत्र में सनसनी

- पुलिस अधीक्षक ने मौके पर पहुंचकर की जांच पड़ताल
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में आई चोटों से हुई दोनों की मौत

जहानगंज, समृद्धि न्यूज

मृतकों के फाइल फोटो समृद्धि न्यूज

रोते बिलखते मृतक के परिजन समृद्धि न्यूज

मौके पर जांच पड़ताल करते एसपी समृद्धि न्यूज

दो भाइयों की हत्या कर शव कुएं में फेंक देने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। घटना की सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। हत्या के कारणों की जांच की जा रही है। एसपी ने कहा कि जांच के लिए चार टीमें लगायी गयी हैं। जो कई बिन्दुओं पर जांच कर रही हैं। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के बंथल शाहपुर गांव के बाहर स्थित कुएं में दो सगे भाई मक्का काटने गये थे। जब दोनों भाई रात नौ बजे तक घर वापस नहीं पहुंचे। ऐसे में पिता छविनाथ, भाई संजय, अशोक, करन दोनों भाइयों की खोज में निकले। उनके मोबाइल फोन पर कॉल की गई, लेकिन फोन रिसीव नहीं हो रहे थे। लगभग 12 बजे परिजन खेत के पास कुएं पर पहुंचे। दोनों के मोबाइल कुएं की दीवार पर रखे मिले। टार्च की रोशनी से कुएं में देखा तो गुलाब व अजीत के शव अंदर पड़े दिखाई दिए। इससे पिता व तीनों भाई दहाड़े मारकर रोने लगे। सूचना पर एसपी विकास कुमार, सीओ मोहम्मदाबाद अरुण कुमार, एसओ भोलेंद्र चतुर्वेदी, एसओजी प्रभारी जितेंद्र पटेल सहित फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। गुलाब व अजीत के शव कुएं से बाहर निकलवाए गए। कुएं के अंदर पानी की दो बोतलें रखी मिली। गुलाब के बाई आंख के पास चोट का निशान मिला। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के पिता ने बताया कि गांव के ही अरविन्द के खेत में बटाई पर मक्का की फसल की थी। उसी की कटाई दोनों बेटे कर रहे थे। कुआँ भी अरविन्द का है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसपी ने बताया कि मृतकों के शरीर पर कोई जाहिरा चोट नहीं पायी गयी है। केवल एक शव की आंख के पास खरोंच के निशान मिले हैं। परिजनों की तहरीर के आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार सिर में आयीं चोटों के कारण दोनों की मृत्यु हुई है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि घटना का पर्दाफाश करने के लिए अभी परिजन कुछ बताने की स्थिति में नहीं हैं। आगे कुएं के पास परिजनों से वार्ता कर घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी एकत्र की जाएगी। पुलिस टीमों का गठन किया है और उम्मीद जताई है कि शीघ्र ही घटना का पर्दाफाश कर दिया जायेगा। कुएं के पास मोबाईल व दरांती रखे मिले। मृतक गुलाब की शादी हो चुकी है। पत्नी का नाम शीला और डेढ़ वर्षीय बेटी निधि है।

टेंपो चालक ने पीछे से बाइक में मारी टक्कर

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

टेंपो की टक्कर से बाइक सवार महिला घायल हो गयी। महिला को प्राइवेट अस्पताल में एक्सरे के लिए भेजा गया।

जानकारी के अनुसार चौकी फैजबाग के पास मोड़ पर शमशाबाद सिकंदरपुर निवासी नासिव पुत्र इसरार की बाइक में टेंपो चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार रवीना पत्नी बारिश, शवाना (26) पत्नी नासिम व उसका एक वर्ष का बच्चा मामूली रुप से घायल हो गये। शवाना के कुछ अंदरूनी चोट लगी बताई जा रही है। जिसे सीएचसी शमसाबाद लाया गया। शवाना के परिवार वालों ने शवाना का एक्स-रे कराने के लिए एक प्राइवेट अस्पताल ले गये। समाचार लिखे जाने तक पुलिस को तहरीर नहीं दी गयी थी।

अज्ञात वाहन की टक्कर से दो घायल

घायल को अस्पताल ले जाते लोग समृद्धि न्यूज

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गये। जिन्हे आसपास के लोगों की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव अहमद निवासी नरेन्द्र पुत्र जुगेन्द्र जाटव अपने गांव के दोस्त सुनील के साथ बाइक द्वारा गंगा दरवाजा में रोहित की गोदाम पर काम करने आया था। काम से वापस घर लौटते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों लोग घायल हो गये। आसपास के लोगों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

लाखों की नकदी सहित तीन सटोरिया गिरफ्तार

- एसपी ने टीम को दस हजार रुपये देने की घोषणा की

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

कोतवाली पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करने वाले 03 नफर अभियुक्तगण को 302310/- रूपये की नगदी व अन्य सट्टा सामग्री, 03 अदद मोबाइल एन्ड्राईड व 02 तमन्चा व 4 जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया है।

अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 03 नफर अभियुक्तगण इकलाख अली उर्फ चौधरी पुत्र अख्तयार अली निवासी मोहल्ला जंगबाग पानी की टंकी के सामने कोतवाली फर्रुखाबाद, आफताब खान पुत्र सरवर निवासी खटकपुरा सिद्दीकी कोतवाली फर्रुखाबाद, वसीम खान पुत्र जहांगीर मिस्त्री निवासी खड़ंजा कोतवाली फर्रुखाबाद को मय माल मुकदमाती सट्टे की खाईबाड़ी से अर्जित किये गये कुल 04 सट्टा पर्चियां, 02 अदद पेन, 03 अदद सट्टा रजिस्टर व 09 अदद मोबाईल स्क्रीन टच शार्ट, 03 अदद मोबाइल एन्ड्राईड व 302310/- रूपये नगद व दो तमन्चा 315 बोर व 4 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया तथा शानू पुत्र अज्ञात निवासी मोहल्ला खटकपुरा कोतवाली फर्रुखाबाद घटनास्थल से भागने में सफल रहा। जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। अभियुक्तगणों को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रदीप सिंह क्षेत्राधिकारी नगर, जयप्रकाश शर्मा प्रभारी कोतवाली फर्रुखाबाद, उ0नि0 राहुल कुमार प्रभारी चौकी नखास, हे0का0 सुनील कुमार, का0 योगेन्द्र कुमार, का0 कन्हैयालाल, का0 विजय कुमार, का0 विजय कुमार, म0का0 निधि वाजपेई, म0का0 पूनम बघेल, का0 मनोज कुमार, का0 अंकित पवार, का0 रामकुमार, का0 शोभित दलाल के अलावा सर्विलांस टीम के प्रभारी उ0नि0 श्री विशेष कुमार मौजूद रहे। वहीं पुलिस ने टीम को दस हजार रुपये ईनाम देने की घोषणा की।

मार्ग दुर्घटना में लाइनमैन की मौत

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज

मृतक का फाइल फोटो

दुर्घटनाग्रस्त वाहन

बाइक से डियूटी करने जा रहे बाइक सवार लाइनमैंन को तेज रफ्तार कार सवार ने कुचल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सैफई मेडिकल कालेज रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम दहेलिया निवासी 30 वर्षीय उमेश पाल पुत्र हरीपाल सिंह राजेपुर विद्युत शव स्टेशन पर लाइन मैंन था। वह बाइक से डियूटी करने जा रहा था। उसी दौरान ग्राम उजरामऊ के निकट तेज रफ्तार कार सवार ने उसे कुचल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए सैफई मेडिकल कालेज भर्ती कराया गया। जहाँ उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक की पत्नी रूबी व माँ राधा देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। बताते चलें कि मृतक का एक साल पूर्व ही विवाह हुआ था। वह दो भाई था।

ज्ञान और वैराग्य के बिना की गयी भक्ति अधूरी है: पंडित सुनील महाजन

कथा की अमृतवर्षा करते पंडित सुनील महाजन

कलश यात्रा में शामिल महिलायें समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा प्रवचन समारोह का गुरुवार को कलश यात्रा एवं हवन पूजन के मध्य भव्य शुभारंभ गमा देवी मंदिर फतेहगढ़ में हुआ। पुरोहित अशोक शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन कराया।

श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा समारोह में प्रवचन करते हुए नैमिषारण्य से पधारे भागवत मर्मज्ञ पंडित सुनील महाजन ने भागवत में वर्णित ज्ञान, वैराग्य और भक्ति के प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि ज्ञान और वैराग्य के बिना प्रभु की भक्ति अंधूरी है। पंडित सुनील महाजन ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने से मनुष्य को चार फल सहज ही प्राप्त हो जाते हैं। जो विद्या, धन, पुत्र और मोक्ष हैं। समारोह में प्रस्तुत भजन हमारी प्यारी राधा रानी, राधा रानी.....पर श्रोता जमकर थिरके। इस अवसर पर कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमें बड़ी संख्या में महिला, पुरुष भक्तगणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मुख्य यजमान राजकीय मूक बधिर विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज सक्सेना उनकी धर्म पत्नी अलका सक्सेना रहे। गमा देवी मंदिर के संत दण्डी स्वामी जगदेव महाराज के सानिध्य में आयोजित समारोह में भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष रमला राठौर, सभासद अनिल तिवारी, विष्णु दयाल दीक्षित, जवाहर मिश्रा, डॉ0 अनुपम शुक्ला, सुनीला तिवारी मौजूद रहीं। भंडारे का आयोजन 26 जून को होगा।

योग दिवस को सफल बनाने के लिए डीएम ने दिये दिशा निर्देश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

अधीनस्थों की बैठक लेते जिलाधिकारी व एसपी समृद्धि न्यूज

योग दिवस 2024 के सफल आयोजन हेतु जनपद फर्रुखाबाद में दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनायेजाने हेतु अपराह्न 12:00 बजे एक बैठक का आयोजन जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में किया गया।

स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम व मंडी समिति की विद्युत व्यवस्था सुचारु रुप से जारी रहने हेतु विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया। वर्षा हो या न हो, परन्तु कल मंडी में योग कार्यक्रम अवश्य होगा। मंडी में विद्युत व पानी की व्यवस्था हेतु जिलाधिकारी ने निर्देशित किया। जनपद के पांचाल घाटल, मंडी सातनपुर, पुलिस लाइन आदि योग स्थलों की यातायात व्यवस्था पुलिस करेगी। स्टेडियम में पार्किंग सम्भव नहीं है। योग करने हेतु आने वाले लोग सार्वजनिक या सामुदायिक वाहनों का उपयोग करें। स्टेडियम पूर्ण रुप से साफ सुथरा व झाड़ी झंखाड़ रहित होना चाहिए। नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद भी इसमें सहयोग करेगी। स्टेडियम में चार टैंकर शीतल जल की व्यवस्था नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद करेगी। पानी से गंदगी न हो, न फैले इसके लिए पेयजल स्थल पर डस्टविन भी उपलब्ध रहेंगे। ब्लाक परिसर में 100 लोग योग करेंगे। वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी भी होगी। जिला यूनानी अधिकारी जनपद स्तर पर कोई समस्या होने पर अपर जिलाधिकारी व ब्लाक स्तर पर संबंधित बीडीओ से समन्वय स्थापित करेंगे। जनप्रतिनिधि भी आमंत्रित हैं। फोटोग्राफी में ड्रोन कैमरा भी उपयोग किया जायेगा। नालियों के किनारे चूना डाले जाये। महिलाओं को योग कराने हेतु महिला प्रशिक्षक व महिला स्वयंसेवक भी रहेंगी। बैठक में संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

हत्यारोपी आलाकत्ल सहित गिरफ्तार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

थाना जहानगंज पुलिस ने वांछित अभियुक्त मनीश कटियार पुत्र सुग्रीव कटियार निवासी अहमदपुर देवरिया थाना जहानगंज को हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल सहित गिरफ्तार किया है। अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 19.06.2024 को थाना जहानगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 104/24 धारा-302, 504, 506 भादवि में वांछित अभियुक्त मनीश कटियार पुत्र सुग्रीव कटियार निवासी अहमदपुर देवरिया थाना जहानगंज को दानमण्डी तिराहे से समय करीब 16.50 बजे गिरफ्तार किया है। अभियुक्त की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल एक अदद फावड़े का बेट बरामद किया है। पीड़िता आरती पत्नी स्व0 सुरजीत निवासी ग्राम अहमदपुर देवरिया थाना जहानगंज द्वारा दिनांक 15 जून को दी गयी तहरीर में बताया गया कि अभियुक्त के साथ पीड़ित के पति सुरजीत का आलू बेचने की बात को लेकर हुये विवाद के दौरान गाली-गलौज करना तथा जान से मारने की नियत से फावड़े के बेट से हमला कर गंभीर रुप से घायल कर देना। जब पीड़िता तथा उनकी पुत्री व पुत्र बचाने गये, तो उनको भी जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना जहानगंज पर उपरोक्त मुकदमा पंजीकृत कराया था। जिसकी विवेचना उ0नि0 स्वदेश कुमार द्वारा की गई। मुकदमा पंजीकरण के पश्चात मजरुब सुरजीत की दिनांक 15 जून को दौराने इलाज मृत्यु हो गयी। हत्या के बाद मुकदमे में 302 आई.पी.सी. की बढ़ोत्तरी की गयी। दिनांक 19 जून को वांछित अभियुक्त मनीश कटियार पुत्र सुग्रीव कटियार को समय करीब 16.50 बजे दानमण्डी तिराहे से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल फावड़े का बेट बरामद किया गया।

अमर शहीद मणींद्रनाथ बनर्जी की शहादत को किया गया याद

मणीन्द्र बनर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते कार्यवाहक डीआईजी पीएन पाण्डेय समृद्धि न्यूज

अमर शहीद मणीन्द्रनाथ बनर्जी
पुण्य स्मृति समारोह
जन्म दिवस-
13.01.1909
बलिदान दिवस
20.06.1934
कार्यक्रम के दौरान मौजूद जेल अधिकारी, महेशपाल सिंह उपकारी व अन्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अमर शहीद मणिन्द्र नाथ बनर्जी का शहादत दिवस मनाया गया। उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। बाद में जेल के अंदर बने सभागार में गोष्ठी का आयोजन कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। केन्द्रीय कारागार परिसर में बने अमर शहीद मणिन्द्र नाथ बनर्जी के स्मारक पर पंहुचे कार्यवाहक डीआईजी पीएन पाण्डेय व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय रामचन्द्र वर्मा की पत्नी उर्मिला वर्मा निवासी इस्माइलगंज सानी फर्रुखाबाद के साथ माल्यार्पण किया। इस दौरान कारागार के बैंड ने देशभक्ति गीत बजाकर माहौल में उत्साह का संचार किया। इसके बाद आम का पौधारोपण भी किया गया। पास में ही बने अमर ज्योति पर भी माल्यार्पण कर प्रभारी डीआईजी नें जेल अधिकारियों के साथ नमन किया। प्रभारी डीआईजी नें बताया कि ब्रिटिश हुकूमत के अत्याचारों एवं यातनाओं को सहते हुए ब्रिटिश जेल प्रशासन के अमानवीय अत्याचारों के खिलाफ अनशन करते हुए मणीन्द्र नाथ बनर्जी ने अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। आज उनके देश के लिए किये गये बलिदान को याद करने का समय है। साहित्यकार डॉ0 रामकृष्ण राजपूत ने कहा कि केन्द्रीय कारागार फतेहगढ़ में एक साथ चार-चार महान क्रान्तिकारी मणीन्द्र नाथ बनर्जी, यशपाल, मन्मथ नाथ गुप्त एवं चन्द्रमा सिंह एक साथ निरूद्ध रहे। मणीन्द्र नाथ के बलिदान को आज देश याद करता है। इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख उर्मिला उर्फ अल्का राजपूत, कारापाल करूणेन्द्र कुमार यादव, उपकारापाल सुरजीत कुमार, अनीश कुमार, युवा कवि वैभव सोमवंशी, युवा कवि महेश पाल सिंह उपकारी आदि रहे।

54 मु0आरक्षियों के तबादले, 10 आरक्षी व 4 मु0आरक्षी लाइन हाजिर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

पुलिस अधीक्षक ने 54 मुख्य आररिक्षयों के तबादले कर दिये। वहीं 10 आरक्षी व 4 मुख्य आरक्षियों को लाइन हाजिर कर दिया है। एक को अभयदान दिया गया। इससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

एसपी विकास कुमार ने थाना फर्रुखाबाद के मुख्य आरक्षी सुनील कुमार को जहानगंज व मुख्य आरक्षी महेश उपाध्याय को मेरापुर भेजा गया है। थाना फतेहगढ़ की महिला मुख्य आरक्षी ऊषा देवी को मेरापुर व महिला मुख्य आरक्षी सबायाश्मीन को जहानगंज भेजा है। थाना मोहम्मदाबाद के मुख्य आरक्षी नंदलाल को नवाबगंज, थाना फतेहगढ़ के मुख्य आरक्षी मुनाफ अंसारी को मेरापुर, मुख्य आरक्षी सुशील कुमार को नवाबगंज, मुख्य आरक्षी घनश्याम सिंह को शमशाबाद, मुख्य आरक्षी श्याम सिंह को अमृतपुर, मुख्य आरक्षी कृष्ण कुमार को कम्पिल, मुख्य आरक्षी सतेन्द्र सिंह को नवाबगंज, मुख्य आरक्षी (पैरोकार) विनीत कुमार को नवाबगंज (पैरोकार), मुख्य आरक्षी (पैरोकार) प्रमोद कुमार को शमशाबाद (पैरोकार), मुख्य आरक्षी इरशाद अहमद को कम्पिल, मुख्य आरक्षी (पैरोकार) नरेन्द्र सिंह को जहानगंज (पैरोकार) बनाया गया है। थाना मऊदरवाजा के मुख्य आरक्षी सुधीर कुमार को जहानगंज, मुख्य आरक्षी मोहम्मद इमरान को मोहम्मदाबाद भेजा है। थाना मोहम्मदाबाद के मुख्य आरक्षी श्याम सिंह को फतेहगढ़ (पैरोकार), मुख्य आरक्षी (एचएम क्राइम) प्रेमचन्द्र को राजेपुर (एचएम क्राइम), मुख्य आरक्षी राहुल कुमार को फतेहगढ़, मुख्य आरक्षी सुरेन्द्र सिंह को कम्पिल, मुख्य आरक्षी (डाक मुंशी) संजीव गौतम को कमालगंज भेजा है। थाना नवाबगंज के मुख्य आरक्षी गणेश शंकर को कायमगंज, मुख्य आरक्षी नीरज सिंह को फतेहगढ़, मुख्य आरक्षी सतेन्द्र कुमार को कमालगंज, थाना जहानगंज के महिला मुख्य आरक्षी नारायण देवी को राजेपुर, मुख्य आरक्षी रविकांत को कमालगंज, मुख्य आरक्षी वीरपाल सिंह को राजेपुर, मुख्य आरक्षी सुनील कुमार को अमृतपुर, थाना अमृतपुर के मुख्य आरक्षी राजेश कुमार को मऊदरवाजा, थाना राजेपुर की महिला मुख्य आरक्षी कु0 सारथी को फतेहगढ़, मुख्य आरक्षी (पैरोकार) सुनील कुमार को फतेहगढ़ (पैरोकार), मुख्य आरक्षी उपदेश सिंह को कायमगंज, मुख्य आरक्षी प्रमोद कुमार को फतेहगढ़, मुख्य आरक्षी दिलीप कुमार को मोहम्मदाबाद, थाना कमालगंज की महिला आरक्षी राधा गौतम को मोहम्मदाबाद, मुख्य आरक्षी उमेश कुमार को शमशाबाद, थाना कायमगंज के मुख्य आरक्षी नीरज कुमार को मऊदरवाजा, थाना शमशाबाद के मुख्य आरक्षी श्याम सिंह को फतेहगढ़, मुख्य आरक्षी सतीश कुमार को फतेहगढ़, मुख्य आरक्षी बउरी सिंह को मोहम्मदाबाद, थाना कम्पिल के मुख्य आरक्षी राजीव कुमार को कमालगंज, मुख्य आरक्षी अरविन्द कुमार दुबे को मोहम्मदाबाद, मुख्य आरक्षी विवेक कुमार को फर्रुखाबाद, मुख्य आरक्षी (पैरोकार) मनोज कुमार (पैरोकार), थाना मेरापुर की महिला मुख्य आरक्षी गीता देवी को फतेहगढ़, मुख्य आरक्षी आदित्य कुमार को जहानगंज, मुख्य आरक्षी (पैरोकार) पैरोकार देवेन्द्र कुमार को मऊदरवाजा पैरोकार, थाना फतेहगढ़ महिला मुख्य आरक्षी विजय लक्ष्मी को मोहम्मदाबाद, थाना नवाबगंज के मुख्य आरक्षी अशोक कुमार को कायमगंज, थाना कायमगंज के मुख्य आरक्षी सौरभ कुमार को अमृतपुर, मुख्य आरक्षी (सीसीटीएनएस) रुपेन्द्र कुमार को राजेपुर सीसीटीएनएस, थाना कमालगंज के मुख्य आरक्षी हीरेश कुमार को कायमगंज, थाना मोहम्मदाबाद की महिला मुख्य आरक्षी रत्नेश द्विवेदी को कमालगंज को भेजा है। वहीं एसपी ने थाना कादरीगेट के आरक्षी अनुज कुमार व अनुज तथा नेतराम को पुलिस लाइन, थाना कम्पिल के आरक्षी अजय तेवतिया, आरक्षी संजीव कुमार, थाना शमशाबाद के आरक्षी विकास कुमार, थाना कायमगंज के आरक्षी शिवराज सिंह को पुलिस लाइन भेजा है। आरक्षी चालक नरेन्द्र सिंह क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद चालक के पद से पुलिस लाइन भेजा है। थाना कादरीगेट के आरक्षी संजय कुमार, थाना कायमगंज के आरक्षी विनीत कुमार को पुलिस लाइन भेजा गया है। वहीं थाना कादरीगेट के मुख्य आरक्षी कौशलेन्द्र नारायण, थाना मोहम्मदाबाद के मुख्य आरक्षी चालक विनोद कुमार को पुलिस लाइन भेजा गया है। वहीं मुख्य आरक्षी विनोद कुमार कार्यवृत संख्या-19 दिनांक 17 जून को थाना मोहम्मदाबाद से पुलिस लाइन किया गया स्थानांतरण निरस्त किया जाता है। इस कार्यवाही से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार

एचटी लाइन की चपेट में आने से महिला अचेत

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। एचटी लाइन की चपेट में आने से महिला अचेत हो गयी। आनन-फानन में उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव कुबेरपुर निवासी 47 वर्षीय नूरजहां पत्नी मुसीर अपनी पुत्री समा, दामाद आरिफ के साथ लेकर नीम वाले सैय्यद बाबा की मजार पर चादर चढ़ाने गई थी। वहां लगे हैण्डपम्प के पास एचटी लाइन की चपेट में आने से नूरजहां अचेत हो गयी। आनन-फानन में उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार जारी है।

मत्स्य जीवी सहकारी समिति की तृतीय संगठनात्मक बैठक सम्पन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

मत्स्य जीवी सहकारी समिति की ब्लाक कमालगंज के ग्राम गांधी नगर भटपुरा में तृतीय संगठनात्मक बैठक सम्पन्न हुई। मत्स्य जीवी सहकारी समिति भटपुरा के कार्यालय में हुई तृतीय संगठनात्मक बैठक की कार्यवाही उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा विचार विमर्श कर समिति के अध्यक्ष की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में विचार विमर्श के बाद आगे की रणनीति तय की गई। मत्स्य विकास अधिकारी दिवाकर सिंह, निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप, क्षेत्र पंचायत सदस्य संदीप कुमार, सोसायटी अध्यक्ष अतुल चौहान ने विचार रखे। इस मौके पर सरवन कुमार, सर्वेश, लालाराम, अनिकेत बाथम, करन, सचेन्द्र कुमार, ज्ञानेन्द्र कश्यप, आशु कुमार, बदले, समरपाल, रामबाबू, आकाश, नितिन आदि लोग मौजूद रहे।

बैठक में मौजूद समिति के सदस्य समृद्धि न्यूज

संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला चीनी मिल के चीफ इंजीनियर का शव

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

संदिग्ध परिस्थितियों में चीनी मिल के चीफ इंजीनियर का शव कमरे में पड़ा मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली कायमगंज स्थित सहकारी चीनी मिल में लखनऊ थाना क्षेत्र के शिवाजी पुरम इन्द्रा नगर कालोनी निवासी विनोद दयाल की पोस्टिंग 2022 जनवरी में हुई थी। गुरुवार सुबह जब नौकर मुनीष कठेरिया निवासी कादरदादपुर सराय थाना कम्पिल कमरे में झाड़ू चला गया। उसके कुछ देर बाद चपरासी नागेश्वर फायलों में हस्ताक्षर करवाने के लिए उनके आवास पर पहुंचा तो देखा कि विनोद मृत अवस्था में पड़ा था। जिसकी सूचना उसने चीनी मिल जीएम कुलदीप सिंह को दी। मौके पर पहुंचे जीएम ने सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर कोतवाली प्रभारी रामअवतार, मण्डी चौकी इंचार्ज कृष्ण कुमार, कांस्टेबिल अंकित गंगवार ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किये। पुलिस ने नौकर व चपरासी से पूछताछ की तथ शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई थी।

जांच पड़ताल करती पुलिस समृद्धि न्यूज

खबरें एक नजर में

जिम्मेदारों की लापरवाही से गौशाला में पशुओं का हाल बेहाल

गौशाला में बंधे गौवंश समृद्धि न्यूज

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। जिम्मेदारों की लापरवाही से चिलचिलाती धूप व गर्मी में गौशालाओं में गौवंशों का बुरा हाल है। रोजाना दर्जनों की संख्या में गौवंश मर रहे है। जिम्मेदार बेखबर है। एक तो बढ़ती गर्मी का प्रकोप, दूसरे जिम्मेदारों की लापरवाही से रोजाना दर्जनों गोवंशों को मौत हो रही है। क्षेत्र के कदिउली गौशाला में मौजूद पशुपालक मृत गोवंशों को गौशाला से बाहर निकाल कर फेंक देते हैं, लेकिन उनके लिए ना हरे चारे की व्यवस्था है और ना ही सही ढंग से उनके पालन पोषण की व्यवस्था हो पा रही है। जिससे रोजाना दर्जनों गौंवशों कह मौत हो रही है। जब इसकी जानकारी मीडिया कर्मियों को हुई तो वह मौके पर पहुंचे, लेकिन पोल खुलने के डर से पशुपालकों ने गेट नहीं खोला और मीडिया कर्मियों से अभद्रता करने लगे। बताते चले कि गौशालाओं की स्थिति काफी दयनीय है। पशु बीमार है, उनका समुचित इलाज नहीं हो पा रहा है। अधिकारियों के आदेश का पशु चिकित्साधिकारी पालन नहीं कर रहे है। इसके साथ ही साथ पशुओं को समय पर चारा और पानी नहीं मिल पा रहा है। जिससे पशु बीमार होकर दम तोड़ रहे है। जब इस बाबत बीडीओ सुनील श्रीवास्तव से बात करनी चाही तो उनका फोन नहीं लगा।

▸ सूचना पर पहुंचे मीडिया कर्मियों को नहीं घुसने दिया अंदर

महिला की हालत बिगड़ी, मौत

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। महिला की हालत बिगड़ने पर उसकी मौत हो गयी। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गढ़ी इज्जत खां निवासी शकीला पत्नी अतीउर्रहमान की हालत बिगड़ने पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लेकर पहुंचे। जहां से डाक्टर ने लोहिया रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल में मौत हो गयी।

कल निकलेगी सतगुरु कबीर जयंती पर भव्य शोभा यात्रा

उरई (जालौन)। सतगुरु कबीर जयंती पर नगर में निकलेगी भव्य शोभायात्रा। यह बात प्रमोद वर्मा उसरगांव ने पत्रकारों से रूबरू होकर बताया कि कल दिनांक 22 जून दिन शनिवार को जनपद के समस्त कोरी समाज के बंधुओं एवं सभी बहुजन अनुयायियों द्वारा कबीर चौराहा राठ रोड पुल के नीचे (मंगलम गेस्ट हाउस के सामने) से सुबह 7.30 बजे विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें डीजे, बगघी, झांकियां एवं चार पहिया दो पहिया वाहनों के साथ सैकड़ो की संख्या में पैदल लोग प्रतिभाग करेंगे। शोभा यात्रा कबीर चौराहे से होकर घंटाघर शहीद भगत सिंह चौराहा, अंबेडकर चौराहा, बंबी रोड होते हुए कबीर कुटिया (कोरी कुटिया), टाउन हॉल, स्टेशन रोड होते हुए पुनः कबीर चौराहा पहुंचेगी जहां पर साधु संतों द्वारा कबीर बीजक, भजन कीर्तन,नाटक मंचन उपरांत प्रसाद वितरण किया जाएगा अतः सभी अनुयायियों एवं बहुजन मिशनरी साथियों से निवेदन के साथ अपील है की कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनायें।

निर्माणाधीन मकान का ताला तोड़कर चोर चुरा ले गये सामान

जालौन (उरई)। निर्माणाधीन मकान के गेट का ताला तोड़कर अज्ञात चोर अंदर घुस आए। आवाज सुनकर आसपास के लोगों के जागने पर चोर भाग गए। पीड़ित गृहस्वामी ने चोरों द्वारा ताला चटकाने की सूचना कोतवाली में दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बापूसहाव निवासी अखिलेश कुमार ने पुलिस को बताया कि उनका एक मकान आवास विकास कॉलोनी में निर्माणाधीन है। बुधवार की रात वह निर्माणाधीन आवास में ताला डालकर अपने पुराने मकान पर चले गए। तभी मध्य रात्रि के करीब अज्ञात चोरों ने निर्माणाधीन मकान का ताला तोड़ दिया और ताला तोड़कर घर के अंदर घुस गए। चोरों की आहट सुनकर आसपास के लोग जाग गए और उन्होंने आवाज लगाई। आवाज सुनकर चोर वहां से भाग निकले। पड़ोसियों की सूचना पर जब वह मकान पर पहुंचे तो ताला टूटा पड़ा था। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पीड़ित ग्रहस्वामी की सूचना पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कैंसर रोगी की मदद के लिए डा. प्रशांत आये आगे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। धरती का भगवान चिकित्सकों को कहा जाता है और कई चिकित्सक इस कहावत को सच भी करते हैं। ऐसा ही मामला जनपद फर्रुखाबाद का है। जनपद के चिकित्सक डा0 प्रशांत श्रीवास्तव व टीम असहाय सेवा फर्रुखाबाद के सहयोग से ब्लड कैंसर के रोगी मुकेश गुप्ता को अभी कुछ दिनों पहले सूचना मिली थी कुछ परेशानी हुई है। कैंसर रोगी मुकेश गुप्ता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके लिए टीम असहाय सेवा फर्रुखाबाद की अगुवाई में एक पहल चली। जिसमें डॉ0 प्रशांत श्रीवास्तव ने रोगी के इलाज का सारा खर्च व दवाईयों का भी पैसा अपने पास से दे दिया आगे भी दवाइयां देने का आश्वासन दिया है। उन्होंने मुकेश गुप्ता को शहर के एक हास्पीटल में भर्ती कराया। इससे पहले डा0 प्रशांत श्रीवास्तव लोगों की मदद कर चुके है। उन्होंने समाजसेवी राहुल वर्मा के साथ अस्पताल जाकर कैंसर पीड़ित मुकेश का हाल चाल लिया और उनके उपचार व पुर्नवास के बारे में डा0 से विचार विमर्श किया। इसको लेकर लोगों ने डाक्टर प्रशांत श्रीवास्तव की प्रशंसा की है।

कैंसर पीड़ित मुकेश

एफएसडीए ने सात प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर नमूने किये संग्रह

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

आम जन मानस को सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराये जाने एवं मिलावटी खाद्य व पेय पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम व खाद्य/पेय पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने के लिए एफएसडीए ने 7 प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर नमूने संग्रह किये। जिन्हे जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। सहायक आयुक्त खाद्य/अभिहीत अधिकारी सय्यद शाहनवाज हैदर आबिदी के निर्देशन में एवं मुख्य खाद्य सुरक्षाधिकारी आशुतोष राय के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षाधिकारी बिजेन्द्र कुमार, डा0 शैलेन्द्र रावत, अरुण कुमार मिश्र व आशीष कुमार ने नेहरु रोड स्थित अनूप कुमार गुप्ता पुत्र राधा किशन गुप्ता के प्रतिष्ठान मैदा का नमूना लिया। लोहाई रोड स्थित राजीव कुमार गुप्ता पुत्र रामदास गुप्ता के प्रतिष्ठान से दही का नमूना संग्रह किया। बजरिया जफर खां स्थित सोनू राजपूत पुत्र बबलू राजपूत के प्रतिष्ठान से कोल्डड्रिंक का नमूना लिया। फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन के निकट स्थित राजू पुत्र लाला के प्रतिष्ठान से सत्तू का नमूना संग्रह किया। रेलवे रोड स्थित दूध फेयरी विक्रेता वीर बहादुर पुत्र शिशुपाल सिंह भैंस के दूध का नमूना संग्रह किया। रेलवे रोड सिल्वर साइन के सामने दूध फेयरी विक्रेता शिवप्रसाद पुत्र मोहन लाल, उपेन्द्र पुत्र जहार सिंह के पास से मिश्रित दूध का नमूना लिया। छापेमारी के दौरान अन्य दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

जांच करती खाद्य सुरक्षा टीम समृद्धि न्यूज

जूम बैठक के द्वारा योग दिवस मनाने की बनी रणनीति

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

योग दिवस मनाने को लेकर जूम बैठक का आयोजन हुआ। भाजपा फतेहगढ़ मण्डल की जूम बैठक के मुख्य अतिथि मण्डल अध्यक्ष रामवीर सिंह ने आगामी कार्ययोजना पर प्रकाश डाला और बढ़-चढ़कर योग दिवस मनाने के लिए सभी मण्डल के पदाधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि योग से शारीरिक व मानसिक बीमारियां दूर होती है। इसलिए हम सबका दायित्व है कि योग करें और निरोग बने। रामवीर सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि अपने घर में व आसपास के लोगों को भी जागरुक करें और सुबह 5 बजे से योग कार्यक्रम में भाग लें और उनके फोटो व्हाट्सएप पर अपलोड करें। जिससे लोग जागरुक हो। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को पूरे विश्वभर में मनाया जा रहा है। जिसके लिए तैयारियां पूर्ण हो गयी है। जिलाधिकारी के निर्देशन में फतेहगढ़ स्टेडियम में योग दिवस आयोजित होगा। जिसमें जनपद के शिक्षक, कर्मचारी व राजनैतिक दलों के लोग प्रतिभाग करेंगे। योग दिवस को लेकर जूम बैठक का आयोजन हुआ। जूम बैठक में भाग लेने वाले महामंत्री शिवम दुबे, आशु राठौर, रानू दीक्षित, रजनीश मिश्रा, ऋषि राठौर, आशुतोष त्रिपाठी, सुनील गुप्ता, शिवराम सिंह भदोरिया व मीडिया प्रभारी राहुल राठौर मौजूद रहे।

Ramveer Singh chahuan
Rahul Rathore
Ashu Thakur
Connecting to audio
जूम बैठक में भाग लेते भाजपा नेता समृद्धि न्यूज

कालाबजारी में दो विताओं के अनुबंध पत्र निलंबित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

उचित दर विक्रेता द्वारा खाद्यान्न वितरण में अनिमितताये एवं कार्ड धारकों के साथ अभद्र व्यवहार करने के मामले में डीएम के अनुमोदन आदेश पर उचित दर की दुकान का अनुबंध पत्र निलंबित कर दिया। साथ ही उचित दर विक्रेता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया।

बीते 18 जून को नगर क्षेत्र के नवाबगंज मोहल्ला बरतर के उचित दर विक्रेता राकेश कुमार के विरुद्ध खाद्यान वितरण में अनियमितता और कार्ड धारकों से अभद्रता करने की शिकायत जिलाधिकारी को की गयी थी। डीएम के निर्देश पर जिला पूर्ति अधिकारी सुरेन्द्र यादव ने पूर्ति निरीक्षक कायमगंज के साथ मौके पर पहुंचकर उचित दर विक्रेता राकेश कुमार की दुकान का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्ड धारकों से कोटेदार द्वारा राशन में दो किलो प्रति कार्ड राशन कम देने के लिखित बयान दर्ज कराये गये। जिला पूर्ति की जांच आख्या के आधार पर डीएम ने उचित दर विक्रेता की अनुबंध पत्र निलंबित कर दिया।

वहीं विकास खंड नवाबगंज के ग्राम तुर्कललैया के उचित दर विक्रेता रामा देवी के विरुद्ध कालाबाजी की शिकायत की गई थी। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अनुबंध निलंबित कर दिया गया। कोटेदार से जबाव तलब किया गया था, लेकिन उसके बाद भी जबाव नहीं दिया। जिलाधिकारी के अनुमोदन आदेश के क्रम में कोटेदार रामादेवी का अनुबंध पत्र निरस्त कर प्रतिभूति धनराशि जब्त कर ली गयी। जिला पूर्ति अधिकारी ने समस्त उचित दर विक्रेताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि राशन कार्ड धारकों को नियमानुसार आवश्यक वस्तुओं का वितरण करें। खाद्यान्न वितरण में अनियमितता या संबंधित किसी प्रकार की शिकायत मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुई बैठक की जन सूचना अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जन सूचना अधिकार के तहत जयप्रकाश सिंह पुत्र स्व0 ओमप्रकाश सिंह निवासी शास्त्री नगर कमालगंज ने क्रीड़ाधिकारी को पत्र भेजकर जानकारी मांगी है। जिला खेल कार्यालय स्पोर्ट्स स्टेडियम फतेहगढ़ में 13 जून को किसके आदेश से जिला ओलंपिक संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक के समय जिला खेल कार्यालय में क्रीड़ाधिकारी या कार्यालय के बाबू उपलब्ध थे। जिला खेल कार्यालय में ओलंपिक संघ की बैठक किस शासनादेश में छायाप्रति उपलब्ध कराये एवं कौन से मानक के अनुसार बैठक का शुल्क जमा कराया गया। जमा शुल्क की रशीद छायाप्रति उपलब्ध करायी जाये। छायाप्रति का भुगतान शासन द्वारा निर्धारित दर प्रपत्र उपलब्ध होने की जानकारी दी जाये। मांग को लेकर जिला क्रीड़ाधिकारी को पत्र सौंपा। वहीं जिला क्रीड़ाधिकारी ने जन सूचनाधिकार पत्र को संज्ञान में लेते हुए जिला ओलंपिक संघ की बैठक के लिए सचिव अवनीन्द्र कुमार से जानकारी मांगी है। इस प्रकरण की जांच कराये जाने की मांग की गई है। बैठक के बाद ओलंपिक सचिव अवनीन्द्र कुमार द्वारा व्हाट्सएप ग्रुप पर जानकारी डाल दी जाती है। भेजे गये पत्र में जिलाधिकारी के माध्यम से जानकारी मांगी गई है और कार्यवाही की मांग की गई है। ओलंपिक सचिव अवनीन्द्र कुमार ने बताया कि 22 जून को होने वाले ओलंपिक दिवस को लेकर संबंधित अधिकारी न होने पर औनपचारी मंत्रणा की। जिसमें विभिन्न खेलों का आयोजन होना है। कार्यालय के संबंधित अधिकारी न होने पर कक्ष के बाहर औनपचारिक मंत्रणा कर ओलंपिक दिवस मनाने की बात हुई है। जिला क्रीड़ाधिकारी द्वारा दिये गये पत्र में ज्ञात हुआ है कि बैठक की अनुमति का कारण बताया जाये।

समस्याओं को लेकर भाकियू नेताओं ने की बैठक

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

भारतीय किसान यूनियन भानू की पंचायत प्रताप सिंह गंगवार की अध्यक्षता में कार्यालय मोहल्ला जवाहरगंज में सम्पन्न हुई। संचालन विजय शाक्य ने किया। पंचायत में सर्वसम्मति से कहा गया कि जो पदाधिकारी अपनी गाड़ियों पर हूटर लगाए हैं वह तत्काल हटा लें। न हटाने पर आप खुद जिम्मेदार होंगे। गाड़ियों में झंडी पट्टी लगी रहेगी। यदि शासन प्रशासन ने झंडी पट्टी हटाने की जुर्रत की तो जिले में बड़ा आंदोलन होगा।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी लायसेंस और सैंपल के नाम से अवैध वसूली करने में लगे हैं। मार्केट में मिलावटी वस्तुएं बिक रही हैं। सरकारी आंकड़े बताते हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की आय से अधिक संपत्ति की गणना कराई जाए। अवैध कमाई पर इन पर भी बुलडोजर की कार्यवाही की जाए। मंडी समिति कायमगंज में सचिव द्वारा अवैध दुकानदारों को मंडी में जगह देकर अवैध वसूली की जा रही है। जांच की जाए और सचिव को हटाया जाए। जनपद में बेसिक शिक्षाधिकारी की अवैध वसूली की वजह से कक्षा 1 से लेकर 5 तक गैर मान्यता के स्कूल चल रहे हैं। वहीं अवैध स्कूल संचालक जूनियर से लेकर इंटरमीडिएट तक की कक्षाएं चला रहे हैं, जिनके विरुद्ध कार्यवाही की मांग की। कस्बा में विद्युत व्यवस्था चरमरा गयी है। जनपद में दालों की कालाबाजारी, जमाखोरी की वजह से महंगाई बढ़ रही है। रिश्वतखोर अधिकारी धन उगाई में लगे रहते हैं। जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। वहीं आलू के थोक व्यापारी आलू को मंडी में नहीं बेच रहे हैं, जिसके चलते आलू 30 किलों बिक रहा है। कोल्ड से आलू की निकासी कराई जाए। अवैध भंडारण पर कार्यवाही की जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि एसडीएम कायमगंज 151, 107, 116 की जमानत पर खुलेआम रुपयों की वसूली कर रहे हैं। जिन्हे तत्काल हटाया जाये। मछरों का प्रकोप बढ़ रहा है, छिड़काव कराया जाये। स्वास्थ्य केंद्रों पर एमआरआई की व्यवस्था की जाये, आदि मांगे शामिल है। इस मौके पर रागिब हुसैन खां, मुन्नालाल सक्सेना, रामवीर, विनीत कुमार, प्रताप सिंह गंगवार, अनुज सक्सेना, विजय शाक्य, वीरेंद्र कुमार गुप्ता, रक्षपाल आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

आपका हार्दिक स्वागत करता है
भाकियू की बैठक में मौजूद पदाधिकारी समृद्धि न्यूज

संवेदनशीलता-समावेशिता हमारी संस्कृति : राष्ट्रपति

- देश की प्रगति को दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता से मापा जा सकता है

एजेंस, नई दिल्ली।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता को जरूरी बताते हुए गुरूवार को कहा कि किसी देश या समाज की प्रगति को उस देश या समाज के लोगों द्वारा दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता से मापा जा सकता है।

श्रीमती मुर्मु ने यहां पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शारीरिक दिव्यांगजन संस्थान का दौरा किया। उन्होंने दिव्यांग बच्चों और छात्रों के साथ समय बिताया तथा उनके द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी देखे। राष्ट्रपति ने संस्थान में पुनर्निर्मित सेंटरों का भी दौरा किया और रोगियों से बातचीत की। संस्थान में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि किसी देश या समाज की प्रगति को उस देश या समाज के लोगों द्वारा दिव्यांगजनों के प्रति दिखाई गई संवेदनशीलता से मापा जा सकता है। उन्होंने कहा कि संवेदनशीलता और समावेशिता हमारी संस्कृति और सभ्यता का अभिन्न अंग रहे हैं।

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि जब प्रयास दिव्यांगजनों की जरूरतों के प्रति संवेदनशील और समावेशी हों तो कोई भी शारीरिक स्थिति सामान्य जीवन जीने में बाधा नहीं बन सकती। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त कि दिव्यांगजन अपने कौशल और प्रतिभा से हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रहे हैं। उन्होंने दीपा मलिक, अरुणिमा सिन्हा और अवनी लेखरा जैसी खिलाड़ियों और के.एस. राजन्ना जैसे सामाजिक कार्यकर्ताओं का उदाहरण दिया और कहा कि ऐसे सभी लोग इस बात की मिसाल हैं कि समर्पण व दृढ़ संकल्प के साथ कोई भी व्यक्ति हर तरह की शारीरिक बाधाओं को पार कर सकता है। राष्ट्रपति ने संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि यह पिछले कई दशकों से दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए काम कर रहा है। उन्होंने दिव्यांगजनों के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में काम करने के लिए संस्थान से जुड़े सभी लोगों की प्रशंसा की।

धनखड़ ने दी राष्ट्रपति को जन्मदिन की शुभकामनाएं

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी और उनकी दीर्घायु की कामना की। श्री धनखड़ अपनी पत्नी डॉक्टर सुदेश धनखड़ के साथ सुबह राष्ट्रपति भवन पहुंचे और श्रीमती मुर्मु से भेंट की। श्री धनखड़ ने श्रीमती मुर्मू को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सार्वजनिक जीवन में राष्ट्रपति का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।
श्री धनखड़ ने राष्ट्रपति की प्रसन्न स्वस्थ और दीर्घायु की कामना की।

बिहार में उच्च न्यायालय ने आरक्षण का दायरा बढ़ाने वाले कानून को किया रद्द

एजेंसी, पटना।

पटना उच्च न्यायालय ने बिहार में दलितोंए आदिवासियों, पिछड़ों और अति पिछड़ों के लिए आरक्षण का दायरा बढ़ाने संबंधी कानून को रद्द कर दिया है।

उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति हरीश कुमार की खंडपीठ ने गौरव कुमार और अन्य की ओर से दायर याचिका पर गुरुवार को फैसला सुनाते हुए शिक्षण संस्थानों और सरकारी नौकरियों में एससी.एसटीए ईबीसी और अन्य पिछड़े वर्गों को 65 फीसदी आरक्षण देने के नीतीश सरकार के फैसले को रद्द कर दिया। इस मामले पर लंबी सुनवाई के बाद 11 मार्च को मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति हरीश कुमार की खंडपीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। गौरतलब है कि जाति आधारित सर्वे रिपोर्ट आने के बाद नीतीश सरकार ने आरक्षण का दायरा बढ़ाने का फैसला लिया । इसके बाद बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान 09 नवंबर 2023 को बिहार आरक्षण संशोधन विधेयक 2023 पेश किया गया और दोनों सदन में विधेयक सर्वसम्मति से पारित हो गया। इसके तहत दलित, आदिवासी, ओबीसी और ईबीसी के आरक्षण का दायरा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दिया गया । आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों (सवर्ण) को मिलने वाले 10 प्रतिशत आरक्षण को मिलाकर बिहार में नौकरी और शिक्षण संस्थानों में दाखिले का आरक्षण बढ़कर 75 प्रतिशत पर पहुंच गया ।

पेपरलीक खतरनाक बीमारी : राहुल

एजेंसी, नई दिल्ली।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा (नीट) के पेपर लीक से लाखों बच्चों का भविष्य चौपट हो गया है और इस अपराध के दोषियों को तत्काल पकड़ कर उन्हें सख्त सजा दिए जाने की जरूरत है। श्री गांधी ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पेपरलीक खतरनाक बीमारी है और इसकी प्रयोगशाला सबसे पहले गुजरात ही रही है फिर यह मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश तक व्यापक रूप से फैली है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जिसे गुजरात मॉडल कहती है उसको लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बताना चाहिए कि क्या यही उनका गुजरात मॉडल है जो पेपरलीक जैसी बीमारी फैलाकर देश के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि देश में भाजपा सरकार के कारण शैक्षणिक, राष्ट्रीय तथा संस्थागत संकट चल रहा है। यह सारे संकट भाजपा की नीतियों के कारण पैदा हुए हैं। मध्य प्रदेश में व्यापम घोटाला हुआ है और अब भाजपा सरकार इस व्यापम को पूरे देश में फैला रही है। उनका कहना था कि यह बीमारी तब तक फैलती रहेगी जब तक विचारधारा विशेष के लोगों को संस्थानों में बिठाया जाएगा। इस विचारधारा के लोगों की मौजूदी जब तक संस्थानों में रहेगी तब तक पेपर लीक जैसे संकट से छुटकारा नहीं मिलेगा। श्री गांधी ने प्रधानमंत्री पर पेपरलीक नहीं रोक पाने को लेकर तंज करते हुए कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान हजारों छात्रों ने पेपर लीक की शिकायत की थी। अब देश में नीट और यूजीसी-नेट के पेपर लीक हुए हैं। दावा किया जाता है कि श्री मोदी युद्ध रुकवा देते हैं लेकिन वह पेपर लीक नहीं रुकवा पा रहे हैं या फिर वह पेपर लीक रोकना नहीं चाहते।

असुरक्षित कर्ज पर कार्रवाई नहीं होने से बड़ी समस्या आ सकती है : दास

एजेंसी, मुंबई।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने गुरुवार को कहा कि असुरक्षित कर्ज पर कार्रवाई नहीं करने से बड़ी समस्या पैदा हो सकती है लेकिन आरबीआई की कार्रवाई से इस तरह के कर्ज में बढ़ोतरी धीमी हुयी है।

श्री दास ने यहां कॉलेज ऑफ सुपरवाइजर्स द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर कहा कि असुरक्षित ऋण पर प्रतिबंध इस दृष्टिकोण का परिणाम है कि असुरक्षित कर्ज में वृद्धि के कारण इस बाजार में संभावित समस्या हो सकती है। मानकों में ढील, उचित मूल्यांकन का अभाव और कुछ ऋणदाताओं के बीच असुरक्षित ऋण को बढ़ावा देने के दौड़ में शामिल होने की मानसिकता के 'स्पष्ट सबूत' मिल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमने सोचा कि अगर इन कमज़ोरियों पर ध्यान नहीं दिया गया तो ये एक बड़ी समस्या बन सकती हैं। इसलिए पहले से ही कार्रवाई करने और ऋण वृद्धि को धीमा करने के उपाय किये गये हैं जिसका वांछित असर दिख रहा है क्योंकि असुरक्षित ऋण में वृद्धि वास्तव में धीमी हो गई है।

उन्होंने कहा कि क्रेडिट कार्ड सेगमेंट में वृद्धि आरबीआई की कार्रवाई से पहले के 30 प्रतिशत से घटकर अब 23 प्रतिशत पर आ गयी है, जबकि गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को बैंक ऋण देने की वृद्धि पहले के 29 प्रतिशत से घटकर अब 18 प्रतिशत हो गई है।

उन्होंने कहा कि भारत का घरेलू वित्तीय तंत्र अब कोविड संकट के दौर में प्रवेश करने से पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत स्थिति में है। भारतीय वित्तीय तंत्र अब बहुत मजबूत स्थिति में है, जिसकी विशेषता मजबूत पूंजी पर्याप्तता, गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) का निम्न स्तर पर आना भी है।

- भारत का घरेलू वित्तीय तंत्र अब कोविड संकट के दौर में प्रवेश करने से पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत स्थिति में

योग प्रकृति और व्यक्ति को एक करता है : गुटेरेस

एजेंसी, नई दिल्ली।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गुरुवार को कहा कि योग संतुलन, सजगता और शांति के अपने मूल्यों से व्यक्ति और प्रकृति दोनों को एक करता है।

श्री गुटेरेस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की आज पूर्व संध्या पर यहां जारी एक संदेश में कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस योग की चिकित्सा पद्धति, आंतरिक शांति तथा शारीरिक, आध्यात्मिक और मानसिक कल्याण प्रदान करने की अद्वितीय शक्ति को मान्यता देता है।

योग का मूल भारत में है लेकिन अब विश्व भर में सभी धर्मों और संस्कृतियों के लोगों द्वारा अपनाया जा रहा योग, संतुलन, सजगता और शांति के अपने मूल्यों के माध्यम से व्यक्ति और प्रकृति दोनों को एक करता है।

श्री गुटेरेस ने कहा कि इस वर्ष का विषय -'स्वयं और समाज के लिए योग' - हमें लोगों के जीवन और व्यापक समुदाय को बेहतर बनाने में योग की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाता है। इस महत्वपूर्ण दिवस पर, आइए हम सभी योग के शाश्वत मूल्यों तथा अधिक शांतिपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण भविष्य के लिए इसके आह्वान से प्रेरणा ग्रहण करें।

- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस योग की चिकित्सा पद्धति, आंतरिक शांति तथा शारीरिक, आध्यात्मिक और मानसिक कल्याण प्रदान करने की अद्वितीय शक्ति को मान्यता देता है

आज भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आयेंगी शेख हसीना

एजेंसी, नई दिल्ली।

बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत की दो दिवसीय यात्रा पर शुक्रवार को यहां आ रहीं हैं। विदेश मंत्रालय ने आज यहां एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर, बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना 21-22 जून को भारत की राजकीय यात्रा करेंगी। भारत में 18वीं लोकसभा चुनाव के बाद केन्द्र में नयी सरकार बनने के बाद यह पहली द्विपक्षीय राजकीय यात्रा होगी। विज्ञप्ति के अनुसार यात्रा के दौरान श्रीमती हसीना प्रधानमंत्री श्री मोदी के साथ द्विपक्षीय परामर्श करने के अलावा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात करने का कार्यक्रम है। इससे पहले विदेश मंत्री एस. जयशंकर मेहमान प्रधानमंत्री से मुलाकात करेंगे।
बंगलादेशी प्रधानमंत्री उन अंतरराष्ट्रीय नेताओं में से थीं, जिन्होंने इसी माह 09 जून को नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री मोदी और केंद्रीय मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया था।

पंजाब के तरनतारन में ड्रोन बरामद

एजेंसी, जालंधर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पंजाब पुलिस ने संयुक्त रूप से पंजाब के जिला तरनतारन में एक चीन निर्मित ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि गुरुवार सुबह बीएसएफ खुफिया इकाई द्वारा तरनतारन जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में ड्रोन की मौजूदगी के बारे में दी गयी सूचना के आधार पर, बीएसएफ के जवानों ने संदिग्ध क्षेत्र में पंजाब पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान, जिले के गांव मस्तगढ़ से सुबह लगभग नौ बजे, जवानों ने एक ड्रोन बरामद किया। बरामद ड्रोन की पहचान चीन निर्मित डीजेआई मैट्रिस 300 आरटीके के रूप में की गयी है।

सिक्किम : फंसे 1,447 पर्यटकों की वापसी के साथ निकासी अभियान समाप्त

एजेंसी, गंगटोक।

सिक्किम के लाचुंग में खराब मौसम की वजह से 12 जून से फंसे पर्यटकों के आखिरी जत्थे को सफलतापूर्वक निकाल लिया गया है।

अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न हिस्सों से लाचुंग पहुंचे कुल 1,447 पर्यटकों को तीन दिनों के अंतराल के बाद बुधवार शाम तक निकाल लिया गया है। वे 12 जून से बारिश और भूस्खलन के बाद ऊपरी क्षेत्र में फंस गए थे। यह अभियान भारतीय सेना, सीमा सड़क संगठन , सिक्किम पुलिस, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन मोचन, डीएमजी, स्थानीय लोगों और पर्यटन उद्योग के अन्य हितधारकों द्वारा संयुक्त रूप से चलाया गया। सूर्यास्त से पहले चुंगथांग से तुंग-मंगन के रास्ते सड़क मार्ग से तीन गंभीर रूप से बीमार मरीजों सहित कुल 158 पर्यटकों को सुरक्षित निकाला गया। मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया है कि चुंगथांग और मंगन के उत्तरी क्षेत्रों से फंसे पर्यटकों को निकालने के तीसरे और अंतिम दिन बुधवार को 158 पर्यटकों को सुरक्षित बचा लिया गया। जिला मजिस्ट्रेट हेम कुमार छेत्री के निर्देश पर, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट मंगन विशु लामा, एसपी मंगन सोनम देचू भूटिया, बीडीओ मंगन कैलाश थापा के साथ-साथ सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ बीआरओ, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, स्थानीय पंचायतों और स्वयंसेवकों ने पर्यटकों को सुरक्षित और सावधानी से स्लाइड पार करने में मदद करने के लिए अपने प्रयास और समन्वय जारी रखा।

अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने भारत में चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता की सराहना की

एजेंसी, नई दिल्ली। अमेरिकी कांग्रेस की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष माइकल मैककॉल के नेतृत्व में भारत की यात्रा आये सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने देश में लोकतांत्रिक चुनावी प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता की सराहना की है। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने गुरूवार को यहां प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों में नैन्सी पेलोसी, ग्रेगरी मीक्स, मारियानेट मिलर-मीक्स, निकोल मल्लियोटाकिस, अमेरीश बाबूलाल 'अमी बेरा' और जिम मैकगवर्न शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल ने लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए चुने जाने पर प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी। उन्होंने भारत में हाल ही में संपन्न दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक चुनावी प्रक्रिया के पैमाने, निष्पक्षता और पारदर्शिता की सराहना की। प्रतिनिधिमंडल ने भारत-अमेरिका संबंधों को महत्वपूर्ण बताते हुए व्यापार, नई और उभरती प्रौद्योगिकी, रक्षा, लोगों के बीच आदान-प्रदान सहित सभी क्षेत्रों में व्यापक रणनीतिक वैश्विक साझेदारी को और प्रगाढ बनाने के लिए समर्थन व्यक्त किया।

दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना

2.35 लाख से ज्यादा युवा प्रशिक्षित

- ग्रामीण युवाओं का भविष्य सुधारने के लिए यूपी में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना का सफलपूर्वक किया जा रहा संचालन
- योगी सरकार योजना के तहत ग्रामीण युवाओं की क्षमता को पहचानकर उन्हें उनकी रुचि के आधार पर रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रही
- बीपीएल सूची में शामिल परिवारों के 15-35 आयुवर्ग के सदस्यों, 15-45 वर्ष की महिलाओं, मनरेगा श्रमिकों, बेरोजगारों, अल्प शिक्षित या स्कूल ड्रॉपआउट को लक्षित कर रही योजना

1.25 लाख को मिला रोजगार

समृद्धि न्यूज।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत योगी सरकार ग्रामीण युवाओं की क्षमता को पहचानकर उन्हें उनकी रुचि के आधार पर रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। इस योजना के तहत अब तक 2,35,334 ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है और 1,25,822 युवाओं को सेवायोजित किया गया है। यह योजना विशेष रूप से बीपीएल सूची में शामिल परिवारों के 15-35 आयुवर्ग के सदस्यों (महिलाओं के लिए 15-45 वर्ष), मनरेगा के श्रमिकों, बेरोजगारों, अल्प शिक्षित अथवा स्कूल ड्रॉपआउट को लक्ष्य बनाती है। उल्लेखनीय है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 98वें जन्मदिवस के अवसर पर भारत सरकार ने दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना का शुभारंभ किया था। इस योजना का उद्देश्य गरीब ग्रामीण युवाओं को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ना है। उत्तर प्रदेश में यह योजना उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित की जा रही है। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि इस योजना के तहत, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ग्रामीण युवाओं की क्षमता को पहचानकर उन्हें उनकी रुचि के आधार पर रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। युवाओं को आधुनिक कक्षाओं और लैब में प्रशिक्षण के साथ-साथ निःशुल्क आवास, भोजन, प्रशिक्षण सामग्री, यूनिफॉर्म आदि की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। विभिन्न विषयों जैसे अपैरल, ऑटोमोटिव, ब्यूटी एंड वेलनेस, कैपिटल गुड्स, कंस्ट्रक्शन, डॉमेस्टिक वर्क्स, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर, फूड प्रॉसेसिंग, ग्रीन जॉब्स, लेदर, आईटी-आईटीईएस, लॉजिस्टिक्स, पावर, रिटेल, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट, टेलीकॉम, टेक्सटाइल, टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी आदि के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल्स भी सिखाई जा रही हैं।

एमएसपी बढ़ने से बाजार गुलजार

- ज़बरदस्त लिवाली की बदौलत बीएसई के 13 समूहों में तेजी का रुख रहा
- विश्व बाजार का रुख रहा सकारात्मक

एजेंसी, मुंबई।



विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर धान समेत चौदह खरीफ फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने के सरकार के फैसले से उत्साहित निवेशकों की कमोडिटीज, ऊर्जा, धातु और रियल्टी समेत तेरह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार गुलजार रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक 141.34 अंक की तेजी के साथ 77,478.93 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 51.00 अंक मजबूत होकर 23,567.00 अंक पर पहुंच गया। दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.55 प्रतिशत चढ़कर 46,086.53 अंक और स्मॉलकैप 1.00 प्रतिशत उछलकर 51,906.49 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान बीएसई में कुल 3981 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2282 में तेजी जबकि 1571 में गिरावट रही वहीं 128 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 28 कंपनियों के शेयर लाभ में जबकि 21 के नुकसान में रहे वहीं एक में टिकाव रहा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में फसल सत्र 2024-25 के लिए धान, रागी, बाजरा, ज्वार, मक्का और कपास समेत चौदह खरीफ फसलों की एमएसपी बढ़ा दी है। धान की एमएसपी को 117 रुपये बढ़कर 2300 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। इससे हुई ज़बरदस्त लिवाली की बदौलत बीएसई के 13 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 1.88, ऊर्जा 0.90, वित्तीय सेवाएं 0.46, इंडस्ट्रियल्स 0.50, बैंकिंग 0.61, धातु 1.87, तेल एवं गैस 0.81, रियल्टी 1.97 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.42 प्रतिशत मजबूत रहे। विश्व बाजार का रुख सकारात्मक रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.18, जर्मनी का डैक्स 0.66, जापान का निक्केई 0.16 और हांगकांग का हैंगसेंग चढ़ गया जबकि चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.42 प्रतिशत की गिरावट रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 217 अंक की तेजी के साथ 77,554.83 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद 77,100.36 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर बाद 77,643.09 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 77,337.59 अंक की तुलना में 0.18 प्रतिशत बढ़कर 77,478.93 अंक हो गया।

इसी तरह निफ्टी 70 अंक उठकर 23,586.15 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 23,442.60 अंक के निचले जबकि 23,624.00 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा।

अंत में पिछले सत्र के 23,516.00 अंक के मुकाबले 0.22 प्रतिशत की बढ़त लेकर 23,567.00 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की लाभ में रही प्रमुख कंपनियों में जेएसडब्ल्यू स्टील 1.67, टाटा स्टील 1.28, आईसीआईआई बैंक 1.05, रिलायंस 1.00, कोटक बैंक 0.96, एक्सिस बैंक 0.95, एशियन पेंट 0.88, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.85, टेक महिंद्रा 0.79, एचडीएफसी बैंक 0.66, नेस्ले इंडिया 0.51, इंफ़ोसिस 0.26, एलटी 0.19, टाटा मोटर्स 0.07 और एचसीएल टेक 0.07 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, सन फार्मा 2.24, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.10, एनटीपीसी 1.26, एसबीआई 1.03, विप्रो 1.03, पावरग्रिड 0.90, भारती एयरटेल 0.86, टाइटन 0.81, मारुति 0.75, बजाज फिन सर्व 0.55, टीसीएस 0.38, अल्ट्रासिमको 0.36, बजाज फाइनेंस 0.35, आईटीसी 0.08 और इंडसइंड बैंक के शेयर 0.03 प्रतिशत की गिरावट पर रहे।

मेदांता लखनऊ में सफलतापूर्वक 50वां लिवर ट्रांसप्लांट

समृद्धि न्यूज।



- मरीजों लिवर ट्रांसप्लांट के लिए राज्य से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं
- लखनऊ के मेदांता में ही अत्याधुनिक लिवर प्रत्यारोपण की सुविधाएं उपलब्ध

लखनऊ। लखनऊ के मेदांता में हाल ही में 50वीं लिवर ट्रांसप्लांट सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की गई है। यह मध्य/पूर्वी उत्तर प्रदेश में किसी एक हॉस्पिटल द्वारा किए गए सबसे अधिक लिवर ट्रांसप्लांट हैं। डॉ. ए.एस. सोइन, चेयरमैन और चीफ लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन ने कहा कि यह क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और स्थानीय मरीजों के लिए एक बड़ी राहत है क्योंकि अब उन्हें लिवर ट्रांसप्लांट के लिए राज्य से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है। लखनऊ के मेदांता में ही अत्याधुनिक लिवर प्रत्यारोपण की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

यह ट्रांसप्लांट 3 साल के बच्चों से लेकर 61 साल के बुजुर्गों तक में किए गए, जिनमें मध्य/पूर्वी उत्तर प्रदेश में लिवर ट्रांसप्लांट कराने वाले सबसे छोटे और सबसे बुजुर्ग मरीज हैं। अधिकांश मरीज (17) लखनऊ से थे, इसके बाद प्रयागराज (8) और बाकी वाराणसी, गोरखपुर, फैजाबाद, कानपुर, उन्नाव, मथुरा आदि से थे, जो पूरे मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश को कवर करते हैं। यमन से आया हुआ एक 31 वर्षीय पुरुष मरीज का भी लखनऊ के मेदांता में आपातकालीन जीवन रक्षक ट्रांसप्लांट किया गया, वह इस क्षेत्र में सफल लिवर ट्रांसप्लांट कराने वाला पहला अंतरराष्ट्रीय मरीज है। डॉ. प्रशांत भंगुई, एसोसिएट डायरेक्टर, लिवर ट्रांसप्लांट सर्जरी, मेदांता लखनऊ ने बताया कि यमन से आए मरीज का भाई सऊदी अरब से अपने भाई के लिए लिवर दान करने आया था। दोनों भाई एक महीने के भीतर ही स्वस्थ होकर वापस लौट गए। यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश में मेडिकल टूरिज्म के द्वार खोलती है।

शराब सेवन के कारण 34 फीसदी रोगियों में लिवर खराब होने का मुख्य कारण शराब का सेवन पाया गया है। इसके बाद 22 फीसदी रोगियों में एमएएसएच (फैटी लिवर और इसकी जटिलताएं) थी। डॉ. विवेक गुप्ता, सीनियर कंसल्टेंट और लीवर प्रत्यारोपण सर्जन, मेदांता लखनऊ ने कहा कि 2050 तक फैटी लिवर और डायबिटीज लिवर की क्षति का सबसे बड़ा कारण बनने की संभावना है। जीवनशैली में बदलाव और मधुमेह प्रबंधन से ऐसे मरीजों में लीवर की क्षति को रोका जा सकता है।